डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 17 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-269, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार घोषित...

**संसेक्स** 80,716.55 ▲ +51.69

**डॉलर** 83.573 ▲ -0.013

**पलामू सर्राफा**

10 ग्राम 73,950

01 किलो 92,980

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत कई जख्मी, पिकअप वैन फूंकी

■ पुलिस पर किया हमला, लाठी चार्ज छोड़े गए आंसू गैस के गोले

■ आग बुझाने पहुंची दमकल टीम ग्रामीणों की भीड़ को देख जान बचाकर भागे

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिला मुख्यालय में स्कूली बच्चों से भरे ऑटो को एक पिकअप वैन ने टक्कर मार दी। हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात-आठ बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने पिकअप वैन में आग लगा दी।

लोगों ने मौके पर पहुंचे रंका के डीएसपी, गढ़वा के बीडीओ और पुलिस टीम पर हमला कर दिया। कई वाहनों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। लोगों को समझाने की कोशिश विफल होने पर पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए लाठी चार्ज भी किया है। यह हादसा मंगलवार दोपहर गढ़वा के बाइपास रोड पर उस वक्त हुआ, जब शहर के सहीजना मोहल्ले में स्थित आरएन. टैगोर स्कूल में छुट्टी के बाद ऑटो बच्चों को लेकर उनके घर पहुंचाने जाटा गांव जा रहा था। इसी दौरान दूसरी दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वैन ने ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया। ऑटो पर 12 बच्चे सवार थे। ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्चों को ऑटो से निकालकर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा, जहां दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य बच्चों को गंभीर चोटें आई है। अस्पताल में बच्चों के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद हैं। घटनास्थल पर भी बड़ी संख्या में लोग हैं। उन्होंने पिकअप वैन की आग बुझाने पहुंची दमकल की गाड़ी पर ग्रामीणों का हमला, जान बचाकर लौटे कर्मी। गढ़वा बाइपास रोड अब भी निमाणार्धीन है, लेकिन इस पर गाड़ियों का आवागमन शुरू हो चुका है। हाल के दिनों में इस सड़क पर कई हादसे हुए हैं।





## दो घायलों को रिम्स भेजा गया

मृतक बच्चों में जाटा गांव निवासी दिनेश भुइयां के पुत्र सत्यम कुमार व हरिप्रसाद राम का पुत्र देवानंद कुमार का नाम शामिल है। जबकि इस घटना में घायल जाटा गांव निवासी संजीव साहू का पुत्र रंजन कुमार 8 वर्ष, कालीचरण मेहता का पुत्र दीपांकर मेहता 9 वर्ष, रामाश्रय राम का पुत्र दिव्या भारती 8 वर्ष व अंकुश भारती 6 वर्ष तथा टैंपू चालक महावीर राम का पुत्र उदय राम का नाम शामिल है। घायल बच्चों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है, जहां से दीपांकर मेहता व उदय राम की गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।

# नीट पेपर लीक मामले में झारखंड के हजारीबाग से एक और गिरफ्तारी

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने मंगलवार को हजारीबाग से एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजकुमार उर्फ राजू बताया गया है। इसके अलावा सीबीआई ने पटना से पंकज को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पंकज पर नीट का पेपर चोरी करने का आरोप है और राजू ने इसे आगे बढ़ाया था। सीबीआई टीम दो दिनों से हजारीबाग आना-जाना कर रही थी। सीबीआई की टीम ने सोमवार को हजारीबाग के रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस में छापेमारी की थी। इससे पहले राज गेस्ट हाउस के मालिक राजकुमार सिंह सिंह उर्फ राजू के कदमा स्थित आवास में छापेमारी की। सोमवार को टीम ने राजू को हिरासत में लेकर राज गेस्ट हाउस पहुंची। टीम ने उससे गेस्ट हाउस खोलने के लिए चाबी की मांग की, जब चाबी नहीं मिली तो टीम ने ताला तोड़ दिया। टीम ने गेस्ट हाउस को घंटों खंगाला, जहां से कई संदिग्ध दस्तावेज सीबीआई को हाथ लगे हैं। सीबीआई की टीम राजकुमार उर्फ राजू को अपने साथ पटना ले गई। सीबीआई की पांच सदस्य टीम एक इनोवा और एक-एक अर्टिगा कार से पहुंची थी। उनके साथ दो संदिग्ध भी थे, जिनको आमने-सामने बैठाकर गेस्ट हाउस में ही राजकुमार राजू के साथ पूछताछ की गई। गिरफ्तार लोगों की निशानदही पर छापेमारी की गई। बताया गया है कि हजारीबाग से गिरफ्तार हुए ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज आलम और पत्रकार जमालुद्दीन से उसके तार जुड़े हुए हैं। पिछले दो दिनों से हजारीबाग में सीबीआई की टीम बेहद गोपनीय ढंग से इस इस प्रकरण की जांच कर रही है। यह भी कहा जा रहा है कि कुछ छात्रों या अभिभावकों के गेस्ट हाउस में आकर रहने की सूचना सीबीआई को हाथ लगी है। इस आधार पर राजू से पूछताछ की जा रही है। इससे पहले आठ जुलाई को सीबीआई हजारीबाग में सक्रिय हुई थी। सीबीआई टीम ने ओएसिस स्कूल में पहले दस्तक दी थी। यहां टीम ने ओएसिस स्कूल में हाल के दिनों में हुए परीक्षा की जानकारी प्राप्त की थी। साथ ही उन परीक्षा में कौन-कौन से छात्र सम्मिलित हुए थे उनकी विस्तृत जानकारी और अटेंडेंस सेट अपने साथ ले गई। हजारीबाग नीट पेपर लीक मामले का मुख्य केंद्र बना हुआ है। सबूत के साथ तीन लोग, जिसमें इस स्कूल के प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और पत्रकार जमालुद्दीन को गिरफ्तार कर सीबीआई पटना ले गई थी। कुछ दिनों के बाद स्कूल के दो शिक्षकों को भी समन भेजकर पटना बुलाया था, जिन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। जांच के दौरान ब्लू डार्ट कोरियर के कर्मियों से भी पूछताछ की गई।

## एक नजर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के लिए दो जजों की नियुक्ति को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के लिए दो जजों की नियुक्ति को मंजूरी दी है। राष्ट्रपति ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह और मद्रास हाई कोर्ट के कार्यकारी चीफ जस्टिस आर महादेवन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त किया है। जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह मणिपुर से सुप्रीम कोर्ट के जज बनने वाले पहले व्यक्ति होंगे। 11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इन दोनों की सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर नियुक्ति की सिफारिश केंद्र को भेजी थी। सुप्रीम कोर्ट के जजों की कुल स्वीकृत संख्या 34 है। इन दोनों के शपथ लेने के बाद जजों के सभी पद भर जाएंगे।

### एसएसपी ने चार नये थाना प्रभारी को किया प्रतिनियुक्त

**रांची।** रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने चार नये थाना प्रभारी को प्रतिनियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार दिग्विजय सिंह को जगरनाथपुर, रूपेश कुमार सिंह को लालपुर, कृष्ण कुमार साहू को धुर्वा और सुनील कुमार कुशवाहा को हिंदपीढ़ी थाना का प्रभारी बनाया गया है। चारों पुलिस केंद्र रांची में पदस्थापित थे। इस संबंध में मंगलवार को एसएसपी कार्यालय से आदेश जारी कर दी गई है।

# झारखंड को मुस्लिमों का जमाई टोला नहीं बनने देंगे : हिमंता

○ आलमगीर आलम है घुसपैठियों के सरदार



**खूंटी।** असम के मुख्यमंत्री और विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के झारखंड सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने मंगलवार को तोरपा में भाजपा कार्यकर्ता सम्मान सह विजय संकल्प सभा में संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए और आदिवासी बहनों के शोषण का मामला प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सीधे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को निशाने पर लेते हुए उन्हें घुसपैठियों का सरदार बताया। उन्होंने कहा कि किसी आदिवासी के घर से नहीं, आलमगीर आलम के लोगों के घर से 35 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। कहा कि देश में ऐसा कानून बनना चाहिए, जिससे घुसपैठिए आदिवासियों की बेटियों से शादी न कर सकें। बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासी बेटियों से शादी कर उनकी जमीन हड़प रहे हैं और उन्हें आगे कर पंचायतों पर कब्जा कर रहे हैं। हम झारखंड को मुस्लिमों का जमाई टोला नहीं बनने देंगे। राज्य की हेमंत सरकार पर तीखा हमला करते हुए हिमंता विस्व सरमा ने कहा कि अपने पांच साल के कार्यकाल में राज्य सरकार अपना एक भी वादा पूरा नहीं कर सकी। हेमंत ने विधानसभा चुनाव के समय जो वादा किया, सब भूल गये। हेमंत सोरेन ने कहा था कि पांच लाख युवाओं को नौकरी देंगे लेकिन एक लाख को भी नौकरी नहीं मिली। अब दो महीने का समय है, आप अभी भी जो दे सकते हैं, झारखंड की जनता को दे दीजिये। कहा कांग्रेस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

आठ दिन में दूसरी बड़ी मुठभेड़

# सेना के कैप्टन सहित पांच जवान शहीद

○ सोमवार रात 9 बजे आतंकवादियों से साथ भारी गोलीबारी में पांच जवान हुए थे घायल

○ घायलों को अस्पताल लाया गया, जहां मंगलवार को उपचार के दौरान सभी ने दम तोड़ दिया

एजेंसी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में हाल के दिनों में आतंकी हमलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। सोमवार को जम्मू संभाग में पिछले आठ दिनों में दूसरी बड़ी मुठभेड़ हुई। डोडा के देसा वन क्षेत्र में मुठभेड़ में सोमवार देर रात घायल सेना के तीन जवान और एक अधिकारी ने मंगलवार को अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के एक जवान भी शहीद हो गए। मालूम हो कि आठ जुलाई को कठुआ मुठभेड़ में भी पांच जवानों का बलिदान हुआ था। दोनों ही मुठभेड़ में दहशतगर्द अब तक हाथ नहीं लगे हैं। दोनों ही हमलों की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन कश्मीर टाइगर्स ने ली है। सेना के शहीद जवानों की पहचान कैप्टन ब्रजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही ब्रिजेंद्र और सिपाही अजय के रूप में हुई है। शही पुलिसकर्मी की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख से की बात



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में सोमवार शाम से आतंकवादियों के साथ जारी मुठभेड़ में मंगलवार को एक पुलिसकर्मी, और सेना के एक अधिकारी समेत चार जवान शहीद हो गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज जवानों की शहादत पर शोक जताया और सेना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आज कल




# हम उनका सम्मान करें और वो राज्यों का सम्मान करें : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार शाम तीन दिवसीय दिल्ली दौरे के बाद रांची लौट आये। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यात्रा की जानकारी, यात्रा की खबर, यात्रा लाइव आप सबों ने देखा। उन्होंने कहा कि यह संघीय व्यवस्था का ढांचा है। केंद्र की सरकार वो (मोदी) चला रहे हैं। राज्य की सरकार हम चला रहे हैं। हम उनका सम्मान करें और वो राज्यों का सम्मान करें। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन अपने तीन दिवसीय दिल्ली दौरे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिले। इसके अतिरिक्त वे पत्नी संग बनारस गये, जहां उन्होंने काशी विश्वनाथ में पूजा-अर्चना की।



# बिहार : वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की धारदार हथियार से हत्या

**दरभंगा।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी है। मंगलवार की सुबह उनका क्षत-विक्षत शव दरभंगा के बिरौल स्थित उनके आवास से बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक जीतन सहनी की हत्या धारदार हथियार से वार कर की गई है। शव पर कई जख्म के निशान हैं। घर का सामान भी बिखरा पड़ा है। वीआईपी के नेताओं के मुताबिक, मुकेश सहनी फिलहाल मुंबई में थे और घटना की जानकारी मिलने के बाद वे वहां से निकल गए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। सब-डिविजनल पुलिस अधिकारी मनीष चंद्र चौधरी ने बताया कि सूचना मिली थी कि पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की घर में हत्या कर दी गई है। घटनास्थल का जायजा लिया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि कोई शख्स चोरी के इरादे से घर में घुसा था। पहले उसने जीतन सहनी को नुकसान पहुंचाया और उसके बाद हत्या कर दी। वीआईपी पिछले लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के साथ मैदान में उतरी थी। वीआईपी के हिस्से में तीन सीट आई थीं, हालांकि सभी सीटों पर उसके प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा था।

## इंडिया

# बढ़ते संसाधनों से बढ़ता आलस्य और रोग



सुनील बादल

भारत में जैसे जैसे प्रति व्यक्ति आय, आवागमन के साधन और घरेलू कार्यों के लिए उपकरण बढ़ते गए बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ गई, स्मार्ट फोन के अलावा नवीनतम सुविधायुक्त टीवी से लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का विषय बन गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध करने वाली संस्था लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की ताजा रिपोर्ट बताती है कि पचास प्रतिशत भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने से बीमारियां बढ़ रही हैं। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन से यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रही तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है।लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। चिंताजनक यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होते दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है।



भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले समय में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक स्थिति कैसी होगी। जिस देश की अधिकांश आबादी के सामने रोजी-रोटी की समस्या जटिल एवं अहम है, वहां के लोगों को जीवन चलाने के लिये शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहते हुए श्रम करना पड़ता है। इन स्थितियों में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी आबादी सुस्त एवं आलसी होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है।दुःखद यह भी है ऐसी स्थिति गांवों तक पहुंच रही है ।लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन-मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है।। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं-न-कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है, आनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी। लेकिन अब मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती है, कृषि की ही तरह अन्य श्रम से जुड़े कार्यों में भी मेहनत एवं श्रम पहले ही तुलना में कम करना पड़ता है क्योंकि धीरे-धीरे कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है।

# गिरिडीह पुलिस ने 25 लाख की इनामी नक्सली जया को भेजा जेल



**गिरिडीह।** एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रयाग दा उर्फ विवेक की गिरफ्तार पत्नी जया को मंगलवार को जेल भेज दिया गया। तीन दिनों पूर्व आईबी ने जया को उस वक्त गिरफ्तार किया था जब वह धनबाद के हॉस्पिटल में नाम बदलकर इलाज के लिए भर्ती थी। आईबी ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद गिरिडीह की मधुबन पुलिस जया को धनबाद से कस्डडी में मधुबन थाने ले आई। लम्बी पूछताछ के बाद उसे मंगलवार को जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार जया पर झारखंड में 25 लाख का इनाम घोषित था। मधुबन थाना पुलिस ने जया को थाना कांड संख्या 1/19 में गिरफ्तार किया। जया पर 17 सीएलए एक्ट का केस दर्ज है। इसके अलावा मधुबन और पीरटांड सहित कई अन्य थानों में नक्सली घटनाओं के केस दर्ज किए जाने की बात कही जा रही है। बताया गया कि मधुबन पुलिस पहले भी जया को इसी 17 सीएलए एक्ट में जेल भेज चुकी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में जया ने पति प्रयाग दा उर्फ विवेक दा से जुड़ी कई अहम जानकारियां दी है।

# मोहर्रम को लेकर विभिन्न प्रखंडो में प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मोहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसको लेकर मंगलवार की शाम हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, एलआरडीसी गोरांग महतो के नेतृव में फलैग मार्च निकला गया। इसकी शुरूआत हुसैनाबाद थाना परिसर से शूरू हुई, जो शहर के मधुशाला रोड, गांधी चौक, मोकबरा रोड, लम्बी गली, इस्लमगंज होते हुये मुख्य शहर व विभिन्न चौक चौराहा होते हुये हुसैनाबाद थाना परिसर पहुंचा। फ्लैग मार्च के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुहर्रम पर्व की विधि व्यवस्था की जानकारी ली, इसके साथ ही पर्व को सामाजिक समरसता के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में कायम रखने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। साथ ही असमाजिक तत्वों से हर हाल में उनसे निपटने की बात कही। प्रशासन माहौल बिगाड़ने वालों पर खुफिया नजर बना रखी है। साथ ही ड्रोन कैमरे से निगरानी रखने की बात कही है। इस मौके पर हुसैनाबाद थाना के प्रभारी संजय यादव, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार,एसआई मुन्ना यादव, एएसआई सुरेश पासवान समेत पुलिस के कई जवान शामिल थे।





**शांति व्यवस्था कायम रखे**

**पाटन।** नावाजयपुर थाना के विभिन्न गांव में मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस दल के साथ क्षेत्र के टुईया, बगैया, खजुरी, दुआमा, रुदीडीह, दीपउवा में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए फ्लैग मार्च के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस पर्व को लेकर पुलिस सतर्क है। सोशल मीडिया पर खास कर निगरानी रखी गई है। मुहर्रम जुलुस में काफी मात्रा में पुलिस बल तैनात रखे गए हैं।

**पांकी पुलिसकर्मियों ने निकाला फ्लैग मार्च**

**पांकी।** प्रखंड मुख्यालय में मुहर्रम त्योहार को लेकर पांकी पुलिस कर्मियों ने मंगलवार की शाम पुलिस प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च की शुरूआत पांकी थाना से की गई। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने कर्पूरी ठाकुर चौक होते हुए भगत सिंह चौक, अंबेडकर चौक व मुख्य बाजार होते हुए फ्लैग मार्च पुनः थाना परिसर में संपन्न हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मानने को लेकर लोगों से अपील की व आम आवाम से मोहर्रम पर्व में सहयोग करने की अपील की गई। फ्लैग मार्च में पांकी थाना प्रभारी उत्तम कुमार तिवारी, पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, नीलांबर-पीतांबरपुर एसडीपीओ मनोज कुमार झा, बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार,



हेरहंज थाना प्रभारी विक्रम कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

**शांति और सौहार्द माहौल में मोहर्रम मनाने को ले निकाला गया फ्लैग मार्च**

**नावाबाजार।** थाना क्षेत्र में शांति व आपसी सौहार्द के बीच मोहर्रम मनाने को लेकर पूर्व संध्या मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के द्वारा किया गया। जहां सशस्त्र पुलिस जवान सड़क व मुहल्लों व गलियों में भ्रमण कर शांति पूर्ण माहौल में त्योहार मनाने का संदेश दिया। थाना क्षेत्र के गणमान्य, बुद्धिजीवी, मुस्लिम धर्मावलंबियों से अपील किया कि 17 जुलाई को प्रखंड मुख्यालय में निकलने वाला मोहर्रम का जुलूस शांति व सौहार्द के साथ संपन्न करें।

**मोहर्रम के मद्देनजर छतरपुर पुलिस के ने निकाला फ्लैग मार्च**

**छतरपुर।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम के नेतृत्व में छतरपुर पुलिस के द्वारा निकाला फ्लैग मार्च। यह फ्लैग मार्च छतरपुर थाना परिसर से निकलकर सुनार मुहल्ला होते हुए खाटीन जामा मस्जिद से होकर छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में भ्रमण किया तथा लोगों से शांति एवं सौहार्द के साथ इस पर्व को मनाने का अपील किया। इस दौरान एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि इस पर्व को आपसी भाईचारगी के साथ मनाएं। सभी मिलकर शांति सौहार्द के साथ मिलजुल कर यह पर्व मनाएं। सामाजिक तत्वों के द्वारा फैलाए गए नफरतों से बचें और उसे सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर साझा करने से बचे। इस फ्लैग मार्च के पूर्व छतरपुर थाना परिसर में शांति समिति के बैठक में भी उपस्थित लोगों समक्ष मोहर्रम को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की बात कही गई थी। साथ ही शांति समिति के बैठक में वरीय पुलिस पदाधिकारी के द्वारा किसी को धार्मिक भावनाओं के ठेस पहुंचाने वाले पोस्ट को साझा नहीं करने की बात कही गई थी। इस दौरान वरीय पुलिस पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया था कि सोशल मीडिया की सभी प्लेटफार्म पर पुलिस की पैनी नजर है। इसका दुरुपयोग करने से बचे।

## न्यूज बॉक्स

### झांसा देकर लिखाई जमीन, केवाला रद्द करने की मांग

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भांवर गांव के भुलाईडीह टोला के एक विधवा देवसीया कुंवर (70) को झांसा देकर उसके ही गांव के कुछ लोगों ने उसकी जमीन रजिस्ट्री करा लिया है। महिला व उसके परिजनों को जब इस बात का पता चला तो उसने केवाला रद कराने के लिए सीओ को आवेदन दिया है। आवेदन से मिली जानकारी के अनुसार जून 2024 में गांव के अजय यादव, कईल यादव, सूर्यदेव यादव व ललन यादव उसे यह कहते हुए मेदिनीनगर ले गए की उसके पति का मृत्यु प्रमाण-पत्र व विधवा पेंशन करवा देंगे. झांसा में आई महिला को आरोपी रजिस्ट्री ऑफिस में ले गए और उसकी जमीन 89 डिसमिल लिखवा लिया. विदित हो कि भुगतभोगी महिला के तीन लड़के व चार लड़कियां हैं। अब उसे यह समझ में नहीं आ रहा है, कि झांसा में लेकर कराया गया केवाला कैसे रद्द होगा। इसके लिए कार्यालयों का चक्कर लगा रही है. साथ ही भुगतभोगी महिला के साथ ही उसके पुत्र कृष्ण यादव, कैलाश यादव और रामाशीष यादव आदि ने पलामू उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में पूछे जाने पर सीओ कुमार अरविंद बेदिया ने कहा कि उक्त महिला द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। फिलहाल दाखिल खारिज को रोक दिया गया है।

### विद्यालय में बाहर के बच्चों का नामांकन करें सुनिश्चित : रामचंद्र



**विश्रामपुर।** नगर परिषद स्थित जेबी उच्च विद्यालय के परिसर में स्कूल रुआर कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, विधायक प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, बीस सूत्री सदस्य इमामुल हक, शिक्षक भोला राय, बीआरपी मनोज पाठक आदि ने सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित ने कहा कि 5 वर्ष से 18 आयु वर्ग के सभी अनामांकित बच्चों का नामांकन के साथ ठहराव व इनका शत-प्रतिशत उपस्थिति विद्यालय में हो। इस पर अधिकारियों सहित सभी प्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा कि सभी बच्चों का नामांकन कराने व सभी शिक्षकों को अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छे से करने की जरूरत है। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने कहा कि यह कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेवारी प्रतिनिधियों के साथ-साथ शिक्षकों का होता है। वैसे बच्चे जो विद्यालय से बाहर हैं उन्हें विद्यालय में जोड़ने के लिए शिक्षक व प्रतिनिधियों को सामूहिक रूप से मिलकर कार्य करना होगा। वहीं बीआरपी मनोज पाठक के द्वारा इस कार्यक्रम की सफलता हेतु विद्यालय स्तर पर अगले 15 दिनों के लिए निर्धारित कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी गई। स्कूल रुआर कार्यक्रम में विद्यालय से बाहर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने की बात कही। इस कार्यशाला में विशेष रूप से विद्यालय से बाहर के बच्चों, प्रवासी परिवार के बच्चे, दिव्यांग बच्चे का आवश्यक रूप से विद्यालय में नामांकन लेने को लेकर शिक्षकों को निर्देश दिया गया। साथ हीं सभी शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, उपस्थित गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधियों से उक्त कार्यक्रम में अपना सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

### व्यवसायी पुत्र बना सीए, लोगों में हर्ष

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के अंकित कुमार ने सीए बनकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। जबकि उसकी बहन नेहा कुमारी ने नीट क्वालीफाई की है। दोनों मूल रूप से हुसैनाबाद शहर के कुर्मी टोला निवासी असर्फी प्रसाद व नीलम देवी के पुत्र- पुत्री हैं। असरफी प्रसाद एक छोटी सरस्वती पुस्तक भंडार के संचालक हैं। जबकि नीलम देवी गृहिणी हैं। उन्होंने बताया कि दोनों अपने कार्य के प्रति शुरू से ही लगनशील रहे हैं। इस सम्बंध में अंकित कुमार ने बताया कि ऑल ओवर इंडिया चाटर्ड अकाउंट परीक्षा उतीर्ण कर फिलवक्त फिनोलेक्स केबल्स लिमिटेड महाराष्ट्र पुणे स्थित विद्युत व दूरसंचार के समूह कंपनी में बतौर मुख्य चीफ ऑडिटर पद पर है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, दादा दादी, फुआ फूफा, बहन व गुरुओं को दी है। उसने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा शहर के श्री माँ बाल विकास विद्यालय से शुरू की। इस तैयारी में जुटे अन्य लोगों के लिये वह प्रेरणा बन गया है। अंकित ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिये लगातार मेहनत की जरूरत होती है। हम अपना गुरु स्वयं होते हैं। हमेशा मोटिवेट रहना आवश्यक है। अपने बच्चों की सफलता से माता पिता व परिजन खुशी व गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनकी सफलता पर शहर के लोगो ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में पूर्व नगर पंचायत के अध्यक्ष शशि कुमार,श्री माँ बाल विकास के प्राचार्य जितेन्द्र प्रसाद, आरएसएस दिनेश प्रसाद कश्यप, शशि कुमार, राज अली, छेदी खां, जनक पासवान, प्रदीप कांस्यकार,अजय प्रसाद गुप्ता, सचिन आनंद आदि का नाम शामिल है।

## एक नजर

### बिचौलियों से सावधान रहने की जरूरत : बीडीओ

**हैदरनगर।** मुख्यमंत्री बहन बेटी मई - कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना से संबंधित किसी भी प्रकार का आवेदन विभाग द्वारा अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। मिली सूचना और वायरल खबर पर बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने मंगलवार को पत्र जारी कर बताया है कि इस योजना के इच्छुक आवेदकों को बिचौलियों से पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है। बिचौलिए द्वारा इस योजना में आवेदन को भरवाने के लिए लाभुकों को प्रेरित कर भ्रमित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि ऐसे तत्वों की सूचना मिलने की प्रतीक्षा है। पुष्टि होते ही संबंधित बिचौलिए पर उक्त कार्य में अवैध धन ऊगाही से संबंधित कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा है कि यदि ऐसी कोई सूचना मिले तो आवेदक अपने पंचायत सचिव को साक्ष्य के साथ उक्त शिकायत कर सकते हैं। हैदरनगर प्रखंड के बरडंडा पंचायत के वार्ड सदस्यों ने उपमुखिया नसीम अहमद के विरुद्ध मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव लाया है। वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह वार्ड सदस्य निर्वाचन पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा के नाम प्रखंड सहायक को आवेदन देकर उपमुखिया को हटाकर नये उपमुखिया। का निर्वाचन करने की मांग की है।

## विश्वकर्मा समाज की बैठक में कई निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज, छतरपुर ने अपने राजनीतिक हक और अधिकारों की प्राप्ति के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता योगेंद्र विश्वकर्मा एवं संचालन संजय विश्वकर्मा ने किया। बैठक में समाज के विभिन्न हिस्सों से आए प्रबुद्ध एवं युवाओं ने भाग लिया। विश्वकर्मा समाज के लोगों ने राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने और अपने अधिकारों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। इस बैठक में विश्वकर्मा समाज ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि पंचायतवार कमेटी का गठन किया जाएगा। इन कमेटियों का उद्देश्य समाज के लोगों को राजनीतिक दृष्टि से जागरूक करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना होगा। इसके अलावा, यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के अधिकारों के लिए धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा, जिससे एकता और सामुहिकता का संदेश प्रसारित हो सके। बैठक में जिला महासचिव, लव विश्वकर्मा, संगठन मंत्री राम प्रसाद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष भगवान विश्वकर्मा आदि वक्ताओं ने कहा कि विश्वकर्मा समाज सोया नहीं है यह जागरूक है, राजनीतिक दलों को समझना होगा कि विश्वकर्मा समाज संगठित है। वहीं राजनीतिक क्षेत्र में समाज की भागीदारी बढ़ाने के लिए शिक्षा और जागरूकता आवश्यक बताया। वक्ताओं ने यह भी कहा कि पंचायतवार कमेटियां समाज के विभिन्न मुद्दों को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

### अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री से की हुसैनाबाद में व्यवहार न्यायालय स्थापना की मांग

## 33 वर्ष बाद भी नहीं मिला सरल, सुलभ, सस्ता न्याय का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** अनुमंडलीय अधिवक्ता संघ हुसैनाबाद ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर हुसैनाबाद अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय की स्थापना अविलंब कराने का मांग की है। जिसमें कहा है कि हुसैनाबाद अनुमंडल की स्थापना वर्ष 1991 में तत्कालीन विधायक दशरथ कुमार सिंह के कार्यकाल में कराई गई थी। किन्तु विडंबना तो यह है कि 33 वर्ष बीतने के बाद भी व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं हो सकी। जिससे इस क्षेत्र की स्थानीय जनता को सरल, सस्ता एवं सुलभ न्याय पाने से वंचित है। उन्होंने कहा है कि हुसैनाबाद अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं होने से जनता को छोटे-छोटे मामलों और घंटा- दो घंटा के कामों के लिए पूरे दिन बिताकर 80 किलोमीटर दूर मेदिनीनगर जाना आज भी विवशता बनी है। इससे समय के साथ मानसिक, शारीरिक, आर्थिक परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा है कि मेदिनीनगर में वैसे भी वादों की अधिक संख्या होने से मामलों के निष्पादन में भी काफी समय लगता है। हुसैनाबाद अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र की जनता को सरल, सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध कराना था। जो अब तक पूरा नहीं हो पाया है। अधिवक्ता संघ ने यह भी कहा है कि एकीकृत बिहार के समय वर्ष 1991 में हुसैनाबाद अनुमंडल की स्थापना के बाद रोहतास, औरंगाबाद और गया जिलों में अनुमंडल स्थापित किए गये और उनमें व्यवहार न्यायालय कार्यरत हैं। इसके बाद स्थापित झारखंड के नगर उटांरी अनुमंडल में भी सिविल कोर्ट का सफल संचालन हो रहा है। अधिवक्ता संघ ने इस संबध में पूर्व में भी कई बार पत्राचार के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है। किन्तु अब तक कोई ठोस पहल नहीं किया जाना इस क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामला को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाने की अपेक्षा की है।

## विकास को अंतिम पायदान पर ले जाने के लिए सभी पंचायत सचिवालय को करे क्रियाशील : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** निर्धारित तिथि और समयानुसार प्रखंड सभागार हैदरनगर में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक बीडीओ विश्व प्रताप मालवा की अध्यक्षता में की गई। जिसमें उपस्थित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी ने क्रमवार अपने विभाग की अद्यतन योजनाओं से सदन को अवगत कराया। अंचल कार्यालय द्वारा म्यूटेशन, जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र संबंधित कार्यों के अद्यतन प्रगति के साथ कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, बाल विकास परियोजना के साथ अबुआ आवास के अद्यतन प्रगति पर भी चर्चा की गई। उन्होंने



पंचायत प्रतिनिधियों, सभी विभाग के अधिकारी और कर्मियों के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्र के विकास कार्य में तेजी लाने पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। इसके लिए संबधित पंचायत में पंचायत सचिव, मुखिया एवं रोजगार सेवक की उपस्थिति सुनिश्चित करना होगा। जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण जनता की शिकायतों का निष्पादन पंचायत स्तर पर ही किया जा सके। किसी भी प्रकार की अन्य शिकायत के लिए निर्धारित समय पर कार्यालय में अपनी शिकायत को दर्ज करने का सुझाव दिया है। बैठक में 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह, श्याम बिहारी मेहता, दिलीप पाल, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया कमल कुमार पासवान, उप मुखिया पवन कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन के अलावा अंचल निरीक्षक, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, कनीय अभियंता, बीपीओ नरेंद्र कुमार सिंह सहित कई अन्य विभागों के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### मंत्री दीपिका से मिला वित्त रहित शिक्षकों का समूह

**हैदरनगर।** झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में झारखंड सरकार के मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह से मंगलवार को शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। शिक्षक प्रतिनिधि अरविन्द कुनार सिंह और मनीष कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें बुके एवं फूलमाला से स्वागत कर अपनी लंबे समय से जारी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने बताया है कि सूबे के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में विगत तीन दशक से अनवरत पठन पाठन कार्य में जुटे शिक्षकों को अब तक वेतनमान देने का सरकार ने निर्णय नहीं लिया है। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज में छात्रों की संख्या अनुरूप अनुदान की समुचित राशि भी नही जाती। उनकी बातों को सुनने के बाद मंत्री ने कहा कि उनकी समस्या कंठस्थ याद है। जिसमें कई बिंदुओं पर पहल के बाद काफी काम आगे बढ़ गये हैं। शीघ्र ही कैबिनेट में उनकी समस्या को जोरदार तरीके से रखने का भरोसा शिक्षक प्रतिनिधिमंडल को दिया।

### छोटी ताजिया के साथ मुहर्रम का जुलूस निकाला

## लाठी, तलवारबाजी और शस्त्र चालन का प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** मुहर्रम की नौवीं तिथि मंगलवार को परम्परागत तरीके से छोटी चौकी का जुलूस निकाला गया। इसमें सतगावा, सियारभुका, बंजारी, अररूआ खुर्द, मेन रोड, महाराजगंज सहित कई स्थानो के मुस्लिम धर्मावलम्बी छोटी ताजिए के साथ शामिल हुए. जुलूस मेन रोड, मेन बाजार, अररूआ खुर्द सहित अन्य स्थानो का भ्रमण किया। इस दौरान युवाओ ने जगह-जगह गोल लगाकर लाठी, तलवारबाजी आदि शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया। वहीं जुलूस में पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता, बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शेर अली सहित समाजसेवी इरफान शाहिद, मो. अतहर हुसैन, मोहम्मद असलम, मो. जमील अंसारी सहित कई नेता शामिल हुए. जुलूस को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस निरीक्षक सह थाना



प्रभारी चंदन कुमार, एसआई सतीश कुमार गुप्ता सशस्त्र बल के साथ सक्रिय रहे. सभी संवेदनशील स्थानो पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस तैनात देखा गया। जुलूस में शामिल मो. इसरार, फहीम अख्तर, महताब शाहिल, इमरान खान, टुडे आलम, राजकुमार गौतम, अजय भारती, इस्तेखार नूरी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

**मुहर्रम की नवमी का जुलूस निकाला**

**सतबरवा।** प्रखंड के आसपास क्षेत्रों में हुसैनी मोहब्बत के जज्बे और संजीदगी के साथ मंगलवार को मुहर्रम की नवमी का जुलूस निकाला गया। जुलूस को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर सभी इलाके के जुलूस में शामिल खिलाड़ियों ने अपनी - अपनी कला का प्रदर्शन किया। जुलूस में शामिल लोगों ने नारे तकबीर, अल्लाह हो अकबर,' या हुसैन का नारा बुलंद किया। गाजे-बाजे के साथ अपने-अपने क्षेत्र से जुलूस निकाला। वही मस्जिद मोहल्ला, महावीर चौक, बस स्टैंड, क्रांति चौक के पास अस्त्र-शस्त्र खेल का प्रदर्शन करते हुए अखाड़ेधारी में जमा खिलाड़ियों ने करतब दिखाया। मोहर्रम की नवमी तारीख के अवसर पर मंगलवार को इमामबाड़ों में खूब भीड़ उमड़ी। इमामबाड़ा में लोगों ने इमाम ए हुसैन के नाम से फातिहा किया। मौके पर, नौशाद आलम, मो दिलनवाज, मो अताउल्लाह, शाहनवाज खान मो शमशाद खान, मो समीर, नासिर, सुफियान, तमशीर, लाडला, दिलशाद खान, बाबू खान समेत सैकड़ों की संख्या जुलूस में शामिल थे।

**अखाड़े के साथ निकाला गया जुलूस**

**नावाबाजार।** नावाबाजार प्रखंड मुख्यालय पर मंगलवार की सुबह आठवीं मोहर्रम का जुलूस मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा अखाड़े के साथ इटको व नावाबाजार के अंकीकदतमंदो ने स्थानीय कर्बला मैदान में शामिल हुए। जहां फातेया के बाद एनएच 98 मुख्य मार्ग पर मातमी गोल लगाकर अखाड़े के साथ लाठी व तलवार भाजी गई। वहीं शहीदे कर्बला , कर्बला दूर है जाना जरूर है, इस्लाम जिंदा है आदि नारों के साथ प्रखंड मुख्यालय पर चहलकदमी देखी गई। इकट्ठा लोगों के द्वारा खेल करतब के बाद जुलूस में शामिल लोग अपने-अपने गांव लौट गए।

## अनामांकित बच्चों को विद्यालय में लाना सुनिश्चित करेंगे शिक्षक व प्रतिनिधि : बीईईओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** बीआरसी परिसर में मंगलवार को स्कूल रुआर कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यशाला का शुभारंभ बीईईओ हरि प्रसाद ठाकुर, बीपीएम सतीश कुमार तिवारी, बीआरपी अंजना रानी, लेखापाल जय प्रकाश, सीआरपी श्रीकान्त पांडेय आदि ने सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीईईओ हरिप्रसाद ठाकुर ने कहा कि 5 वर्ष से 18 वर्ष की आयु वर्ग के सभी अनामांकित बच्चों का नामांकन के साथ ठहराव व इनका शत-प्रतिशत उपस्थिति विद्यालय में हो। इस पर शिक्षक अभिभावक व सभी प्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। सभी बच्चों का नामांकन कराने व सभी शिक्षकों को अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छे से करने की जरूरत है। बीपीएम सतीश कुमार तिवारी ने कहा कि यह कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेवारी प्रतिनिधियों




के साथ-साथ शिक्षकों का होता है। वैसे बच्चे जो विद्यालय से बाहर हैं उन्हें विद्यालय में जोड़ने के लिए शिक्षक व प्रतिनिधियों को सामुहिक रूप से मिलकर कार्य करना होगा। वहीं कार्यक्रम की सफलता हेतु विद्यालय स्तर पर अगले 15 दिनों के लिए निर्धारित कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दिया। स्कूल रुआर कार्यक्रम में विद्यालय से बाहर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने की बात कही। इस कार्यशाला में विशेष रूप से विद्यालय से बाहर के बच्चों, प्रवासी परिवार के बच्चे, दिव्यांग बच्चे का आवश्यक रूप से विद्यालय में नामांकन लेने को लेकर शिक्षकों को निर्देश दिया गया। साथ हीं सभी शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, उपस्थित गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधियों से उक्त कार्यक्रम में अपना सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई। शिक्षक राकेश सिंह, सुमित शंकर, सतीश महतो, रामेश्वर सिंह, जैनेन्द्र पांडेय, विकास दुबे सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

# सुरक्षित होने के लिए आवश्यक है शिक्षित होना : परशुराम तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में 16 दिवसीय स्कूल रूआर अभियान की शुरूआत हो गयी। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने सबसे पहले स्कूल आने वाले 20 छात्र-छात्राओं को टीका लगाकर व पुष्प देकर इसकी शुरूआत की। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन समिति व शिक्षकों की संयुक्त बैठक कर प्रायः अनुपस्थित रहने वाले तीन बच्चों को चिह्नित किया गया। उनके घर जाकर वास्तविक स्थिति का जायजा लेने का निर्णय लिया गया। मौके प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि अभिभावकों को शीघ्र समझा होगा कि बच्चों को सुरक्षित होने के लिए शिक्षित होना आवश्यक है। यह भी कि बच्चों के लिए विद्यालय सर्वाधिक सुरक्षित स्थल है। बैठक में एसएमसी अध्यक्ष कुंती देवी,वार्ड सदस्य अनीता देवी,संयोजिका पार्वती देवी, उपाध्यक्ष ललिता देवी,बाल संसद सदस्य अनुराग ठाकुर,शिक्षक सदस्य निशा, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर मौजूद थे।




# मुहर्रम पर निकला बड़की चौकी का जुलूस, दिखाए करतब

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम की नवमी पर मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में बड़की चौकी का जुलूस निकाला गया। जुलूस पहाड़ी मुहल्ला स्थित कर्बला के मैदान से शुरू हुआ। उसके बाद शाह मुहल्ला, कन्नी राम चौक, सत्तार सेठ चौक, विष्णु मंदिर रोड, दाल पट्टी, घड़ा पट्टी, जैन मंदिर रोड़, पंचमुहान होते हुए छहमुहान पहुंचा। छहमुहान से चलकर महिंद्रा आर्केड रोड, शिवाला घाट होते हुए बम पटाखा मोड़, घास पट्टी, शाह मुहल्ला होते हुए पहाड़ी मुहल्ला स्थित कर्बला के मैदान में पहुंचकर संपन्न हो गया। मौके पर मुहर्रम इंतेजामियां कमेटी के जनरल खलीफा जीशान खान ने कहा कि हम हुसैन वाले हैं। कर्बला हमारा है व इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद। हुसैन राजिअल्लाह ने इस्लाम को बचाने के लिए अपनी जिंदगी की कुर्बानी दे दी। हुसैन रजी ने इस्लाम के लिए सिर कटाना मंजूर कर लिया, लेकिन झुकना नहीं। कर्बला हुसैन कमिटी पहाड़ी मुहल्ला, नूरे हुसैन नगर पहाड़ी मुहल्ला, इब्ने अली हुसैन, पहाड़ी मुहल्ला, इस्लामिया नौजवान हवारी कमिटी धोबी मुहल्ला, अहले सुन्नत मदीना कुंड मुहल्ला, शहीदे हुसैन कमेटी कुंड मुहल्ला समेत अन्य ने जुलूस निकाला। मौके पर असगर हुसैन, मो. नेयाजु, जेएमएम जिला सचिव सन्नु सिद्दीकी, इमाम राइन, मुन्ना खान, मासूम अंसारी, पिंटू राइन, राशिद बक्शी, सोनू खान, बंटी राइन, राजन, रौशन रिजवान, अनवर अंसारी, जफर महबूब, तौसिफ कमर, फरदीन आलम, तामसू खान, तालिब खान, सालिक जेया समेत हजारों की तादाद में लोग उपस्थित थे। इससे पहले मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी की ओर से सोमवार की रात प्रशासनिक अधिकारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, सदर अंचल अधिकारी अमरदीप सिंह बलहोत्रा सहित अन्य को पगड़ीपोशी कर, फूल माला पहनकर, तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जेनरल खलीफा जीशान खान ने किया। उनके साथ सभी पदाधिकारी शामिल थे।




### खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन किया

**जुलूस में खिलाड़ियों ने लाठी, तलवार, भाला से हैरत अंगेज करतब दिखाए। गोल बनाकर लाठी खेली गयी। इसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। खिलाड़ियों की कालाबाजी देखकर लोगों ने उत्साह बढ़ाकर उनकी प्रशंसा की। जुलूस में खलीफा जीशान खान, अंजुमन इसलाहुल मस्लिमिन के पलामू सदर मुस्तफा कमाल व उनकी पूरी टीम को महावीर नवयुवक दल जनरल के पूर्व अध्यक्ष जुगल किशोर ने सम्मानित किया। मुहर्रम कमेटी ने भी जुगल किशोर समेत उनकी टीम को पगड़ी पोशी कर सम्मान दिया।**

## एक नजर

### भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**मेदिनीनगर।** भाजपा नेता ज्योति पांडेय ने डालटनगंज भंडारिया विधानसभा के चैनपुर प्रखंड के कंकारी, बसरिय, चांदो अवसाने गांव मे जनसंपर्क अभियान चला कर ग्रामीण जनता व युवा से मुलाकात की। साथ ही क्षेत्र की कई समस्याओं से अवगत हुए। मुलाकात के क्रम में युवाओं ने श्री पांडेय के सामने रोजगार का मुद्दा उठाया। बातचीत के क्रम में युवाओं ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने में असफल साबित हुई है, जिसका खामियाजा युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। आने वाले विधानसभा के चुनाव में ठग बंधन की सरकार को जनता उखाड़ फेंकने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल मे यहां की जनता को ठगने का काम किया है। आवास योजना में भ्रष्टाचार चरम पर है एक-एक आवास के लिए 25 से 30000 पैसे लिए जा रहे है।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की तिथि बदली

# बेरोजगार युवक-युतियों के लिए सुनहरा अवसर : डीसी

**▸▸ 18,19, 20 जुलाई को होने वाला कार्यक्रम अब 22,23, 24 जुलाई को होगा**

**▸▸ विशेष शिविर में डीसी ने सभी युवाओं से अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में बेरोजगार युवक युतियों के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत होने वाले कार्यक्रम का तिथि में बदलाव कर दिया गया है। 18,19, 20 जुलाई को होने वाला कार्यक्रम अब 22,23, 24 जुलाई को होगा। विशेष शिविर में डीसी ने सभी युवाओं से अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की है। जिले के बेरोजगार युवक, युतियों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से लाभान्वित किये जाने को लेकर डीसी शशि रंजन गंभीर हैं। जिले के युवाओं को इस योजना से अधिक लाभान्वित करने को लेकर संपूर्ण जिले में मेगा कैम्प का आयोजन कर आवेदन प्राप्त किया जाएगा। शिविर में संबंधित प्रखंडों के बीडीओ, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य लोग पूरे उपकरण के साथ उपस्थित रहेंगे. शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों को ऑन स्पॉट एंट्री किया जाएगा। सभी शिविरों का प्रतिदिन संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी निरीक्षण करेंगे। प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों का समेकित रिपोर्ट प्रखंड विकास पदाधिकारी कल्याण पदाधिकारी को सौंपेंगे। बता दें कि इस योजना के तहत विभिन्न वर्ग के लोगों को व्यवसाय शुरू करने के लिए सरकार के तरफ से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। डीसी रंजन ने जिले के युवाओं से शिविर का अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि 22,23, 24 जुलाई को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत शिविर लगाया जा रहा है। ऐसे में अगर किसी के पास जरूरी दस्तावेज नहीं भी है तो उसके लिये आवेदन कर दस्तावेज जारी होने के बाद आवेदन करना सुनिश्चित करें।




### दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचने की एडवाइजरी जारी

प्रखंड में आयोजित हो रहे विशेष शिविर को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में जो कोई भी योजना के तहत लाभ लेना चाहते हैं वे अपने साथ आधार कार्ड,पैन कार्ड,जाति,आवासीय,आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, सरकारी नौकरी में नहीं होने का शपथ पत्र लेकर पहुंचे। जिससे ऑन स्पॉट एंट्री कराया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर कोई वाहन लेने को लेकर इच्छुक है तो वह वाहन का अद्यतन कोटेशन के साथ शिविर में भाग लें।

**अगर कोई वाहन लेने को लेकर इच्छुक है तो वह वाहन का अद्यतन कोटेशन के साथ शिविर में भाग लें**

**इस दिन प्रखंडों में लगेगा शिविर**

*22 जुलाई को चैनपुर, लेस्लीगंज, मनातू,रामगढ़, सतबरवा,हरिहरगंज, छतरपुर, हुसैनाबाद, पिपरा, 23 को विश्रामपुर, पांडू, पांकी, तरहसी, उंटारी रोड, नौडीहा बाजार, नावा बाजार, हैदरनगर,मोहम्मदगंज में शिविर लगाया जाएगा। 24 जुलाई को मेदिनीनगर सदर, पंड़वा, पाटन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी स्थानों पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी व भूमि सुधार उपसहार्ता निरीक्षण करेंगे।*

## न्यूज बॉक्स

### बिहार के पूर्व मंत्री के पिता के हत्यारों की गिरफ्तार करें प्रशासनः बीडी प्रसाद

**मेदिनीनगर।** विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व बिहार के पूर्व ओबीसी मंत्री मुकेश सहनी के पिता के हत्या पर ओबीस मंच ने निंदा की है। साथ ही बिहार सरकार से हत्यारे की गिरफ्तारी 24 घंटे में करने की मांग करता है। ये बातें ओबीसी एकता मंच के ब्रह्मदेव प्रसाद (बीडी प्रसाद) ने कही। उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। ओबीसी एकता अधिकार मंच बिहार सरकार व दरभंगा के प्रशासन से मांग करता है कि जल्द से जल्द 24 घंटे में हत्यारे की गिरफ्तारी कर हत्या के कारणों का उद्भेदन कर दोषियों फांसी की सजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश दरभंगा जिला में जाकर सरकार व प्रशासन को घेरने का काम करेगी। मंच ने जीतन सहनी के आत्मा की शांति का प्रार्थना की।

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत निगम को बेहतर कार्य के लिए मिलेगा पुरस्कार



**मेदिनीनगर।** स्ट्रीट वेंडरों को सशक्तिकरण व उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेदिनीनगर नगर निगम को बेहतर प्रदर्शन के लिए दिल्ली में 18 जुलाई को पुरस्कृत किया जाएगा। बता दे की यह पुरस्कार परफॉर्मेंस रिकॉग्निशन फॉर एक्सेस फाइनेंशियल इंक्लूजन एंड स्ट्रीट वेंडर इंपावरमेंट में मेदिनीनगर नगर निगम को पीएम स्व निधि योजना में फाइनेंशियल इंक्लूजन एंड स्ट्रीट वेंडर एंपावरमेंट श्रेणी में उत्कृष कार्य करने के लिए दिया जा रहा है। यह योजना वर्ष 2014 में शहरी क्षेत्र में रहने वाले गरीब परिवार का सामाजिक आर्थिक क्षमता को बढ़ावा देने और वित्तीय सहायता के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना और उनकी आजीविका को मजबूत करना है। डे एनयूएलएम में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत शहर में रहने वाले गरीब परिवार को उद्योग के लिए किफायती दर पर बैंक ऋण की सहायता सब्सिडी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। ताकि शहर में रहने वाले बेघर आश्रितों को आधारभूत सुविधा युक्त आश्रय गृह भी संचालित हो सके। इस योजना के तहत मेदिनीनगर नगर निगम ने वर्ष 2023-24 में 3273 लाभुको को योजना से जोड़ कर ऋण दिलवाई है और इसके तहत 534 लाभुकों को जोड़ा गया है। वहीं दो हजार स्ट्रीट वेंडर को जोड़ते हुए आई कार्ड और सर्टिफिकेट भी दिया जा चुका है । वहीं विभाग के द्वारा दिल्ली में मिलने वाले उत्कृष्ट पुरस्कार को लेकर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि भारत सरकार की आवास एवं शहरी विकास विभाग के द्वारा झारखंड में पलामू के मेदिनीनगर नगर निगम को वर्ष 2022-23 में पीएम स्वनिधि में स्ट्रीट वेंडर के द्वारा किए गए कार्य सराहनीय हैं । साथ हीं मेदिनीगर नगर निगम के कर्मी जो डे एनयूएलएम के बेहतर कार्य को पुरस्कृत किया जा रहा है इसके लिए विभाग को भी धन्यवाद देना चाहूंगा।

### विधानसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा की सरकार बनना तय : ज्योतिरीश्वर सिंह

हुसैनाबाद। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्योतिरीश्वर सिंह ने कहा कि 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनना तय हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता उखड़ा फेकेगी। वे मंगलवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस मे बोल रहे थे। उन्होंने कहा की हुसैनाबाद -हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से इस बार भाजपा की जीत सुनिश्चित है। वर्तमान विद्यायक का जनाधार इस क्षेत्र से पूरी तरह से खिसक चुका है। वे अपनी शाख बचाने के लिये अपने आप को खुद भाजपा से गठबंधन की बात कह कर लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम कर रहें है। ज्योतिरीश्वर सिंह ने कहा की झारखंड में सिर्फ आजसू पार्टी से भाजपा का गठबंधन है। क्या भाजपा से चुनाव लडेंगे पूछे जाने पर उन्होंने कहा की मैं वर्ष 2003 से पॉलिटिक्स कर रहा हूं, चुनाव लड़ने का तो यह काम हमारे शीर्ष नेताओं पर निर्भर करता है, इस बार पार्टी जिस किसी को भी प्रत्याशी बनाती है, तो सभी भाजपा के कार्यकर्त्ता तन मन से लग कर अपनी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का काम करेंगे और निश्चित तौर पर जिस तरह 1990 के विधान सभा चुनाव में कमल खिला था, उस इतिहास को आगामी विधान सभा चुनाव मे कार्यकर्ता भाजपा की जीत दिलाकर इस विधान सभा से कमल को खिलाने के इतिहास को दोहराने का कार्य करेंगे।

### पर्यावरणविद् को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया

**मेदिनीनगर।** दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेग सेंटर गुलमोहर में यूएसए के मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित मानद उपाधि पुरस्कार वितरण समारोह में चांसलर डॉ जॉन एल कालारस, वाइस चांसलर डॉ सौफी नुवानी व देश के कई शीर्ष अधिकारी सहित विदेश के दर्जनों अतिथियों की उपस्थिति में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया। पर्यावरणविद कौशल को पर्यावरण सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि देकर सम्मानित किया गया है। उक्त अवसर पर उनकी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल व सूरज जायसवाल भी उपस्थित थे। साथ ही उक्त कार्यक्रम में दुनियां के विभिन्न क्षेत्रो में असाधारण कार्य करने वाले कई महान हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के प्रावधानों के तहत सम्मान समारोह के मौके पर अफगानिस्तान के डॉ तानजिरे, ऑस्ट्रेलिया के डॉ पिक गैफनी को कपूर का पौधा देकर उनका सम्मान किया। श्री कौशल ने उन्हें अपनी जन्मभूमि पर नवनिर्मित पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित भी किया। पर्यावरणविद कौशल को मिले डॉक्टरेट की उपाधि से उनके परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों व शुभचिंतकों में हर्ष है। डॉक्टरेट की उपाधि लेकर लौटे श्री कौशल के शुभचिंतकों व परिजनों ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों प्रो. अरुण कुमार जायसवाल, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल,आराध्या जायसवाल, आशिविका जायसवाल आद्रिका जायसवाल, अनुषा जायसवाल, समेत कई लोग शामिल थे। वहीं कई शुभचिंतकों ने उनके इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं भेजी है।




### छतरपुर में भाजपा का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा

# भाजपा चरित्र की राजनीति करती है: यदुनाथ पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर स्थित होटल विजय तारा के सभागार में भाजपा को विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर राष्ट्रगान के साथ हुई। बतौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष झारखंड यदुनाथ पांडेय मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने की। संचालन छतरपुर मंडल अध्यक्ष राम नरेश यादव ने किया। मौके पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक छतरपुर पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार ने मंचासीन अतिथियों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक मतदान कराने वाले छतरपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों के पांच-पांच बूथ अध्यक्षों सभी शक्ति केंद्र के संयोजकों व सभी मंडल अध्यक्षों को मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बताया गया कि इन बूथों पर भाजपा के पक्ष में मतदान का प्रतिशत सार्वाधिक रहा। मुख्य वक्ता यदुनाथ पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चरित्र की राजनीति करती है चतुराई की नहीं। बरसो के इंतजार के बाद भाजपा सरकार ने राम मंदिर का सपना पूरा किया। कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है। भाजपा देश में राम राज्य लाना चाहती है। हम वासुदेव कुटुम्बकम की बात करते है। हिंदू कभी हिंसक नही हो सकता पर जो हमे छेड़ता है उसे हम छोड़ते नहीं। झारखंड को हमने बनाया है और हम ही सवारेंगे। झारखंड की 71 सीटों को कभी न कभी जीता है तो क्या हम एक साथ 50 सीट नहीं जीत सकते। आज सभी संकल्प ले की आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बना कर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। हम आपको जगाने आए है और आप संजीवनी लाने वाले है। आप सभी का उत्साह देख कर ऐसा लग रहा है की आने वाले विधानसभा चुनाव में हम होंगे कामयाब। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत से लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत मिली है। सभी भाजपा कार्यकताओं का आभार व्यक्त करता हूं। कार्यकर्ता ही भाजपा की असली पूंजी है। वह कोरोना काल में देखें है कि भाजपा कार्यकर्ता किस तरह से निडर होकर बाहर से पैदल आने वाले लोगो को चप्पल पहना रहे थे। जिस तरह से लोकसभा में कार्यकताओं ने मेहनत कर जीत दिलाई अपील करता हूं की विधानसभा में उस से भी ज्यादा मेहनत कर डबल इंजन की सरकार बनाए। झारखंड से भ्रष्टाचार और पुनः पनपती हुई नक्सलवाद का खात्मा होगा। छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा की भाजपा कार्यकर्ता सबसे मेहनती और मजबूत होते है। कोरोना काल में जब सब लोग घर में छिपे थे तब हम लोग भाजपा कार्यकताओं के साथ कही मास्क कहीं सेनेटाइजर तो कहीं आक्सीजन, राशन की व्यवस्था कर रहे थे। लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं के मेहनत से विपरीत परिस्थितियों में भी छतरपुर विधानसभा से भाजपा को बढ़त दिलाई। हमारे लिए कार्यकर्ताओ का सम्मान सर्वोपरि है।

## प्रवचन

### चातुर्मास व्रतकथा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# श्रीमद भागवत पढ़ने व सुनने से मानव का कल्याण : जीयर स्वामी

**● महर्षि वेदव्यास वेद, उपनिषद ग्रंथ की रचना करने के बाद भी उदास थे**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिंगरा अमानत नदी तट चातुर्मास व्रत कथा में जीयर स्वामी ने श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा में कहा कि भागवत का प्रत्येक शब्द का मतलब है। भा मतलब प्रकाश, ग मतलब ज्ञान, व मतलब वैभव, त मतलब तेज जिस ग्रंथ में जिस किताब में भगवान और भगवान के भक्तों का प्रकाश हो, ज्ञान हो, वैभव हो, तेज हो और उनका वर्णन हो उसी का नाम भागवत है। जिस ग्रंथ को पढ़ने से प्रकाश, ज्ञान, वैभव और तेज को प्राप्त किया जाता हो उसका नाम भागवत है। उन्होंने कहा कि भागवत से पहले श्रीमद् और भागवत के बाद महापुराण श्रीमद्भागवत महापुराण ग्रंथ के नामों से विख्यात हुआ। पुराण शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि जिस कथा, प्रसंग, इतिहास के रूप में पढ़ने वाले लोगों को जो नई-नई प्रेरणा देता हो नया-नया ज्ञान देता हो, नया-नया संदेश देता हो उसका ही नाम पुराण है. जिसको पढ़ने के बाद समाज के लोगों का जीवन जीने के तरीका सहज और सरल रूप से समझ में आ जाए वहीं भागवत है। उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यास वेद, उपनिषद ग्रंथ की रचना करने के बाद भी उदास थे बेचैन थे। मन को शांति नही थी। इसी बीच देवर्षि नारद पहुंचते हैं। उनके उदासी का कारण जानते हुए कहा कि आपने तो वेद शास्त्र का निर्माण तो कर दिया, लेकिन मनुष्यों में राजसी, तामसी प्रवृत्ति को कैसे रोकेंगे। इसके प्रायश्चित में संपूर्ण वेदों, उपनिषद और ग्रंथो का भावार्थ का एक ग्रंथ के रूप में रचना करें। देव ऋषि नारद की आज्ञा पाकर महर्षि वेदव्यास ने गणेश भगवान की सहयोग से 18 हजार श्लोक का एक महाग्रंथ की रचना की वही ग्रंथ श्रीमद भागवत महापुराण है। श्रीमद भागवत महापुराण पढ़ने से सुनने से मानव मात्र का कल्याण हो जाता है। स्वामी जी ने कहा कि सृष्टि के आरंभ से कलियुग तक की कथा है श्रीमद् भागवत महापुराण में। वैष्णव संप्रदाय सहित अन्य संप्रदायों के लिए सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है। उनहोंने कहा कि इसमें भगवान श्रीहरि विष्णु के प्रमुख 24 अवतारों का वर्णन है। इसमें सृष्टि की रचना से लेकर कलियुग यानी सृष्टि के विनाश तक की कहानी है। इसमें भगवान के अवतारों की कथाओं के जरिए जीवन में कर्म व अन्य शिक्षाओं को पिरोया गया है। भगवत व्यवहारिक और गृहस्थ्य जीवन का अमूल्य ग्रंथ है। इसमें आम जीवन की उपयोगी कई बातों को गूढ़ कथाओं में समझाया गया है। श्रीमद् भागवत कथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य को स्थापित करती है।



### शादी के दूसरे माह ही शिक्षक पुत्र का निधन

**हैदरनगर।** सहायक अध्यापक संगठन प्रखंड इकाई हैदरनगर के प्रखंड सचिव ग्राम सड़ेया निवासी विश्वनाथ राम रवि के पुत्र विवेक कुमार प्रकाश (डी फॉर्मेसी) के असामयिक निधन की सूचना पर क्षेत्र के शिक्षक परिवार शोक में डूबा है। संगठन के संयोजक विजय बहादुर सिंह ने बताया कि विवेक का निधन गढ़वा जिला के मझिआंव स्थित ससुराल में हो गया है।विवेक गत सप्ताह ही ससुराल में रहकर नवविवाहित अपनी पत्नी को परीक्षा दिलवा रहा था। स्वस्थ व कुशल विवेक प्रकाश के अचानक मौत से गांव के ग्रामीण सहित सभी परिजन अचंभित हैं। पिता व सहायक अध्यापक विश्वनाथ राम रवि ने गत माह जून में ही विवेक की शादी धूमधाम से की थी। उन्होंने बताया कि सोमवार को उनका पुत्र ससुराल में ही खाना खाकर सोया था। अचानक बेड से गिरने के बाद उसकी मौत हो गया।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'**,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## बालू माफिया ने भारी मात्रा में किए बालू भंडारण, प्रशासन की खुली पोल

# रात के अंधेरे में बालू का खेल

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

अखबार में अगर छप जाए तो केस कर खानापूर्ति करो..फिर केस के आरोपी पर कारवाई के बदले लूटने की खुली छूट दे दो! यह कोई पहेली नहीं है बल्कि भवनाथपुर में चल रहा बालू की खेल में भवनाथपुर पुलिस प्रशासन की हकीकत सामने आ रही है। आपको बता दें कि इन दिनों भवनाथपुर सुरक्षित वनक्षेत्र अंतर्गत असनाबांध में समाजिक वानिकी द्वारा लगे प्लांटेशन में माफियाओं द्वारा भारी मात्रा में किये गए बालू भंडारण से रात्रि में ट्रैक्टर द्वारा बिना रोक टोक के बालू का परिवहन किया जा रहा है। जो भवनाथपुर के सरकारी तथा गैर सरकारी कार्यों के लिए मनमाने दाम पर बेंचने का कार्य किया जा रहा है। जिससे सरकार को लाखों रुपये राजस्व की क्षति पहुंच रही है। हैरानी इस बात की है कि बालू के इस खेल में दूसरा कोई और नहीं बल्कि पिछले दिनों सीओ आफताब आलम के द्वारा ढढ़रा नदी से उत्खनित बालू को प्लांटेशन में भंडारण कर बेचने के मामले में दर्ज कराया गया नामजद आरोपी ही शामिल है। आपको बता दें कि 28 जून को राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रमुखता से छपी खबर के बाद प्रशासन कारवाई करते हुए ढढ़रा से नदी बालू का उठाव कर कोरवाटोली विद्यालय के समीप के अलावे व विभाग द्वारा लगाया गया प्लांटेशन में करीब 1500 सीएफटी बालू जब्त करते हुए उदय यादव, हरिहर यादव और अशोक यादव सभी असनाबांध निवासी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसके बाउजूद प्रशासन से बेखौफ होकर नामजद आरोपी हरिहर यादव के द्वारा जब्त किए गए बालू के अगल-बगल पुनः भंडारण करके रात्रि में बालू की ढुलाई की जा रही है। इसकी पुष्टि करते ग्रामीण अशोक यादव ने बतलाया कि ढढ़रा नदी से अवैध तरीके से बालू का उठाव करके गांव ही हरिहर यादव के द्वारा वन विभाग द्वारा लगाया गया प्लांटेशन में भंडारण किया गया है, जिसका हमने विरोध भी किया था। वहीं इस संबंध में वन विभाग के गार्ड को भी सूचना दी गई थी। विभाग प्लांटेशन में अवैध रूप से बालू भंडारण पर रोक लगा सके, लेकिन विभाग ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि यह खनन का मामला है, हम कुछ नहीं कर सकते। फिर क्या था भारी मात्रा में प्लांटेशन में बालू का भंडारण किया गया। और जब सरकार द्वारा बालू पर रोक लगा दिया गया है, तब प्रशासन की मिलीभगत से रात्रि में ट्रैक्टर के जरिये बे रोकटोक बालू परिवहन का कार्य किया जा रहा है।



### टास्क फोर्स भी नहीं आया काम

अवैध तरीके से नदियों से उत्खनन और परिवहन पर जिला द्वारा गठित टास्क फोर्स भी भवनाथपुर में अवैध तरीके हो बालू के परिवहन पर अंकुश नहीं लगा पा रही है,और बेखौफ तरीके से बालू माफिया इस अवैध कारोबार संचालित कर रहें हैं। आपको जानकर हैरानी तब होगी कि रात्रि में पुलिस गश्ती करती है,तो दूसरी ओर रात्रि में ही बालू माफिया की टैक्टर सड़क पर फरार्टे भी भरती है,लेकिन बालू लदे ट्रैक्टर प्रशासन के आंखों से कैसे ओझल है,यह एक अपने आप में बड़ा सवाल है।

### क्या कहते हैं अंचल अधिकारी

इस संबंध में पूछे जाने पर अंचल अधिकारीआफताब आलम ने कहा की अवैध बालू परिवहन करते पकड़े जाने पर कारवाई किया जाएगा।

### क्या कहते हैं गढ़वा उपायुक्त

इस संबंध में पूछे जाने पर गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने बताया कि मामले को जांच कर का दोषियों पर कार्रवाई करेंगे।

## मुहर्रम को लेकर चिनिया पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**चिनिया।** मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर चिनिया पुलिस ने मंगलवार की देर शाम फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी व जवान पैदल निकले जो चिनिया थाना चौक से बस स्टैंड होते हुए महावीर मंदिर रंका मोड रानीचेरी मस्जिद सहित विभिन्न चौक चौराहो तक गई। इस दौरान थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया की बाजार में जगह जगह शांति व्यवस्था बनाए रखने कि अपील कि गइ है,कहा कि सभी लोग सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग करें कोई भी संदिग्ध दिखें तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, किसी ने भी गड़बड़ी करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई कि जाएगी। साथी उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## एक नजर

### छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के गरबान्ध ग्राम स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में 83 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण का शुभारंभ पंचायत की मुखिया सिविष्टयानी केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने संयुक्त रूप से किया इस अवसर पर पंचायत के मुखिया सिविष्टयानी केरकेट्टा ने कहा कि 8वीं कक्षा के छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा साइकिल उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि उन्हें विद्यालय आने जाने में परेशानी नही हो उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से प्रतिदिन विद्यालय आने व मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा।

### मुहर्रम को लेकर निकला फ्लैग मार्च

**भवनाथपुर।** मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने मंगलवार की देर शाम फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी व जवान पैदल निकले जो थाना से मुख्य बाजार और क्रपुरी चौक प्रखंड कार्यालय होते हुए अरसली उतरी दक्षिणी सहित विभिन्न चौक चौराहो तक गई। इस दौरान थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने बताया की बाजार में जगह जगह शांति व्यवस्था बनाए रखने कि अपील कि गइ है,कहा कि सभी लोग सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग करें कोई भी संदिग्ध दिखें तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, किसी ने भी गड़बड़ी करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई कि जाएगी। साथी उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। ताकि क्षेत्र में मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न किया जा सके। इस मौके पर थाना थाना के प्रदीप कुमार, निरंजन शर्मा, प्रभु मेहता सहित काफी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## स्कूल रुआर कार्यक्रम को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा, गढवा**



प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को 16 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रखंड के सभी विद्यालयो में स्कूल रुआर कार्यक्रम को लेकर बैठक की गयी। बैठक में सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सीआरपी, बीआरपी, बीडीओ सह सीओ, प्रमुख, बीडीसी, मुखिया सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ सह सीओ संदीप कुमार मद्धेशिया ने कहा कि स्कूल रुआर कार्यक्रम के तहत विद्यालय के पोषक क्षेत्र के अनामांकित बच्चो को चिन्हित कर उस बच्चों के अभिभावक से मिलकर कर विद्यालय मे नामांकन कराने हेतु सभी प्रधानाध्यापक को कहा गया। उन्होने कहा कि स्कूल रुआर कार्यक्रम के तहत विद्यालय के पोषक क्षेत्र में एक भी बच्चा अनामांकित न रहे इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस कार्यक्रम के तहत सभी को मिलकर विद्यालय में अधिक से अधिक बच्चों को नामांकन कराना है। इस दौरान सावित्री बाई फुले योजना पर गहनता से प्रकाश डाला गया। सीओ ने कहा कि इस बार 8 माह का पैसा मिलने वाला है। इस पर सभी को मिल कर कार्य करने की जरूरत है। जिससे बच्चियों को इसका सत प्रतिशत लाभ मिल सके। इस बैठक में 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप देव, उपप्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल, प्रधानाध्यापक सुबोध द्विवेदी रमेश ठाकुर, उपेन्द्र गुप्ता, प्रवीण पांडेय, नवनित तिवारी, शशिरमण प्रकाश, बिनोद कुमार, कृष्णा गुप्ता, मेराज अंसारी, मुखिया ललित नारायण सिंह, अशोक पासवान, प्रवीण यादव, पंकज सिंह वीडीसी शांति देवी सहित कयी लोग उपस्थित थे।

## दो ऑटो की टक्कर में दर्जनभर घायल

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया (गढ़वा)**



भंडरिया गोदरमाना मुख्य सड़क के बगडेगवा नदी के समीप तीखी मोड पर दो ऑटो के आमने सामने टक्कर में अनुमानित एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो में बच्चे सहित महिला पुरुष शामिल हैं। सभी घायलों को राहगीरों की मदद से पुलिस जवानों के द्वारा तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सोनू अंसारी, जुबेदा बीवी, शराफत अंसारी, बृजेश कुमार पांडे भंडरिया अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी, सबीना बीवी, इंद्रावती कुंवर, को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल डालटेनगंज रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायल प्रीति कुमारी, रवीना बीबी, जरीना बीबी, अजमुद्दीन अंसारी, सव्या,इंताप अंसारी आदि का इलाज भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही किया जा रहा है। जानकारी देते हुए ऑटो पर सवार जरीना बीवी ने बताया कि हम सभी समकंडा थाना क्षेत्र के धावा मूडखुड से एक ऑटो पर सवार होकर भंडरिया थाना क्षेत्र के परसवार गांव में अपने दामाद अब्दुल अंसारी के मिट्टी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे दुसरे आटो से टक्कर हो गया।

## झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की हुई एकदिवसीय कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया (गढ़वा)**



झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा स्कूल- रुआर 2024 एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रखंड संसाधन केंद्र के शिक्षक सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख रूक्मिणी देवी, उपप्रमुख श्रद्धा देवी, बीपीएम रविशंकर कुमार एवं सीआरपी सत्यनारायण यादव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के तमाम उपस्थित प्रधानाध्यापको को संबोधित करते हुए सीआरपी सत्यनारायण यादव एवं बीपीएम रविशंकर कुमार ने रूआर 2024 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 6 से 18 वर्ष के अनामांकित बच्चों का विद्यालय में नामांकन करते हुए शत प्रतिशत विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराना है।

## 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गावों का दौरा किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए। उन्होंने क्षेत्र की समस्या से अवगत होते हुए यथाशीघ्र निदान करने की बात कही। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने दुलदुलवा में बरवाही शिव मंदिर के समीप, पेंदली में बजरंग बली मंदिर के समीप, ग्राम गोबरदाहा में तेलईदह शिव मंदिर के समीप, ग्राम चामा में शिवनाथ विश्वकर्मा के घर के समीप आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। वे ग्रामीणों एवं क्षेत्र की समस्या से अवगत हुए। साथ ही ग्राम नवादा में मुहर्रम कमिटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम तथा गढ़वा प्रखंड के करके ग्राम में मुहर्रम के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में भी मंत्री ने भाग लिया। ग्रामीणों एक कार्यकताओं ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। इस दौरान झारखंड सरकार के कार्यां से प्रभावित होकर दुलदुलवा में विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर 200 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये।

## पंकज चौबे ने बहुजन समाज पार्टी का थामा दामन

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**



विस के सिंघीताली निवासी युवा समाजसेवी पंकज कुमार चौबे ने अपने समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम लिया। उन्होंने सोमवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के केंद्रीय राज्य प्रभारी गया चरण दिनकर, पूर्व मंत्री नेता प्रतिपक्ष उत्तरप्रदेश रामबाबु चिरगईया, केंद्रीय राज्य मंत्री झारखंड प्रदेश राजन मेहता, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार दास, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह, सचिव शिवकुमार विश्वकर्मा, पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा,गढ़वा जिला के प्रभारी नंदा पासवान पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम,जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार राम की उपस्थिति में पार्टी का दामन थामा। मौके पर समाजसेवी पंकज कुमार चौबे ने कहा कि भवनाथपुर विस क्षेत्र की जनता क्षेत्र की विकास के लिए परिवर्तन चाहती है, इसलिए उनकी मांग पर ही विस चुनाव में बसपा के बैनर तले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया हूं। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों के दुःख दर्द से पूरी तरह से वाकिफ हूं,और इस क्षेत्र की चहुमुंखी विकास के खातिर और बेरोजगारों को रोजगार के लिए चुनाव मैदान में उतरा हूं।

## बीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने प्रखंड के संबंधित विभाग के कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में आबुआ आवास योजना, मनरेगा, बिरसा कूप, आमबागवानी सहित अन्य योजनाओं का भी समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित कर्मियों से कहा की अबुआ आवास योजना में तेजी से कार्य करें व नये सूची के आधार पर योग्य लाभुक को चयन करें। वहीं उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना में मनरेगा से 95 मंडेज की मजदूरी का भुक्तान किया जाना है। जिसमें लाभुक ही मजदूर रहेंगे अगर लाभुक के बजाए दूसरे लोगों कार्य करते हैं तो लाभुक के सहमति होना जरूरी है। क्योंकि उक्त राशि का भुगतान उन्हीं के खाते में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना के प्रथम किस्त की राशि भुगतान होने के बाद अब तक आवास का निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले लाभुको को चिन्हित कर कार्रवाई करने की बात कही।

## कार्यक्रम | प्रखंड के 458 छात्र-छात्राओं के बीच हुआ साइकिल का वितरण

# साइकिल की खराब स्थिति देख भड़कीं प्रमुख

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**



चिनिया प्रखंड कार्यालय परिसर मे मंगलवार को प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी कमलेश कोरवा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह खरवार के द्वारा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के आठवी एवं नवी कक्षा के छात्र छात्रों के बीच 458 साइकिल का वितरण किया गया। जिसमें चिनिया में 44,रनपुरा मे 38,चपकली मे 48, सहित डोल, खुरी, चिरका, बिलैयतिखैर, रानीचेरी, आदि मध्य विद्यालय एवं हाई स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच साइकिलका वितरण किया गया। साइकिल वितरण से पहले प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी ने साइकिल को खराब स्थिति को देखते हुए प्रखंड के कल्याण पदाधिकारी पर भड़की, इस पर प्रमुख सुनैना देवी ने कहा की कोई भी साईकिल में हवा तक नहीं भरा हुआ था तो साइकिल को को खराब स्थिति में क्यों वितरण किया जा रहा है। तो वही बच्चे को साईकिल सहित पैदल चलकर अपने घर ले जाना पड़ा, जब सप्लायर द्वारा दिये गए साईकिल मे कमी था तो क्यों हैंडवोर लिए गए। साईकिल वितरण कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव उप प्रमुख फारुक अहमद बिस सुत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह मुखिया गोपाल कुमार यादव हरीओम यादव बिआरसी के अश्वनी कुमार सभी 11 विद्यालय के शिक्षक व सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएंमौजूद थे।

## बुआई समय के अंत में किसानों को मिला मकई बीज

**रमना।** कृषि विभाग रमना प्रखंड परिसर में मंगलवार को सिलीदाग पंचायत के कृषको को मकई बीज का वितरण प्रमुख करुणा सोनी,अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी वासुदेव राय, सिलीदाग पंचायत के मुखिया अनीता देवी, बीस सूत्री क्रियान्वयन अध्यक्ष मंसूर अंसारी,बिटिएम रंजीत कुमार सिंह, पसस सूर्यदेव पासवान एवं कृषि मित्र अलोक कुमार सिंह की उपस्थिति में केंद्र पर उपस्थित कृषको को किया गया। इस मौको पर काफी संख्या में महिला पुरुष कृषक उपस्थित थे। बीज वितरण के संबंध में प्रमुख करुणा सोनी नें कृषि मित्र को सख्त निर्देश दी की जो कृषक का पंजीकरण हुआ हैं, उन्ही को बीज प्रदान किया जाय।

## न्यूज | बॉक्स

### कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम




**डंडाई।** प्रखंड के राजपत्री कर्मचारियों ने मंगलवार को एक दिवसीय काला बिल्ला लगाकर अपने-अपने कार्यों का निष्पादन किया। झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी एवं संविदा कर्मियों ने भी संयुक्त रूप से काला विल्ला लगाकर सुबह से कार्यालय अभी तक अपने-अपने कार्यों को निपटाया। इससे पहले उक्त लोगों के द्वारा प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट पर सरकार के प्रति काफी रोस व्यक्त किया गया। इस बीच उक्त लोगों के द्वारा सरकार के खिलाफ में खूब नारेबाजी भी की गई। मौके पर प्रखंड के प्रधान लिपिक वीरेंद्र मांझी ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पूर्व हम सभी अपने-अपने अधिकार को लेकर सरकार के पास 9 सूत्री मांग पत्र सौंपे थे। लेकिन अभी तक उनके द्वारा मामले पर किसी भी तरह की कार्रवाई नही किया गया। मौके पर प्रखंड के प्रधान लिपिक वीरेंद्र माझी, नुमान अंसारी, करीमन पन्ना, अजय पासवान, उमेश राम, छोटू बैठा इत्यादि लोगों ने रोस व्यक्त किया।

### मंत्री मिथिलेश ने वज्रपात पीड़ित परिवार से मुलाकात कर कहा- मिलेगा हर सहयोग



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मेराल प्रखंड के रजहारा गांव में वज्रपात की घटना से पीड़ित शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। मंत्री ने परिजनों को हर सरकारी लाभ दिलाने एवं अन्य सहयोग देने की बात कही। साथ ही मंत्री ने संबंधित पदाधिकारी को तत्काल सरकारी प्रावधान के अनुरूप सभी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही मंत्री ने मेराल प्रखंड के विभिन्न गावों का भ्रमण की जनता की समस्याओं को सुना एवं उसे दूर करने की बात कही। इस दौरान मंत्री ने हासनदाग पंचायत के दुनुखांड़ देवी धाम स्कूल के समीप, हरकुड़ी गांव, कजराठ गांव, ग्राम हासनदाग में मस्जिद के पास, बाना मदरसा के समीप, लातदाग में शिव चर्चा स्थान के समीप, संगबरिया में दुर्गा मंडप के समीप कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की जनसमस्या से अवगत हुए। साथ ही समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करने की बात कही। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, सचिव मनोज ठाकुर, नीलू खान, मुन्ना सिंह, अंकित पांडेय, दिलीप गुप्ता,दीपमाला सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों के फर्जी हस्ताक्षर मामले में उपायुक्त ने लिया संज्ञान, मांगी जानकारी



जनप्रतिनिधियों के फर्जी दस्तक मामले में अभी तक कार्रवाई नहीं

नवीन मेल संवाददाता। डंडाई
जनप्रतिनिधियों के फर्जी दस्तक मामले की महीना दिन का समय बीत गया लेकिन अभी तक बीडीओ जागो ...

चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यह फजीर्वाड़ा सीधे तौर पर नारी शक्ति के अपमान से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि गांव की सरकार ...

**डंडाई।** जनप्रतिनिधियों के फर्जी हस्ताक्षर मामले में महीना दिन बाद भी कार्रवाई नहीं होने से संबंधित दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल शीर्षक में छपी खबर मामले में जिले की उपायुक्त शेखर जमुआर ने संज्ञान लिया है ।समाचार पत्र में छपी खबर की कटिंग के साथ पत्रांक 1011 दिनांक 24जून को उपायुक्त की ओर से जारी किए गए पत्र में उप विकास आयुक्त व बीडीओ को नियम संगत कार्रवाई कर उसका लिखित जानकारी देने का निर्देश दिया गया है। उसके अलावा मनरेगा से संचालित बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में 50000 की राशि लाभुक के बजाय वेंडरों के खाते में हुए भुगतान मामले में भी उपायुक्त के द्वारा संज्ञान लेने का काम किया गया है। संबंधित मामले में भी अखबार की कटिंग के साथ पत्राचार कर नियम संगत कार्रवाई की लिखित जानकारी उपायुक्त के द्वारा बीडीओ से मांगी गई है। बताते चलें कि 4 जून को प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित पंचायत समिति की बैठक में कुछ लोगों के द्वारा गांव की सरकार में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नाम का फर्जी दस्तक कर बैठक में भाग लिए पदाधिकारी व कर्मियों के साथ सवाल जवाब करने का काम किया गया था।

### मुहर्रम पर बड़की चौकी का जुलूस आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से निकला



**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में मुहर्रम का बड़की चौकी का जुलूस आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। बड़की चौकी का जुलूस चेचरिया, नगर उंटारी, बरडीहा, बम्बा, धवन, कोइन्दी, हुलहुला, सोनबरसा, कुशदण्ड, नरही सहित अन्य गांवों में निकाला गया जुलूस के दौरान बारिश होने के बावजूद भी या अली या हुसैन के नारों से इलाका गूंज उठा। ज्ञात हो कि हजरत इमाम हसन हुसैन अपने परिवार के साथ कर्बला में शहीद हो गये थे, लेकिन यजीद के आगे अपने सर नहीं झुकाया इस्लाम को मानने वाले लोग हजरत इमाम हसन हुसैन की याद में जुलूस के साथ मैदान-ए-जंग का दृश्य बड़े ही आकर्षक और नये अंदाज में पेश किया। बरडीहा जुलूस में सदर सह पूर्व मुखिया मुस्ताक अहमद शेख, उस्मान अंसारी, मसउवर अंसारी, राहत हुसैन, हैसियत अंसारी, मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर राकिब अनवर, असलम, नौशाद, सागिर, कासिफ, सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### जलापूर्ति को लेकर विशेष ग्राम योजना तैयार करने का निर्देश



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामो में जलापूर्ति योजनाओं से क्रियाशील जल द्वारा आच्छादित घरों में किये जा रहे जलापूर्ति को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने प्रखंड के जलसहिया और वार्ड सदस्यों के साथ बैठक किया बैठक में एफएचटीसी द्वारा घरों में किये जा रहे हैं। जलापूर्ति को लेकर विशेष ग्राम योजना तैयार करने के लिये विभिन्न बिंदुओं पर सभी वार्ड सदस्यों और जल सहिया को निर्देश दिया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पीएचडी विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमार ने जलसहिया और वार्ड सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति का सर्वेक्षण 11 जुलाई तक करने, योजना का प्रारूप तैयार करने में मदद करने,ग्राम वार जल सहिया, मुखिया, वार्ड सदस्य के द्वारा सर्वेक्षण के उपरांत जल सहिया के द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकड़ों का संकलन कर, आंकड़ों को दर्ज करा कर विधिक प्रपत्र पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि कार्य योजना को रांची भेजा जा सके। बैठक में प्रखंड समन्वयक राम किशुन, किशोर कुमार, शर्मा राम, शारदा पासवान, नीलम देवी, प्रीति देवी, फुल कुमारी, अंजू देवी, ममता देवी, सुषमा देवी, सरिता देवी, योगेंद्र कुमार पाल सहित बड़ी संख्या में वार्ड सदस्य और जल सहिया उपस्थित थे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ तालाब के पास सुंदरी देवी (50 वर्ष) सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला बालूमाथ साप्ताहिक बाजार मोटरसाइकिल से जा रही थी कि इसी क्रम में मोटरसाइकिल छठ तालाब के पास नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे महिला घायल हो गई। आसपास के लोगों के सहयोग से बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ द्वारा प्राथमिक उपचार कर महिला के उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। डॉक्टर के अनुसार महिला का सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं।

### कोलवाहन अनियंत्रित हो पुल के नीचे पलटा

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर खलहाखुदी के समीप मंगलवार को तेज रफ्तार कोलवाहन हाईवा अनियंत्रित हो पुल के डिवाइडर तोड़ते हुए नीचे पलट गया। जिसमें वाहन पूरी तरह छतिग्रस्त हो गई व चालक मौके से फरार हो गया। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी ली। बताया गया कि कोल वाहन हाईवा कटकमसांडी डंप से कोयला खाली कर चतरा की ओर लौट रहा था। इसी बीच अनियंत्रित हो पुल के नीचे पलट गया। मालूम हो कि चतरा-कटकमसांडी मुख्य पथ में कोल वाहन के तेज रफ्तार से कई दुर्घटना हुई है। जिसमे कई लोगों की जान जा चुकी है।

### बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को बीडीओ राहुल देव ने कर्मियों के साथ बैठक कर प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा की समीक्षा करते हुए पुराने योजनाओं को बंद करने का निर्देश दिया। जबकि आम बागवानी में तेजी लाने के साथ अधिक से अधिक मजदूरों को लगाने का निर्देश दिया। डोभा, तालाब सहित अन्य मिट्टी वर्ग के कार्य में किसी भी स्थिति में मजदूरों का डिमांड नहीं करने को कहा। बीडीओ ने अबुआ आवास, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, अंबेडकर आवास की समीक्षा करते हुए निर्माण में तेजी लाने के साथ अधूरे आवास को जल्द पूरा करने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया।

### नाबालिग वाहन चलाने से होते हैं दुर्घटना के शिकार : बीपीओ

**प्रतापपुर (चतरा)।** लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओ से आज की तारीख में कोई भी सबक लेने को तैयार नहीं है, बस यह मान कर चलते हैं कि जिसके साथ घटना घटी या मामला उसका था। आए दिन मोटरसाइकिल से गिरकर घायल होने से लेकर मौत तक का सफर करने वालों की संख्या में वृद्धि हो रही है। युवा मोटरसाइकिल चलाने के क्रम में कट मारना, चकमा देना या ऐसे भी लोग अक्सर देखें जाते है कि गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल से बात करते हैं। ऐसे में अचानक दुर्घटनाओं का शिकार होते रहते हैं।

#### पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई दिशा निर्देश, कहा

# पर्यटक स्थलों के देख-रेख एवं पर्यटकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार उपायुक्त ने जिला अंतर्गत प्रमुख पर्यटक स्थलों को विकसित करने के संबंध में तथा चिन्हित किए गए पर्यटक स्थलों में अब तक किए गए कार्यों को लेकर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान लातेहार प्रखण्ड मुख्यालय स्थित ततहापानी गर्म जलकुंड को श्रेणी डी में अधिसूचित करने, लातेहार जिला अन्तर्गत पर्यटक स्थलों के देख-रेख एवं पर्यटकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निमित ग्रामीण क्षेत्र में पर्यटन प्रबंधन क्लब का गठन किये जाने, नेतरहाट में अस्ट्रो पार्क, डिजिटल प्लेनेतृतिम और एस्ट्रोनॉमी एजुकेशन सेंटर की स्थापन हेतु अनुशंसा पत्र उपलब्ध करने, 3 दिवसीय पर्यटन महोत्सव नेतरहाट का आयोजन करने, जिला अन्तर्गत पर्यटक स्थलों के विकास कार्य एवं नये पर्यटक स्थलों को श्रेणीवार अधिसूचित करने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए नोडल पदाधिकारी पर्यटन कोषांग को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने समिति के सदस्यों से फील्ड भ्रमण करने की बात कही, पर्यटन एवं खेल के लिए किस तरह की विकास किए जाएं एवं संवेदक द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य हो रहा है या नहीं इसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा पर्यटन मद से कार्यान्वित योजनाओं के बारे में जानकारियां प्राप्त कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह,परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, सांसद प्रतिनिधि, चतरा विनीत मधुकर, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद, जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी पर्यटन कोषांग संजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी डीएमएफटी संतोष भगत, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य प्रमंडल, एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



### जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक संपन्न

**लातेहार।** उपायुक्त जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वनाधिकार अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र के प्रस्ताव तथा सामुदायिक वन पट्टा के प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के द्वारा बनहरदी कोल परियोजना अन्तर्गत पड़ने वाले जंगल, जंगल परती एवं गैर-मजरूआ खास की कुल 50.39 एकड़ भूमि का एफआरए एनओसी, अनुमण्डल स्तरीय वनाधिकार समिति, लातेहार के द्वारा ग्राम नवादा (अम्बाटोली), पंचायत- हेरहंज के एक अनुशंसित सामुदायिक दावा की स्वीकृति पर विचार विमर्श के उपरांत प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार प्रवेश अग्रवाल, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश उपस्थित थे।

#### 24 घंटे के अंदर चंदवा पुलिस ने किया विजय साव हत्याकांड का खुलासा

# हत्याकांड में शामिल अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र के टूढ़ामू गांव में हुए विजय साव की निर्मम हत्याकांड मामले का उद्भेदन चंदवा पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर कर लिया है। पुलिसिया अनुसंधान के बाद पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि विजय साव की हत्या आपसी विवाद के बाद प्रतिशोध में की कई गयी थी। हत्या में शामिल राजेश मिश्रा पिता सुधीर मिश्रा (सरोज नगर चंदवा) को पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से पटना से गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद पुलिस की टीम राजेश मिश्रा को लेकर घटनास्थल व उसके किराए के मकान में पहुंची व जांच पड़ताल किया। जांच पड़ताल में घटना स्थल से पुलिस ने खून से सना लाठी-डंडे के टुकड़े बरामद किये। पुलिस ने बताया कि उक्त हत्याकांड में राजेश मिश्रा का भाई शक्ति मिश्रा भी शामिल है, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। बतादें कि विजय पूर्व में शुक्रबाजार में ही रहता था। कुछ दिन पूर्व ही वह टूढामु में अपना घर बनाकर रह रहा था।



मृतक का फाईल फोटो

### अंतिम संस्कार में शामिल हुए हिन्दू-मुस्लिम

विजय साव हत्याकांड मामले में पोस्टमार्टम के बाद विजय का शव परिवार का कोई सदस्य मौके पर मौजूद नही होने के बाद अलौदिया के हिन्दू-मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों ने अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की।

### आपसी विवाद में हुई हत्या

पुलिस के समक्ष पूछताछ में राजेश मिश्रा ने बताया कि विजय साव उसका दोस्त था। रविवार की दोपहर विजय साव व शक्ति मिश्रा के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसमें विजय ने शक्ति की पिटाई की थी, इसी से आक्रोशित शक्ति रविवार की रात्रि करीब दस बजे राजेश मिश्रा के साथ विजय के घर पहुंचा व विजय साव ने जैसे ही घर का दरवाजा खोला, वैसे ही विजय के सिर पर वार कर दिया गया, जिससे वह जमीन में गिर गया, जिसके बाद लाठी, डंडे से पीटकर उसकी हत्या कर दी गयी। बतादें कि गिरफ्तार राजेश मिश्रा का आपराधिक इतिहास रहा है, पूर्व में भी वह एक आपराधिक मामले में जेल भी जा चुका है।

# बैक टू स्कूल कैंपेन : सभी विद्यालयों में 16 से 31 तक चलेगा रूअर कैंपेन




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

मंगलवार को जिला मुख्यालय में गुरुगोष्टी के साथ बैक टू स्कूल कैंपेन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन दीप प्रज्वलन कर जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव यादव, बीडीओ राहुल कुमार, बीईईओ संतोष सिंह, मुखिया अनिता देवी, बीपीओ राहुल व पीरामल फाउंडेशन की प्रतिनिधि प्रेरणा ने सुयक्त रुप से किया। कार्यक्रम की शुरूवात चेतना सत्र से हुई। बताया गया कि रूअर कैंपेन 16 से 31 जुलाई तक हर विद्यालयों में चलेगा। जिसका उन्मुखीकरण मो. इजाजुल हक द्वारा किया गया। उसके साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, प्रोजेक्ट इंपैक्ट से संबंधित नो कॉस्ट और लो कॉस्ट एक्टिविटीज पर चर्चा हुई। पीरामल फाउंडेशन की प्रतिनिधि द्वारा एमडीए-आईडीए प्रोग्राम पर उन्मुखीकरण हुआ। जिसमें फाइलेरिया नामक बीमारी पर जागरूकता प्रदान कराई गई और विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने की बात की गई। उक्त प्रोग्राम की शुरूवात अगले महीने से होगी। जिसमें सरकार द्वारा नागरिकों को दवाई खिलाई जाएंगी। कार्यक्रम में चतरा प्रखंड के लगभग 150 शिक्षकों के साथ रिसोर्स टीचर विनय कुमार, बीआरपी, सीआरपी और अन्य बीआरसी कर्मी मोजूद थे।

# नौ सूत्री मांग को लेकर कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर किया कार्य




**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड (चतरा)**

मयूरहंड प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी नव सूत्री मांग को लेकर काला बिला लगाकर कार्य किया। कर्मचारियों ने बताया कि उनकी 28 मांगों से सम्बन्धित मांग पत्र 15 अक्टूबर 2022 को सरकार को सौंपा गया था, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई भी प्रगति नहीं हुई। इसके बाद 9 सूत्री मांगों को पूरा करने के लिए कई बार प्रतिनिधि मंडल ने पदाधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन उस पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से कहा कि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो सभी कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर जाएंगे। मांगों में निम्नवर्गीय लिपिक के ग्रेड पे को 1900 से बढ़ाकर 2400 करने, उच्च वर्गीय लिपिक में प्रोन्नति देने के लिए निर्धारित अवधि को 8 वर्ष से घटाकर 4 वर्ष करना शामिल है।

# भाड़ा वृद्धि को लेकर आठ दिन धरने के बाद ट्रक ऑनर अब भूख हड़ताल पर

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

अनुमंडल पुलिस क्षेत्र अंतर्गत मगध के चमातू कांटा नंबर 10 के पास पिछले 8 दिनों से विस्थापित प्रभावित ट्रक ओनर भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं जिसका बीते दिन सोमवार को सीसीएल प्रखंड प्रशासन के साथ-साथ ट्रांसपोर्टर के साथ ट्रक ऑनर की वार्ता हुई पर ट्रांसपोर्टर ने भारत वृद्धि की बात को स्वीकार नहीं किया और वह वार्ता स्थल से बीच में ही उठकर चले गए इसके बाद ट्रक ऑन रोड ने भूख हड़ताल का रास्ता अपनाया जिसके बाद मंगलवार 16 जुलाई से ट्रांसपोर्टर भूख हड़ताल कर रहे हैं जिसकी जानकारी मिलने पर बाकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शशि भूषण मेहता धरना स्थल पर पहुंचे ट्रक ऑन रोड का समस्या को सुन उनकी मांगों को जायज बताते हुए उन्होंने कहा कि अगर ट्रक ऑन ओनर का आंदोलन उग्र होता है तो इसका जवाब दे ही मैनेजमेंट ट्रांसपोर्टर और कंपनियों को देने होगा बता दें कि भूख हड़ताल में बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी भी धरना स्थल पर बैठे हुए हैं और आंदोलनकारी के भाड़ा वृद्धि की मांग को सही बताते हुए कंपनी एवं ट्रांसपोर्टर उनकी मांगों को पूरा करने की बात कही जा रही है। बता दे की भूख हड़ताल पर बैठे आंदोलनकारी चेतलाल रामदास ने बतलाया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाएगी तब तक हम भूख हड़ताल पर रहेंगे वहीं ट्रक ऑनर त्रिवेणी साव, सतनारायण साहू, मुकेश राम, राजेंद्र राम, केदार साव, राजेश राम, संभू साव, मिथुन साव के साथ बालूमाथ तेरे गाडा लातेहार टंडवा सिमरिया आरा, चमातू के सैकड़ो ट्रक ऑनर भूख हड़ताल में बैठे हैं।



## न्यूज | बॉक्स

### मांगों को लेकर 18 से मनरेगा कर्मी रहेंगे हड़ताल पर



**बरवाडीह।** राज्य भर के मनरेगा कर्मी बुधवार से अपनी स्थाईकरण और वेतमान की पूर्व से चली आ रही माँग कों लेकर सकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। संघ के आह्वान पर आयोजित सकेतिक हड़ताल कों लेकर सोमवार कों प्रखंड मनरेगा संघ ने अपने हड़ताल पर जाने को लेकर लिखित जानकारी प्रखंड कार्यालय को संघ के अध्यक्ष सतेन्द्र पासवान और सचिव कमलेश सिंह के नेतित्व में सौपा गया। अपनी मांग को लेकर संघ के सचिव कमलेश सिंह ने बताया की राज्य की वर्तमान सरकार मनरेगा कर्मियों से किये वादे से बारझबार मुकर रही हैं जिसके खिलाफ एक बार फिर चरणबद्ध तरिके से आंदोलन की शुरूआत की जा रही हैं जिसके तहत राज्य भर के मनरेगा कर्मी 18 जुलाई से 20 जुलाई तक सकेतिक हड़ताल पर रहेंगे जिसके बाद भी सरकार नहीं सुनती तो फिर 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। मांग पत्र सौंपे जाने के दौरान मौके पर बीपीओ त्रिवेणी राम, कनीय अभियंता संदीप कुमार, रवि कांत रवि, मनोज कुमार, जीतेद्र रजक समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### आज निकलेगा ताजिया के साथ पहलाम का जुलूस बड़ी संख्या में शामिल होंगे मुस्लिम धर्मावलंबी



**चंदवा।** मुहर्रम की नवीं तारीख के अवसर पर मंगलवार को नवमी का जुलूस निकाला गया। जुलूस चंदवा प्रखंड के शुक्रबाजार, कामता बेलवाही, कुजरी, तिलैयाटांड़ परसाही से निसान लेकर या हसन या हुसैन का नारा लगाते हुए शुक्र बाजार, कामता कुजरी के लोग हरैया मोड़ पहुंचे जहां सभी निशान का मिलान कर फातिहा पढ़ा गया। समाजसेवी रियाज खान ने कहा कि चंदवा आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश देते आया है और आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा। मुस्लिम समुदाय में ऐसी मान्यता है कि मैदाने करबला में जालिमों ने हजरत इमाम पर 7 वीं मुहर्रम से पानी बंद कर दिया था मुहर्रम की 8 वीं तारीख ( 8 मुहर्रम ) को जब अहले-बैत के छोटे बड़े प्यास से बेहाल हो गए और अलअतश अलअतश (प्यास-प्यास) की आवाजें आने लगीं तो हजरत इमाम हुसैन ने वहाँ एक कुंआ खुदवाया जिससे प्यासे लोगों ने पानी पिया लेकिन एकाएक वह कुंआ अपने आप ही गायब हो गया।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने परियोजना निदेशक सह आईटीडीए को ज्ञापन सौंपा



**बरवाडीह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को परियोजना निदेशक को एक मांगपत्र देकर कल्याण विभाग द्वारा बरवाडी छात्रावास शुरू करने छात्रावास के विभिन्न समस्याओं को दूर करने की मांग किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्र का राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव, जिला सोशल मीडिया प्रमुख सह एसएफडी प्रमुख अतुल कुमार सिंह परियोजना निदेशक को दिए अपनी मांग पत्र में लातेहार जिले में कल्याण विभाग से संचालित छात्रावास की विभिन्न समस्याओं को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया। जिले के अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास में बड़ा स्ट्रीट लाइट, पीने का शुद्ध पानी, किचन सेड, लाइब्रेरी, गैस सिलेंडर, नाइट गार्ड वहीं अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में भवन में बरसात के दिन में हो रहे पानी सीपेज को दूर करने समेत बरवाडीह प्रखंड के अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में शौचालय निर्माण करने, शुद्ध पानी पीने की व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौपा है। परियोजना निदेशकने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### मुहर्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बरियातू पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**बारियातू।** थाना क्षेत्र मे मुहर्रम पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी राजा दिलावार के नेतृत्व मे बारियातू के विभिन्न स्थानों मे फ्लैग मार्च निकाला गया। 17 जुलाई को मुहर्रम पर्व है जिसे शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाने के लिए लोगों को अपील किया। साथ ही लोगों से मुहर्रम पर्व के जुलुस मे किसी तरह का शांति भंग न हो जिसको लेकर पुलिस सशक्त है। पुरे क्षेत्र मे शांति माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस प्रखंड मुख्यालय, बारियातु बस्ती, इटके, फूलसु, बरछीया बठेठ सहित अन्य स्थानों मे पेट्रोलिंग के साथ फ्लैग मार्च भी निकाला। बताते चले की 17 जुलाई को मुहर्रम पर्व है ।। बारियातू प्रखण्ड मे हर धर्म का त्यौहार शांति पूर्ण तरीके से मनाया जाता जाता हैं व पुरे क्षेत्र मे भाईचारगी का मिशाल पेश किया जाता है यहाँ किसी तरह कभी भी वाद बिवाद नहीं हुआ है। मिशाल को बनाए रखने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस पैनी नजर रखे हुई है। फ्लैग मार्च मे थाना परिवार के रितेश तिग्गा, राजकिशोर प्रसाद, द्वारिका नाथ पांडे, निर्मल मंडल, जीतेन्द्र कुमार, बालेश्वर गंझु, मिथलेश सिंह, संतोष पाठक, सहित थाना के कई सशस्त्र जवान मौजूद थे।

**जनता दरबार** — उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, संबंधित पदाधिकारी को दिए निर्देश

# फर्जी कागज से जमीन हड़पने की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने मंगलवार को जनता दरबार में मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन, भूमि विवाद, दिव्यांग, शिक्षा, सड़क, विद्युत, वनपट्टा समेत अन्य मामला आए। उपायुक्त ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों के आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द समस्याओं का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही मौके पर ही संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले के निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में चतरा जिले के टंडवा प्रखण्ड के एक दिव्यांग ने कुछ भू माफियाओं द्वारा फर्जी कागज बनाकर जमीन को हड़पने की बात कही, जबकी मुझे उक्त भूमि पर न्यायालय से डिग्री हासिल हैं। इसके बाबजूद माफिया जमीन लुट लेना चाहते हैं और मुझे जान से मारने की धमकी भी देते हैं। इस पर उपायुक्त ने अंचल अधिकारी टंडवा को मामले की जांच करते हुए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार हंटरगंज प्रखंड के रामकृत भुइयां ने बताया कि वह अत्यंग गरीब है और टुटा फुटा कच्चा मकान है। जिसमें बारीस के समय में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अबुआ आवास सूचि में उसकी पत्नी का नाम वरीयता क्रम संख्या 25 में है। लेकिन आवास का लाभ नहीं दिया गया। इस संदर्भ में उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी हंटरगंज को नियम संगत जांचोपरांत लाभान्वित करने का निर्देश दिया।




# त्योहार शांति, सौहार्दपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ मनाएं : सीडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

आगामी त्योहार को देखते हुए पुलिस ने एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का आयोजन बालूमाथ मुख्य मार्ग मुरपा मोड़ पर किया गया ।इस मॉक ड्रिल अभ्यास में आंसू गैस, पानी का बौछार और कई राउंड फायर भी प्रदर्शन कारियों पर किए गए। मौके पर एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने बतलाया कि आगामी त्योहार को लेकर लातेहार पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि आगामी त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण मनाएं। कोई भी असामाजिक तत्व शांति सौहार्द को खराब करने का कोसिस करेगा तो उस पर कानून शख्ति से पेश आया जाएगा। मौके पर बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बतलाया कि पुलिस सोशल मीडिया धार्मिक स्थल आदि स्थान ड्रोन कैमरा से चारों तरफ नजर बनाई हुई है कोई भी असामाजिक तत्व बच नहीं पाएंगे। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि किसी प्रकार का कोई शांति व्यवस्था को भंग करने का कोशिश करे तो इसकी जानकारी तुरंत नजदीकी थाना पर दें। ताकि उस पर कानून करवाई किया जा सके। बता दे की बालूमाथ थाना अंतर्गत सेंसिटिव क्षेत्र शेरेगड़ा मासीयातू ,मुर्पा आदि पंचायत में भी पुलिस ने फ्लैग मार्च किया है।



## जहां से विकास की योजनाओं का संचालन, वहां गंदगी का अंबार





**नवीन मेल संवाददाता**

**जारी।** चैनपुर अनुमंडल के जारी प्रखंड कार्यालय में जिस स्थान से 5 पंचायत व 52 गांव के विकास का खाका खींचा जाता है। जहां से विकास की योजनाओं का संचालन किया जाता है। उस परिसर में बने शौचालय में गंदगी का अंबार है। जबकि प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपनी समस्याओं व अन्य कामों को लेकर पहुंचते है। बात हो रही है जारी ब्लॉक भवन में बने पुरुष व महिलाये शौचालय की सफाई न होने से यहां लोग अंदर नही घुसते और उन्हें परेशान होना पड़ता है। इस परिसर में भवन के साथ आफिस भी हैं।यहां दिनभर लोगों का आना जाना लगा रहता है। ब्लाक परिसर में मेन गेट से घुसते ही बगल में शौचालय बना हुआ है। जबकि ऊपर तल्ला में भी शौचालय की साफ सफाई काफी दिनों से नही हुई है। शौचालय में पानी भी नही है। वही कई शौचालयों का फलस भी टूटा हुआ है। वही सफाई और देखरेख के अभाव में शौचालय निष्प्रयोज्य साबित हो रहा है। अंदर गंदगी अधिक होने के कारण दुर्गन्ध फैला रहा है वही शौचालय में घुसना भी मुश्किल है। साथ ही जो भी फरियादी ब्लाक मुख्यालय पहुंच रहे हैं उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। जिम्मेदार इस ओर ध्यान नही दे रहे है। शौचालय की साफ सफाई कराए जाने की जरूरत है पर जिम्मेदार बेपरवा हैं। वही भवन जब से बना है। शौचालय की यही स्थित बनी हुई है। संवेदक के द्वारा शौचालय का निर्माण घटिया तरीके से किया हुआ है। जिसका समियाज ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

### सांसद सुखदेव भगत ने जिला के विकास कार्यों की समीक्षा की, कहा

# समन्वित प्रयास से जिले के विकास के लिए तत्परता के साथ खड़े हैं

*प्रशासन व आमजन की बातों और समस्याओं को सरकार तक पहुंचाएंगे : सांसद सुखदेव भगत*




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि जिले के विकास के लिए वह हमेशा से तत्पर हैं। लोग अपनी बातों एवं समस्याओं को रखें इसको वे राज्य एवं केंद्र सरकार तक पहुंचाएंगे और उनके समस्याओं का निदान का भरसक प्रयास करेंगे। वे जिले के आम जन एवं प्रशासन के साथ हमेशा खड़े हैं। समन्वित प्रयास से ही जिले का समुचित विकास होगा। इच्छा शक्ति से हर समस्या का निदान किया जा सकता है। मौके पर उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह सेखावत, वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेन्द्र सिंह मुंडा, निदेशक आईटीडीए सुशमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, डीसीएलआर सुजाता कुजूर, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद दास, जिला सब रजिस्ट्रार सुभाष दत्ता, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज सहित जिला के सभी विभागों के विभागीय प्रधान उपस्थित थे।

### विभागीय योजनाओं की समीक्षा की, दिये कई निर्देश

इधर मनरेगा की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि इस योजना में ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों की भागीदारी बढ़ायें। बिरसा हरित ग्राम के तहत लगाए गए पौधों को उन्होंने समुचित देखभाल करने को कहा ताकि भविष्य में उसका विकास अच्छा हो। उन्होंने वीर शहीद पोटो हो, बिरसा सिंचाई कूप, आधार आधारित भुगतान प्रणाली, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास आदि महत्वपूर्ण संचालित योजनाओं की एक-एक कर जानकारी लेते हुए समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समेकित जनजाति विकास अभिकरण के कार्यों के समीक्षा के क्रम में उन्होंने ज्यादा से ज्यादा छात्रों को प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से ससमय अच्छादित करने का निर्देश दिया । इसके साथ ही उन्होंने कुक्कुट पालन योजना एवं एम.एस.डी.पी. के तहत संचालित विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के क्रम में उन्होंने जिले के सदर अस्पताल के आई.सी.यू. को और भी ज्यादा दुरुस्त करने को कहा। साथ थी उन्होंने डायलिसिस सेंटर को नियमित रूप में संचालित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया।

## एक नजर

### कर्मचारी संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की दी धमकी



**गुमला।** गुमला-झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) के द्वारा संघ के ज्ञापांक 41 दिनांक 14/07/2024 के द्वारा पूर्व में घोषित कार्यक्रम के तहत 09 सूत्री मांग की पूर्ति हेतु समाहरणालय गुमला अंतर्गत सभी ब्लॉक एंव अंचल कार्यालय, पर अनुमण्डल कार्यालय तथा उपायुक्त के कार्यालय में कार्यरत सभी लिपिक, अनुसेवक एंव कम्प्यूटर ऑपरेटर के द्वारा काला बिल्ला लगा कर सरकारी कार्य निष्पादित किया गया। सभी कर्मियों में सरकार के विरुद्ध काफी रोष है, यदि सरकार हमारी 09सूत्री मांगो को पूरा नहीं करती है तो संघ के द्वारा निर्धारित तिथि के तहत दिनांक 18/07/2024 को अपराह्न 2 बजे से 05 बजे तक पेन डाउन एंव दिनांक 20/07/2024 को गुमला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए संध्या में कैंडल मार्च कर दिनांक 22/07/2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे।

### मुहर्रम जुलूस के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

**लोहरदगा।** मुहर्रम जुलूस को लेकर 17 जुलाई को लोहरदगा जिले के शहरी और ग्रामीण इलाके में बिजली आपूर्ति सुरक्षा के लिहाज से एहतियातन अपराह्न दो बजे से रात 10 बजे तक बंद रहेगी। बिजली सहायक अभियंता अजू कच्छप ने बताया कि जुलूस के समाप्ति के बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### नए थाना प्रभारी ने अपना योगदान दिया



**चैनपुर।** चैनपुर थाना में कुंदन चौधरी ने मंगलवार को नए थाना प्रभारी के रूप में अपना योगदान दे दिया है। इसके पूर्व में वे बिशनपुर के थाना में पदस्थापित थे। मीडिया कर्मियों से बातचीत के क्रम में थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी को कम करना है। कहा कि बड़ा थाना क्षेत्र में बड़ी बड़ी चुनौती भी है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए लोगों का सहयोग अपेक्षित है। पुलिस हमेशा सेवा के कार्य के लिए तत्पर है।

13 सदस्यों के साथ टूटे फूटे झोपडीनुमा छप्पर में रहने को विवश

## आवास के लिए दर-दर भटक रही विधवा महिला



*सरकार के गरीबों का मसीहा बनने का दावा की जमीनी हकीकत कुछ और ही*

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** सिर छिपाने के लिए सरकार गरीब को पक्का आवास देने की बड़ी बड़ी घोषणा कर रही है। साथ ही लाखो गरीब को अबुवा आवास देकर सरकार गरीबो का मसीहा होना का दावा कर रही है पर जमीनी हकीकत कुछ और है। प्रखंड के भीठा पंचायत के आदिवासी बहुल गांव मकुन्दा मे एक विधवा महिला अबुवा आवास योजना के तहत आवास के लिए जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारियों के चक्कर काट काट कर परेशान हो गई है। लेकिन उसे आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। महिला मुखिया से लेकर उच्च अधिकारियों तक अपनी गुहार लगा चुकी है। फिलहाल 13 सदस्यों का वह बड़ा परिवार के साथ झोपडीनुमा छप्पर के बने टूटे फूटे घर में रहने को मजबूर है। मकुन्दा गांव निवासी बुधनी लोहरा पति स्व मंगल लोहरा ने बताया कि आवास का पात्र होने के बाद भी वह उससे वंचित हैं और वर्षों से दर-दर भटक रही हैं। पिछले दो वर्ष में वह ग्राम प्रधान से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक गुहार लगा चुकी हैं। लेकिन कहीं पर भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़ित महिला के पति मंगल लोहरा का 8 वर्ष पहले देहांत हो चुका है। महिला के चार पुत्र है जिनमे दो पुत्र की शादी हो चुकी है. बड़े पुत्र के चार संतान है जबकि दूसरे पुत्र के दो संतान है दो पुत्रो की शादी नहीं हुई है। परिवार के भरण पोषण के लिए वह मजदूरी कर गुजारी करती हैं। बताया कि आवास न मिलने के कारण वह परिवार के साथ छप्पर व फूस से बने घर में रहने को मजबूर हैं। पहले कच्चे कमरे थे, लेकिन इस बार की बरसात में वह भी टूट गए। सर्दी, गर्मी व बरसात के मौसम में इसी तरह गुजर बसर करने को मजबूर हैं।

## मामूली विवाद में पति ने की पत्नी की पीट- पीटकर हत्या

### हत्यारा पति फरार, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के पतलो ग्राम निवासी स्वर्गीय चतुर चिक बड़ाइक का 55 वर्षीय पुत्र नरेश चिक बड़ाइक ने सोमवार रात्रि में मामूली विवाद में अपनी पत्नी की हत्या कर दिया। वही बताया जाता है कि नरेश चिक बड़ाइक शराब का सेवन करने के बाद प्रायः परिवार से लड़ाई झगड़ा करता रहता था. जिसके कारण अक्सर पत्नी लाली देवी ईंट भट्ठा कमाने चली जाती थी।इस बार भी ऐसा ही हुआ था।जो उत्तर प्रदेश के गोरखपुर ईंट भट्ठा से कमा कर एक माह पहले आई थी कि पति पत्नी के बीच विवाद हुआ और हत्या की घटना को अंजाम दे पति फरार हो गया। जानकारी के अनुसार नरेश चिक बड़ाइक शराब के नशे में अपनी पत्नी लीला देवी से लड़ाई करने लगा और गुस्से में आ कर अपनी पत्नी को घर के आंगन में पटक पटक कर लात मुक्का से मार पिट करने लगा और घसीट कर घर के अंदर ले गया। मार पीट एवं पटकने से सिर में गहरी चोट लगने के अलावे शरीर के कई हिस्से में भी अंदरूनी चोट लगने का निशान है। जिससे महिला की मौत हो गई। मृतक महिला लाली देवी का पुत्र प्रकाश चिक बड़ाइक गांव में ही दोस्त के घर सोने गया हुआ था। घर में दोनों पति पत्नी थे।तभी महिला लाली देवी के पति नरेश चिक बड़ाइक ने मार पीट कर और पटककर पत्नी की हत्या कर दिया। हत्या के सूचना ग्रामीणों के माध्यम से मुखिया बंधन उरांव को दिया गया। जिसे बंधन उरांव ने सेन्हा थाना पुलिस को खबर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार दल बल के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया और अग्रतर करवाई में जुट गये। वही हत्यारा पति नरेश चिक बड़ाइक हत्या करने के बाद से फरार है।

### सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध महिला की रांची रिम्स ले जाने के दौरान मौत

कंडरा चौक में हुई सड़क दुर्घटना में बुटी मोड़ निवासी स्वर्गीय पारसनाथ भगत की 75 वर्षीय पत्नी फुलमनी उरांव गम्भीर रूप से घायल हो गई थी। जिसको इलाज के लिये रिम्स रांची ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक में सोमवार को अपराह्न में बोलोरो संख्या जे एच 01डी 1254 के चालक लापरवाही से वाहन चलाते हुए बुटी की ओर जा रहा था।उसी दौरान कण्डरा में बुटी मोड़ के समीप 75 वर्षीय वृद्ध महिला फुलमनी उराँव को अपने चपेट में ले लिया। जिससे महिला के पैर में गम्भीर चोट तथा माथे में अंदरूनी भी चोटें आई थी।जिसे प्राथमिक उपचार के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा से सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया था। परंतु घायल वृद्ध महिला का स्वास्थ्य स्थिति में सुधार नही होने पर चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज हेतु रिम्स रांची रेफर किया गया था।

जेएसएलपीएस का गरिमा सम्मेलन सह जन सुनवाई संपन्न

## डायन-बिसाही से पीड़ित लोगों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ना सराहनीय : बीडीओ




**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन मे मंगलवार को जेएसएलपीएस व जिला मिशन प्रबंधक द्वारा प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जन सुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रबंधक अभिलाषा कुमारी ने अतिथियों का अभिवादन किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सामाजिक विकास के जिला प्रबंधक बिनोद होरो ने कहा कि प्रखंड स्तर पर इन सभी लाभुकों का नेटवर्क बनाया जाएगा। ताकि प्रखंड के किसी भी क्षेत्र में अगर किसी को डायन कहकर प्रताड़ित किया गया तो उसकी सुरक्षा देने में सहयोग करेंगी। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि प्रखंड में डायन-बिसाही कुप्रथा से पीड़ित लोगों को चिन्हित कर समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ऐसी परियोजनाओं का धरातल पर उतारने के लिए जेएसएलपीएस सराहनीय कार्य कर रही है। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा की स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी मामला में चिकित्सा की हर सुविधा प्रखंड में उपलब्ध है आज शिक्षा और स्वास्थ्य की बहुत जरूरत है।

**कार्यक्रम** 35 वां क्षेत्रीय कबड्डी व खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

# खेल अनुशासन के साथ चरित्र निर्माण का साधन है : ख्याली राम

*लोक शिक्षा समिति उत्तर बिहार, भारती शिक्षा समिति दक्षिण बिहार एवं विद्या विकास समिति झारखंड से कुल 432 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती के योजना अनुसार 35 वां क्षेत्रीय खो-खो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बिहार क्षेत्र में तीन प्रांतीय समिति क्रमशः लोक शिक्षा समिति उत्तर बिहार, भारती शिक्षा समिति दक्षिण बिहार एवं विद्या विकास समिति झारखंड से कुल 432 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कुल प्रतिभागी 432, निर्णायक 37, पूर्णकालिक 10, व्यवस्थापक 72, अन्य 42 की संख्या के साथ कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन ध्वजारोहण एवं शंखनाद के साथ किया गया। मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम ने कहा खेल अनुशासन के साथ चरित्र निर्माण का साधन है। मुख्य अतिथि हिंडाल्को मैनेजर नीरज कुमार ने कहा कि खेल भविष्य निर्माण का माध्यम है। अध्यक्ष शशिधर अग्रवाल के अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। परिचय शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास एवं मंच संचालन विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने किया । एकल गीत बहन आरुषि ने गाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन मंत्री खयाली राम, क्षेत्रीय सचिव नकुल कुमार शर्मा,विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी,भारती शिक्षा समिति के सचिव प्रदीप कुशवाहा, संयोजक अजय प्रसाद , किनेश्वर महतो, कल्याण आश्रम के कृपा प्रसाद, राघव राणा, शिवशंकर प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, अखिलेश कुमार, सुरेश मंडल, कृष्ण प्रसाद, राजेश प्रसाद, विवेक नयन, वीरेन टुडू, फणीश्वर नाथ, विजय रंजन शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा, मनोहर लाल सरस्वती शिशु मंदिर एवं सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के समस्त आचार्य दीदीजी कर्मचारी बंधु भगिनी एवं बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर दिया गया नौकरी, उपायुक्त ने सौंपा नियुक्ति पत्र





**गुमला।** अनुकंपा के आधार पर नौकरी से सम्बंधित पूर्व में हुए जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में , स्व० लालमोहन भगत, घाघरा प्रखंड के निवासी के आश्रित पुत्र सुबोध कुमार भगत को अनुकम्पा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर तृतीय वर्ग के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं घाघरा प्रखंड के स्व. सुमराय मनोहर के आश्रित पुत्र निशांत थॉमस टोप्पो को उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर तृतीय वर्ग के पर नियुक्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके तहत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने कार्यालय कक्ष में दोनो ही आश्रितों को अपने हाथों से नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। एवं उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उक्त आश्रितों को नियुक्ति के अलावा उन्हे सरकार के द्वारा निर्धारित वेतन भत्ता के अतिरिक्त समय-समय पर स्वीकृत जीवन यापन भत्ता एवं अन्य भत्ते भी देय होंगे ।

### बीडीओ के कार्यालय कक्ष में निर्वाचन संबंधित कार्यों को लेकर पर्यवेक्षकों के साथ की बैठक



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने मंगलवार को दिन के 1 बजे अपने कार्यालय कक्ष में निर्वाचन संबंधित कार्यों को लेकर पर्यवेक्षकों के साथ बैठक किया। बैठक में बीडीओ ने निर्देश देते हुए पर्यवेक्षकों को कहा कि डोर टू डोर बीएलओ द्वारा किए गए निर्वाचन संबंधित कार्यों का सत्यापन करें। इसके साथ ही नए मतदाता जिनकी उम्र सीमा 18 वर्ष या उससे ऊपर हो चुकी है। प्रपत्र भरकर जमा करवाए। ताकि नए मतदाता बन सके और अपना मत का प्रयोग कर सके। इसके साथ ही मृत हो चुके मतदाताओं को चिन्हित कर प्रपत्र भरवाये और नाम हटाने की प्रक्रिया करे।इसके साथ ही जो मतदाता स्थानांतरित हो चुके हैं। उनका चयन कर मतदाताओं का नाम हटाए। मौके पर उपस्थित लोगों में बीपीआरओ शंकर साहू, कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो, सहित कई कर्मी उपस्थित थे ।

### स्कूल रूआर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**गुमला।** शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय घाघरा के सभागार में रुआर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गुमला उक्त कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में समग्र शिक्षा अभियान के तहत 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालय में शिक्षा पूर्ण कराना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चों के नामांकन एवं ठहराव बनाने को लेकर कई जानकारी दी गई। साथ ही यह भी जानकारी दिया गया कि जो बच्चे विद्यालय से बाहर रह गए हैं और बच्चे एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चे माता-पिता अभिभावक तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। ताकि एक भी बच्चा विद्यालय के शिक्षा प्राप्ति से बाहर ना रहे। बच्चे अपने शिक्षा पूरा करें। वित्तीय वर्ष 2024-25 में चिन्हित सभी अनामांकित बच्चों एवं क्षितिज बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना। प्राथमिक विद्यालय का निकटतम मध्य विद्यालय से मैपिंग करना, मध्य विद्यालय का निकटतम उच्च विद्यालय तथा उच्च विद्यालय से कॉलेज या उच्चतर में मैपिंग कराना। उसके साथ ही आंगनवाड़ी में पढ़ाई कर रहे 5 वर्ष से ऊपर आयु के बच्चों को विद्यालय में नामांकन कराना व कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि इस कार्यक्रम के निमित कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। जिसे लेकर सभी के प्रयास से ही यह संभव है।मौके पर बीपीओ पुष्पा टोप्पो,शिक्षक विजय साहू, दीपक कुमार,अजय कुमार, सहित कई शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

### प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर कार्य किया

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने सरकार द्वारा अनुमोदित उच्च स्तरीय अनुशंसा के आलोक में अपनी मुख्य मांगो को लेकर सरकार के प्रति रोष प्रकट करते हुए काला बिल्ला लगा कर कार्य किया गया। झारखण्ड राज्य आनुसचिवीय कर्मचारी संघ के आह्वाहन पर समाहरणालय सहायक, मुख्य अनुसचिवीय पदाधिकारी, सहायक प्रशासी अधिकारी, समाहरणालय वरीय सहायक,प्रशासी अधिकारी सहित नौ सूत्री के तहत विभिन्न मांगों को लेकर सेन्हा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कार्यरत तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों ने मंगलवार को काला बिल्ला लगा कर सरकार के प्रति रोष प्रकट करते हुए कार्य किया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रधान लिपिक बिफई उरांव ने जानकारी देते हुए बताया गया की अपनी मांगों को लेकर झारखंड अनुसचिवी कर्मचारी संघ द्वारा 14 जुलाई को राजभवन का घेराव किया गया था। साथ ही कहा गया की सरकार कर्मचारी संघ की मुख्य मांगो को नही मानती है।तो आगामी 18 जुलाई को 2 बजे 5 बजे तक पेन डाउन हड़ताल पर रहेंगे। 20 जुलाई उपायुक्त को ज्ञापन देते हुए जानकारी दिया जायेगा कि 22 जुलाई से अभी कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल रहेंगे। मौके पर दिनेश कुमार सिंह, जुनैद अहमद, जयराम उरांव, इकबाल अंसारी, पूजा कुमारी, कमला लकड़ा, गणेश महली, महावीर असुर, बिंदु कुमारी, दिवाकर पाण्डेय, विनय सिंह, खालिद बेलाल सहित अन्य सभी कार्यरत कर्मचारी उपस्थित थे।

### गुमला में 30 महिलाओं से वाशिंग पाउडर निरमा का फैक्ट्री खोलने के नाम पर ठगी



**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय में मंगलवार को सभी 30 महिलाएं गुमला पहुंच कर मजदुर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश वा गुमला जिला कार्यालय में प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं गुमला जिला टीम को लिखित आवेदन देते हुए बताया की हम सभी 30 महिलाओं से दो लोगों ने 2साल पूर्व हमसे एचडीएफसी बैंक से 25+25 हजार प्रति महिला से लोन निकलवाया। टोटल-7,50000 तथा पुरे रुपया को लिखित रूप से लिया। खुद को यूथ यूचो रेवालशन प्रा -लि-कंपनी का डायरेक्टर,वा फिल्ड मनेजर कह कर हमसे रुपया लिए और सर्फ निरमा बनाने वाली मशीन देने कि बात कहा गया। जिसमें बिजय कुमार साहू रकमसेरा गुमला प्रखंड तथा दुसरा आजंन गांव के अंकित पाठक है जो हम सभी 30 महिलाओं से कोर्ट में एग्रीमेंट भी किया। लेकिन अब तक ना सर्फ निरमा का फेक्ट्री लगवाए और ना ही दिया गया राशि वापस कर रहे हैं। हम सभी महिलाओं ने लिए गए लोन का राशि किसी तरह बैंक में 30,960+30,960 करके कुल राशि 9,28,800 भरे।

## न्यूज बॉक्स

### प. सिंहभूम में अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दो युवकों को रौंदा, मौत



**पश्चिमी सिंहभूम।** रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच-75 ई पर चक्रधरपुर थाना क्षेत्र में उलीडीह गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार दो युवकों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना सोमवार देर रात की है। बताया जाता है कि चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के चंद्री गांव निवासी बुधराम सरदार और विभु बारला किसी काम से चक्रधरपुर आए थे। सोमवार देर रात लगभग दो बजे स्कूटी से वापस गांव जा रहे थे। इस बीच रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच-75 ई पर उलीडीह गांव के पास किसी अज्ञात भारी वाहन ने दोनों को टक्कर मार दिया। इस घटना में दोनों बुरी तरह घायल हो गए थे। करीब आधे घंटे तक दोनों घायल युवक गंभीर चोट और अत्यधिक रक्त रिसाव से घटनास्थल पर ही तड़पते रहे। कुछ देर बाद सूचना पर पुलिस आई और दोनों घायलों को घटनास्थल से उठाकर चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल ले गयी।

### सोशल मीडिया ने 3 माह से लापता बच्चे को मां-बाप से मिलाया



**गिरिडीह।** सोशल मीडिया में इन दिनों रील्स बनाकर पैसे कमाने का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। लोगों की दिनचर्या में सोशल मीडिया ने अपनी जगह बना ली है। इसी सोशल मीडिया के रील्स ने तीन माह बाद एक नौ साल के बेटे को उसके माता पिता से मिलाने में बेहद महत्पूर्ण भूमिका निभाई है। मामला गिरिडीह के सरिया थाना से जुड़ा है। पुत्र चंदन कुमार के मिलने से माता पिता मुरली दास के चेहरे पर तीन माह बाद खुशी लौटी है। मंगलवार को माता पिता अपने नो साल के बेटे चंदन को लेने सरिया पहुंचे, तो बेटा माता पिता को और माता पिता बेटे को देख कर उसे बेहद खुश थे। बताया जाता है कि सरिया थाना के मादरमो से तीन माह पहले 29 अप्रैल को चंदन कुमार घर से कही जाने के लिए निकला था। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर पिता मुरली दास ने सरिया थाना में आवेदन देकर बेटे के सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। लेकिन जब तीन माह के बाद भी चंदन नहीं लौटा, तो माता पिता ने बेटे के मिलने की उम्मीद ही खो दी थी। हालांकि सरिया थाना पुलिस द्वारा लापता चंदन को लगातार तलाश की जा रही थी । इसी बीच दो दिन पहले किसी फेसबुक यूजर्स ने एक ईट भट्टा में चंदन के काम करते हुए रील्स बनाकर पोस्ट किया। जब इस रील्स पर सरिया थाना पुलिस का नजर पड़ी तो सरिया पुलिस सक्रिय हुई।

### मुहर्रम को लेकर जमशेदपुर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

**जमशेदपुर।** मोहर्रम को लेकर पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) पुलिस ने गोलमुरी पुलिस लाइन में मंगलवार को मॉक ड्रिल किया। एसएसपी किशोर कौशल और ग्रामीण एसपी सह प्रभारी सिटी एसपी ऋषभ गर्ग की मौजूदगी में पुलिस पदाधिकारियों ने भीड़ नियंत्रण में पुलिस किस तरह संयम बरते, कब लाठीचार्ज, आंसू गैस तथा पानी का फव्वारा छोड़कर भीड़ को कैसे नियंत्रित किया जाये, मार्च पास्ट के दौरान पुलिसकर्मियों का ध्यान कहां-कहां रहे, इसका पूर्वाभ्यास कराया गया। इस दौरान एक तरफ से पुलिस के जवान पब्लिक बनकर उग्र प्रदर्शन कर रहे थे तो दूसरी तरफ पुलिस पदाधिकारी उन्हें नियंत्रित कर रहे थे। मॉक ड्रिल के दौरान उभरकर आयी खामियों को एसएसपी किशोर कौशल और ग्रामीण एसपी सह प्रभारी सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने देखा और पुलिस पदाधिकारियों और जवानों का मार्गदर्शन किया।

# बोकारो में मुहर्रम पर बदली रहेगी शहर की यातायात व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** मुहर्रम को लेकर 17 जुलाई को शहर के विभिन्न अखाड़ों से जुलूस निकाली जाएगी, जिसे लेकर ट्रैफिक एसपी कार्यालय से सूचना जारी की गई है। इसमें 17 जुलाई को सुबह 10 बजे से निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन जुलूस की समाप्ति तक बंद रहेगा। बोकारो - पेटरवार की ओर से उकरीद मोड़ की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को जरीडीह टोलप्लाजा के पास रोकी जायेगी। पुरूलिया की ओर से आइटीआइ मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को पिन्ड्राजोरा चेक पोस्ट एवं आईटीआई मोड़ पर रोका जायेगा। चन्दनकियारी की ओर से आने वाली गाड़ी को जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को भवानीपुर साईड के पास रोका जायेगा। धनबाद की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को तेलमच्चो टोल प्लाजा के पास रोका जायेगा। वहीं इलेक्ट्रोस्टील की ओर से आनेवाले भारी वाहनों को तेलगड़िया मोड़ पर रोका जायेगा। उकरीद मोड़ की तरफ से बालीडीह की ओर जाने वाले चार पहिया तीन पहिया वाहन का परिचालन बांयी तरफ वर्जित रहेगा। सभी चार पहिया तीन पहिया वाहन का परिचालन उकरीद मोड़ से स्टेशन मोड़ तक दाहिने तरफ से होगा।


## कार्यालय : उपायुक्त -सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(जिला विकास शाखा)
Phone No. 06562-224433,E-mail :- ddc-pal@nic.in

### दर आमंत्रण सूचना

DMFT, पलामू अंतर्गत हो रहे आय/व्यय का अंकेक्षण प्रति वर्ष Chartered Accountant द्वारा कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु महालेखाकर (लेखा परीक्षा) के द्वारा अंकेक्षको को सूचीबद्ध किया गया है, किन्तु विभिन्न कारणों से अंकेक्षण कार्य में असमर्थता व्यक्त की गयी है।

उक्त के आलोक में इच्छुक/निबंधित अंकेक्षणकर्ता फर्म (Chartered Accountant firm) से संबंधित कागजातों (निबंधन/AG Empanelment Proof/ Certificate issued by ICAI एवं अनुभव से संबंधित) के साथ दिनांक–31.07.2024 तक दर प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक/निबंधित अंकेक्षणकर्ता फर्म (Chartered Accountant firm) संबंधित कागजातों के साथ दिनांक–31.07.2024 तक प्रस्ताव जिला विकास शाखा, ब्लॉक–सी0, प्रथम तल, समाहरणालय परिसर, पलामू को उपलब्ध करा सकते है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू

PR 329764 District(24-25).D



## जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू
पलामू समाहरणालय परिसर (सी) ब्लॉक, मेदिनीनगर–822101
ई-मेल:- palamau.mdm@gmail .com

### कांउसिलिंग के संबंध में विभागीय आदेश/ निदेश

विभागीय संकल्प संख्या–283 दिनांक–28.02.2024 एवं निदेशालीय पत्रांक–363 दिनांक–11.07.2024 के द्वारा इण्टर स्तरीय कोटिवार (पारा एवं गैर पारा) तथा स्नातक स्तरीय कोटिवार एवं विषयवार (पारा एवं गैर पारा) के अंतिम काउंसिलिंग के पश्चात अवशेष रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु काउंसिलिंग में भाग लेने वाले आवेदकों के संबंध में कहना है कि आवेदक द्वारा दावा आवेदन समर्पित करने के क्रम में साक्ष्य के रूप में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक की छाया प्रति की अनुपलब्धता की स्थिति में आवेदक अपने दावा आवेदन के साथ पूर्व में आवेदन किये जाने संबंधी आशय का शपथ पत्र संलग्न करेंगें। शपथ पत्र में आवेदक अपना नाम, पिता का नाम, स्थायी पता, कोटि आदि का उल्लेख करेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
पलामू

PR.NO.329736 District(24-25):D



## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

### निविदा रद्द करने संबंधी सूचना

**PR.no.-320541**

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के द्वारा पत्रांक 452/जि0प0, दिनांक 22.06.2024 के माध्यम से निर्गत आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा पत्रांक 367/जि0अ0, दिनांक 26.02.2024 एवं 457/जि0अ0, दिनांक 02.07.2024 के माध्यम से निर्गत निविदा ई संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu- 10/2023-24 अन्तर्गत निम्नांकित योजना का निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है:–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 | Tender ID | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मेदिनीनगर | कार्यालय जिला परिषद, पलामू के नये भवन परिसर का चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य। | 2493500.00 | 01/2023-24 DE/ZP/PALAMU | 2024_ZPPAL_84826_1 | निविदा रद्द |

ह0/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, पलामू

PR 329796 District(24-25).D



## समाहरणालय, गढ़वा
(समाज कल्याण शाखा)

### सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आमसभा की तिथि ऑगनबाड़ी केन्द्रवार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्न विवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों को ससमय आमसभा में उपस्थित होकर चयन कार्यक्रम में भाग लें :–

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ीकेन्द्र का नाम | पोषक क्षेत्र मेंबाहुल्य | रिक्त पद | आमसभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | धुरकी | धुरकी | गनियारी खूर्द | ST | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजे तक |
| 2 | धुरकी | धुरकी | परासपानी खूर्द | ST | सहायिका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजे तक |
| 3 | धुरकी | धुरकी | शुरू | ST | सहायिका | मंगलवार 06.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 4 | गढ़वा | गढ़वा | बाना–1 | BC 1 | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 5 | गढ़वा | गढ़वा | योगियामराड़ी | BC1 | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 6 | रंका | रमकण्डा | गोबरदाहा | ST | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 7 | रंका | रमकण्डा | दाहो | SC | सहायिका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 8 | रंका | रमकण्डा | पटसर | ST | सहायिका | मंगलवार 06.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 9 | रंका | रमकण्डा | केरवाकुटी | SC | सहायिका | मंगलवार 06.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 10 | रंका | रमकण्डा | बेलवादामर | SC | सहायिका | बुधवार 07.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 11 | रंका | चिनियॉ | रणपुरा | SC | सहायिका | बुधवार 07.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 12 | रंका | चिनियॉ | रमकण्डा–3 | BC 1 | सेविका | गुरूवार 08.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 13 | रंका | रंका | मझिगॉवा 1 | BC 1 | सेविका | गुरूवार 08.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 14 | रंका | रंका | खपरो–1 | BC1 | सेविका | शनिवार 10.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 15 | रंका | रंका | सोनपुरवा | BC 1 | सेविका | शनिवार 10.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 16 | रंका | रंका | मानपुर–1 | BC 1 | सहायिका | सोमवार 12.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 17 | रंका | रंका | गासेदाग–1 | SC | सहायिका | सोमवार 12.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 18 | रंका | रंका | रंका खुर्द | SC | सहायिका | मंगलवार 13.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 19 | नगरउॅटारी | नगरउॅटारी | गिद्धि सिद्धि | BC 1 | सहायिका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 20 | नगरउॅटारी | नगरउॅटारी | मध्य विद्यालय चेचरिया | BC 2 | सहायिका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 21 | नगरउॅटारी | नगरउॅटारी | हारादाग | BC 1 | सहायिका | मंगलवार 06.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 22 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | झुमरीलहराहा | SC | सहायिका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 23 | भवनाथपुर | खरौधी | माहोगड़ई | BC1 | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 24 | भण्डरिया | भण्डरिया | पर्रो | ST | सहायिका | मंगलवार 06.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 25 | मेराल | मेराल | रजबंधा | BC 1 | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 26 | मेराल | मेराल | लोरा | ST | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 27 | मझिऑव | मझिऑव | गढ़ौता | ST | सेविका | सोमवार 05.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 28 | मझिऑव | मझिऑव | गढ़ौता | ST | सहायिका | सोमवार 05.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |
| 29 | मझिऑव | मझिऑव | बालुगंज | SC | सेविका | मंगलवार 06.08.2024 कोपूर्वाह्न 09:00 से 12:00 बजेतक |
| 30 | मझिऑव | मझिऑव | बालुगंज | SC | सहायिका | मंगलवार 06.08.2024 कोअपराह्न 01:00 से 04:00 बजेतक |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 329765 (Social Welfare,Women and Child Development) 24-25 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

### अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 10RIII/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ दिनांक–15.07.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख मे) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख मे) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/14/23-24 | विश्रामपुर | 1 | L024 पी0डब्लू0डी0 रोड से बघमनवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.90कि0मी0 | 1228.564 | बारह करोड़ अठाईस लाख छप्पन हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह | चर्तुथ |
| | | विश्रामपुर | 2 | पिपरा से निमिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.80कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 3 | L035 पी0डब्लू0डी0 रोड से टोना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.30कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 4 | L075 पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड सुलुदाग से लोहदगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 5.50कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 5 | कुल्ही से पंचायत भवन भाया करकटटा बाजार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.00कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 6 | मेन रोड एन0एच0 98 से चेनया चारमुहान रामधीर दुबे एवं बैजनाथ हाउस भाया लमझी नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.40कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 7 | महुगांवा मेन रोड से कांती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.50कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 8 | मोदा सिंह के घर से बक्सा कजरू खूर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.00कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 19.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 01.08.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 329732 Rural Development(24-25).D



## शपथ पत्र

मैं कौशिल्या कुमारी, पति-श्री सीताराम उराँव, ग्राम-मुक्का (करम टोली), पो०-पाण्डेयपुरा, थाना-लातेहार, जिला-लातेहार, राज्य-झारखण्ड, का निवासी हूँ, मेरा पुत्र राजीव उराँव, के डॉन बास्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज, दसवी कक्षा का मार्कशीट एवं पास सर्टिफिकेट में Kaushilya Kumari के स्थान में Kaoshilya Kumari हो गया है। जिस कारण मेरा पुत्र का कोई कॉलेज में एडमिशन नहीं हो पा रहा है, Kaushilya Kumari एवं Kaoshilya Kumari दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है।

**सत्यापन**

मैं कौशिल्या कुमारी एतत द्वारा घोषणा करती हूँ कि कथन मेरी सर्वोत्तम जानकारी, जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है।

**शपथ पत्र संख्या : 128/ दिनांक : 22/06/2024**



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, PH. 06562-240100 (का0)
पत्रांक:–389/मेदिनीनगर, दिनांक– 15/07/2024

### ई0– निविदा रद्द संबंधित सूचना

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0– निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-12/2024-25 जिला पलामू के तरहसी प्रखण्ड अन्तर्गत छतरपुर सोलर उदवह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य, जिसका PR. NO:-328180 (Minor Irrigation) (2024-25)#D उक्त ई0– निविदा को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 329810 District(24-25)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक........... दिनांक..................

### प्रेस विज्ञप्ति

**PR No.-329558**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–03/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ,दिनांक 12.07.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा में अल्पकालीन ई निविदा के स्थान पर ई0 निविदा पढ़ा जाय एवं क्रमांक

3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 05.08.2024 up to 5.00 PM के स्थान पर तिथि एवं समय : 12.08.2024 to 5.00PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे के स्थान पर तिथि एवं समय : 14.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे पढ़ा जाए ।

शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR.NO.329734 Rural Development(24-25):D



## OFFICE OF DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, PALAMAU

Date:- 16.07.2024

### Notice regarding vacancy of Member in Permanent Lok Adalat, Palamau

Application in the prescribed format is invited from persons having adequate experience in public utility services (transport service for the carriage of passengers or goods by air, road or water; or postal telegraph or telephone service; or supply of power, light or water to the public by any establishment; or system of public conservancy or sanitation; or service in hospital or dispensary; or insurance service; or banking service; or education or educational institutions; or housing and real estate services) for filling up the post of Member, PLA of Palamau.

Number of Post:- 01. (One)

Entitlement:- Sitting fee of Rs. 2,000/- per sitting and Rs. 5,000/- conveyance allowance per month.

Period of appointment:- The Member shall hold office for a term of 5 years or till the age of sixty-five years whichever is earlier. Applicant must attach **one recent passport size photograph affixed in application, two self addressed stamped envelope (Rs. 42/- each)** with the application.

Last Date of application: Application addressed to the **Chairman, District Legal Services Authority, Civil Court, Palamau, PIN- 822101** must reach by Speed Post/Courier/Registered Post latest by ***21.08.2024 by 05.00 P.M.***

The notice and format of application form are available on the official website of the Civil Courts, Palamau i.e. https://palamu.dcourts.gov.in/ as well as on the Notice Board of D.L.S.A, Palamau.

**Principal District Judge**
**cum Chairman, DLSA, Palamau**

### Application for the post of Member, PLA Palamau

Photo

| | |
|---|---|
| Name of the Applicant | |
| Father's Name | |
| DOB and Age | |
| Address with PIN code. | |
| Contact No. | |
| Email Address | |
| Educational Qualification*enclose copies of educational qualification | |
| Experience, work profile certificate, if any.*enclose copies of experience certificate | |
| Whether convicted in any criminal or any criminal case pending against the candidate (Yes/No) | |

**DECLARATION**

I.............................................................hereby declare that all the contents mentioned above are true and nothing has been concealed by me. If any statement is found incorrect or misleading, my candidature may be canceled.

Date and Place     Signature of applicant and Mobile No.

PR.NO.329794 District(24-25):D



## जिला कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड, रांची
## कार्यालय – जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा।

गढ़वा जिला के किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0– 6 दिनांक–16.05.2024 के आलोक में Food And Nutrition Security (पूर्ववर्ती राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन Edible Oil ( Oilseeds)) योजना अंतर्गत कृषि यंत्र एवं कृषि उपादान का वितरण अनुदानित दर पर कृषकों के बीच किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 | स्वीकृत कृषि यंत्र | स्वीकृत अनुदान दर | भौतिक लक्ष्य (सम्भावित) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मैनुअल स्प्रेयर | 750/इकाई या 50% SC/ST of cost whichever is less | 5 | |
| 2 | मैनुअल स्प्रेयर | 600/इकाई या 40% Other of cost whichever is less | 2 | |
| 3 | पॉवर स्प्रेयर | 3800/इकाई या 50% SC/ST of cost whichever is less | 38 | |
| 4 | पॉवर स्प्रेयर | 3000/इकाई या 40% Other of cost whichever is less | 15 | |
| 5 | मैनुअल कल्टीवेटर | 10000/इकाई या 50% SC/ST of cost whichever is less | 1 | |
| 6 | मैनुअल कल्टीवेटर | 8000/इकाई या 40% Other of cost whichever is less | 1 | |
| 7 | सीड ट्रीटमेन्ट ड्रम | 10000/इकाई या 50% SC/ST of cost whichever is less | 1 | |
| 8 | सीड ट्रीटमेन्ट ड्रम | 8000/इकाई या 40% Other of cost whichever is less | 1 | |
| 9 | रोटावेटर | 42000/इकाई या 50% SC/ST of cost whichever is less | 19 | |
| 10 | रोटावेटर | 34000/इकाई या 40% Other of cost whichever is less | 9 | |
| 11 | पम्प सेट | 10000/इकाई या 50% of cost whichever is less | 50 | |
| 12 | सिंचाई पाईप | 50% of the cost Limited to Rs. 50/ - per meter for HDPF pipes Rs. 35/per meter for PVC pipes and Rs.20/per meter for HDPE Laminated waver lay flat tubes with maximum ceiling of Rs. 15000/ - per farmer or grope of farmer/beneficiary for water carrying pipes | 652 मी0 | |
| 13 | स्प्रीकलर सेट | 21901/ईकाई या 50% Of cost whichever less | 1 | |
| 14 | जिप्सम, सल्फर | 750/हे0 या 50% Of cost whichever less | 200 हे0 | |
| 15 | बायोफर्टिलाईजर (राईजोबियम पी0एस0बी0) | 300/हे0या 50% Of cost whichever less | 170 हे0 | |
| 16 | पी0पी0 केमिकल्स | 500/हे0 या 50% Of cost whichever less | 91 हे0 | |

आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।

- आवेदक का आधार कार्ड की छाया प्रति अभिप्रमाणित।
- जमीन का अद्यतन रसीद, अभिप्रमाणित।
- आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो।
- पास बुक का फोटो कॉपी अभिप्रमाणित।
- मुखिया द्वारा वंशावली।

नोट :–

1. लाभुकों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर (प्रखण्डवार) किया जाएगा।
2. आवेदन पत्र दिनांक 20.07.2024 से 30.07.2024 तक कार्यालय अवधि में निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। तथा भरा हुआ पूर्ण आवेदन दिनांक 20–07–2024 से 30–07–2024 तक कार्य दिवस मे आत्मा कार्यालय गढ़वा में जमा किया जा सकता है।
3. किसी भी यंत्र/ अन्य उपादान का कय लाभुको द्वारा संबंधित एजेंसी राज्य सरकार के अधिकृत विकेता को शत प्रतिशत राशि भुगतान कर के ही किया जाएगा तथा प्राप्ति रसीद एवं फोटो जमा करने एवं स्थल निरीक्षण के उपरान्त अनुदान की राशि लाभुक के खाते में सीधे (DBT) के माध्यम से हस्तांरित की जाएगी।
4. वैसे कृषकों को लाभन्वितं किया जाएगा जो विगत तीन वर्षों से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं कृषि विभाग के अन्य योजनाओं के अंतर्गत किसी भी यांत्रीकरण का लाभ नहीं लिया हो शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
5. वैसे यंत्र जो ट्रैक्टर चालित है उसमें आवेदन के साथ ट्रैक्टर कय से संबंधित कागजात की छाया प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिर्वाय होगा।

6- JSLPS/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक संगठन (FPO) के कृषकों विशेषकर महिला कृषकों को लाभुक चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।

7. सभी कृषि यंत्र पर अनुदान की राशि राज्य सरकार द्वारा आवंटन प्राप्त होने पर 80 प्रतिशत दिया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
–सह– परियोजना निदेशक,
आत्मा, गढ़वा।

PR 329740 Agriculture(24-25)D


# उपभोक्ताओं के हितों के लिए कड़े निर्देश

***केंद्रीय*** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय नागरिकों के हित में कदम उठाते रहते हैं पर इस बार के कड़े निर्देश ग्राहकों को खरीद के समय उचित निर्णय करने में मदद करेंगे। यह खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तथा ग्राहकों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। खाने-पीने की चीजों में चीनी, नमक, वसा जैसे तत्वों की अधिकता से कई बीमारियों की बढ़ जाती हैं। किसी क्रय किए गए डिब्बे में क्या सामग्री इस्तेमाल की गयी है और उससे कितना पोषण मिल रहा है, ऐसी सूचनाओं को आम तौर पर इतने महीन अक्षरों में छापा जाता है कि लोगों का ध्यान ही नहीं जाता। हमारे देश में डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, एलर्जी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। लोग चीनी, नमक, वसा आदि के उपभोग को लेकर सचेत भी हो रहे हैं। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के लेबल पर कुल चीनी, नमक और संतृप्त वसा की पोषण संबंधी जानकारी मोटे अक्षरों में और अपेक्षाकृत बढ़े हुए फॉन्ट आकार में प्रदर्शित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एफएसएसएआई के अध्यक्ष अपूर्व चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित खाद्य प्राधिकरण की 44वीं बैठक में पोषण संबंधी जानकारी लेबलिंग के संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। इस संशोधन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके द्वारा उपभोग किए जा रहे उत्पाद के पोषण मूल्य को बेहतर ढंग से समझने और स्वस्थ निर्णय लेने हेतु सशक्त बनाना है।उक्त संशोधन से संबंधित मसौदा अधिसूचना अब सुझावों एवं आपत्तियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से सार्वजनिक डोमेन में रखी जाएगी। कुल चीनी, कुल संतृप्त वसा और सोडियम सामग्री के लिए अनुशंसित आहार भत्ते (आरडीए) में प्रति सेवा प्रतिशतता (%) योगदान के बारे में जानकारी मोटे अक्षरों में दी जाएगी। एफएसएस (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियमन, 2020 के विनियमन 2 (५) और 5 (3) क्रमशः खाद्य उत्पाद लेबल पर मौजूदा आकार और पोषण संबंधी जानकारी का उल्लेख करने की आवश्यकताओं को निर्दिष्ट करते हैं। उपभोक्ताओं को स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाने के साथ-साथ, यह संशोधन गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के प्रसार से निपटने और सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के प्रयासों में भी योगदान देगा। स्पष्ट और विशिष्ट लेबलिंग संबंधी आवश्यकताओं के विकास को प्राथमिकता देने से एनसीडी से निपटने के वैश्विक प्रयास में मदद मिलेगी। इसके अलावा, एफएसएसएआई झूठे और भ्रामक दावों को रोकने के लिए समय-समय पर सलाह जारी करता रहा है। इनमें 'हेल्थ ड्रिंक' शब्द को हटाने के लिए ई-कॉमर्स वेबसाइट को भेजी गई सलाह शामिल है क्योंकि यह एफएसएस अधिनियम 2006 या उसके तहत बनाए गए नियमों/विनियमों के तहत कहीं भी परिभाषित या मानकीकृत नहीं है। इसके अलावा, सभी खाद्य व्यवसाय ऑपरेटरों (एफबीओ) को पुनर्गठित फलों के रस के लेबल एवं विज्ञापनों से 'शत-प्रतिशत फलों के रस' से संबंधित किसी भी दावे, गेहूं का आटा/परिष्कृत गेहूं का आटा जैसे शब्द के उपयोग, उपसर्ग या प्रत्यय के साथ ओआरएस का विज्ञापन एवं विपणन, बहु-स्रोत वाले खाद्य वनस्पति तेल आदि के लिए पोषक तत्व संबंधी कार्य के दावे को हटाना अनिवार्य करने का निर्देश दिया गया है। ये सलाह और निर्देश एफबीओ द्वारा भ्रामक दावों को रोकने के लिए जारी किए गए हैं। इस बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा विभिन्न राज्यों व केन्द्र-शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में उद्योग संघों, उपभोक्ता संगठनों, अनुसंधान संस्थानों और किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इन मंत्रालयों को फुटपाथ या ग्रामीण हाट बाजारों में बिकने वाले नकली उपभोक्ता उत्पादों पर रोक के लिए भी उपाय करने चाहिए। इन उत्पादों को बड़े लोकप्रिय उत्पादों से मिलते जुलते नामों से ठीक वैसी ही पैकिंग में बेचा जाता है जो खतरनाक हद तक जहरीले भी होते हैं और अनेक बीमारियों को जन्म देते हैं।

इन दिनों

# जीएसटी के सात वर्ष: राजस्व के आकड़ों की वास्तविकता

## राजस्व के आकड़ों पर खुशी





जीएसटी के तहत राजस्व संग्रह का काफी विश्लेषण किया गया है2,3। हालांकि, सकल राजस्व संग्रह की मजबूती को लेकर बहुत कम विवाद है, लेकिन शुद्ध जीएसटी संग्रह यानी रिफंड के बाद राजस्व संग्रह (मुख्य रूप से निर्यात के कारण) के बारे में उठाई गई चिंताओं को दूर करने के लिए, हम आंकड़ों पर थोड़ा और गहराई से विचार करते हैं। हम बजट दस्तावेजों में बताए गए जीएसटी संग्रह पर अपनी जांच आधारित करते हैं4। फिर राज्यों और केंद्र, दोनों के लिए जीएसटी में शामिल करों की तुलना जीएसटी-पूर्व राजस्व संग्रह से की गयी है5। परिणाम नीचे दिए गए हैं (चित्र 1, दायां अक्ष)। हमने जीएसटी संग्रह की साल-दर-साल वृद्धि के साथ-साथ जीडीपी में साल-दर-साल वृद्धि (चित्र 1, बायां अक्ष) को भी दर्शाया है।

**चित्र 1: शुद्ध जीएसटी राजस्व [दायां अक्ष] बनाम जीडीपी और राजस्व संग्रह में साल-दर-साल वृद्धि [बायां अक्ष]**

उपरोक्त चित्र में हम तीन बातें देख सकते हैं। पहला, शुद्ध राजस्व संग्रह लगातार बढ़ रहा है और जीएसटी लागू होने के बाद इसकी वृद्धि की गति बढ़ी है। दूसरा, जीएसटी शुरू होने के बाद की अवधि में शुद्ध राजस्व की वर्ष-दर-वर्ष आधार पर होने वाली वृद्धि (जीएसटी के शुरू होने से पहले की अवधि में 11.81 प्रतिशत की तुलना में) औसतन 12.76 प्रतिशत रही। यह उपलब्धि महामारी के बाहरी झटके के बावजूद है। तीसरा, हम यह देख सकते हैं कि शुद्ध राजस्व वृद्धि ने लगातार सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। यह नई कर व्यवस्था की प्रणालीगत दक्षताओं को दर्शाता है। अन्य चरों में, राजस्व संग्रह कर दरों का एक फलन होता है। यहां संदर्भ के लिए, हम इस तथ्य को याद कर सकते हैं कि कर संग्रह संबंधी दक्षता में सुधार के साथ-साथ कर दरों में उल्लेखनीय कमी आई थी। जीएसटी की शुरूआत से पहले, जीएसटी के लिए राजस्व निरपेक्ष दर (आरएनआर) से संबंधित समिति ने 15-15.5 प्रतिशत की दर की सिफारिश की थी 6। इसके ठीक उलट, जीएसटी की शुरूआत के समय इसकी प्रभावी दर 14.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया था। बाद में सितंबर 20197 में इसे घटाकर 11.6 प्रतिशत कर दिया गया और मार्च, 20238 में यह 12.2 प्रतिशत हो गया। राजस्व के संदर्भ में, इसे अर्थव्यवस्था के लिए पिछले साल ही 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत [प्रोत्साहन] के रूप में निरूपित किया जा सकता है! यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की तुलना में भारत की जीएसटी दरें दुनिया में सबसे कम हैं।

**चित्र-2 चयनित ओईसीडी देशों में मानक उपभोग कर (वैट/जीएसटी) दरों की तुलना**

## कराधान में उछाल: कराधान संबंधी दक्षता का एक ठोस उपाय





एक उठता हुआ ज्वार सभी नावों को ऊपर उठा देता है। राजस्व में वृद्धि एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था का स्वाभाविक परिणाम होता है, हालांकि सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि के ऊपर राजस्व संग्रह में होने वाली वृद्धि (या उछाल) एक कर प्रणाली की प्रणालीगत दक्षता की असली परीक्षा होती है। इस मामले में, जीएसटी की शुरुआत के बाद से पहले पांच वर्षों के दौरान, सकल घरेलू उत्पाद (मौजूदा कीमतों पर) के मुकाबले शुद्ध राजस्व उछाल 1.0२ था, जबकि जीएसटी के बाद के सात वर्षों के दौरान यह 1.२8 था। यह जीएसटी द्वारा संभव बनाई गई संग्रह संबंधी क्षमता का एक प्रमाण है। वास्तव में, भारत की जीएसटी संग्रह संबंधी दक्षता [अधिकतम संभव कर से एकत्रित प्रतिशतता- सभी उपभोग में पूर्ण अनुपालन और कवरेज को मानते हुए] २०२२-२३ में 0.61 थी। संदर्भ के लिए अगर देखें, तो ३7 ओईसीडी देशों के साथ इसकी तुलना करने पर भारत शीर्ष एक तिहाई9 (चित्र ३) में स्थित है।

***सात*** एक विशेष संख्या है। चाहे गणित (अभाज्य संख्याएं और संख्या सिद्धांत), संगीत (सात संगीतमय स्वर), खगोल विज्ञान (चंद्र चरण में दिन) या पौराणिक कथा (सप्त चक्र, सप्त समुद्र या सप्त ऋषि) हो, सात का चक्र हमारे चारों ओर निरंतर मौजूद है। इसलिए यह प्रयास उचित है कि इस महीने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सात साल पूरे होने पर, हम इस बात की जांच करने के लिए कुछ समय निकालें कि स्वतंत्रता के बाद के सबसे बड़े कर सुधार, जीएसटी, जिसे 1 जुलाई, 2017 की मध्य-रात्रि को लागू किया गया था, का प्रदर्शन कैसा रहा है। तब से, जीएसटी ने बड़े पैमाने पर अकादमिक ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। अनुपालन के सरलीकरण, लॉजिस्टिक्स में सुधार से लेकर मजबूत राजस्व संग्रह तक के प्रत्येक आयाम की विस्तार से जांच की गई है। जीएसटी के विषय से जुड़े कई दृष्टिकोणों में से एक है- जीएसटी के राजस्व प्रदर्शन पर हाल में हुई चर्चा- जो अन्य बातों के साथ-साथ यह दर्शाती है कि सकल राजस्व संग्रह में तेज वृद्धि दर्ज की जा रही है, लेकिन इस वृद्धि के अनुरूप शुद्ध राजस्व नहीं बढ़ा है। शुद्ध राजस्व हाल ही में जीएसटी-पूर्व स्तरों पर पहुंच पाया है। शुद्ध संग्रह में इस गिरावट को कुछ चिंता के साथ देखा जा रहा है। इसके अलावा, विशेष रूप से धन वापसी (रिफंड) के साथ डेटा की उपलब्धता की कमी तथा जीएसटी परिषद के कामकाज पर भी कुछ चिंताएं व्यक्त की गई हैं। आइए राजस्व प्रदर्शन से शुरू करते हुए इनमें से प्रत्येक बिंदु पर गहराई से विचार करें।-

## आंकड़ों का सवाल

**चित्र 3: चयनित ओईसीडी देशों में उपभोग करों (वैट/जीएसटी) के लिए संग्रहण-दक्षता (सी-एफिशिएंसी) की तुलना**




निस्संदेह, मासिक आधार पर जारी किए गए राजस्व के आंकड़ों में आमतौर पर सकल संग्रह के आंकड़े शामिल होते हैं10। शुद्ध आंकड़े केवल फरवरी, 2024 से प्रकाशित किए गए हैं। हालांकि, जीएसटी की शुरुआत के बाद से प्रत्येक वर्ष की वार्षिक सांख्यिकीय रिपोर्ट प्रकाशित की गई है और सार्वजनिक रूप से रखी गई है11। इन रिपोर्टों में निर्यात के कारण किए जाने वाले जीएसटी रिफंड से संबंधित महीने-वार विवरण शामिल हैं। इसलिए रिफंड संबंधी आंकड़ों की सार्वजनिक दृश्यता, थोड़े अंतराल पर ही सही, बनी हुई है। हम, बिना किसी आधार के, इस दावे की जांच करने के लिए आगे बढ़ते हैं कि जीएसटी परिषद में केन्द्र का 'प्रभुत्व' है1 2। जीएसटी की शुरूआत के साथ, केन्द्र और राज्यों ने नए कर के प्रशासन से संबंधित मामलों में, खासतौर पर नीति निर्माण, दरों के निर्धारण, कानूनों/नियमों का मसौदा तैयार करने, अनुपालनों के समन्वय आदि जैसे क्षेत्रों में अपनी संप्रभुता को एकाकार किया। कभी-कभी इसे राज्यों की शक्तियों पर प्रतिबंध के रूप में उद्धृत किया जाता है। हालांकि, यह केन्द्र सरकार के लिए भी समान रूप से एक 'प्रतिबंध' है। जीएसटी परिषद ने अपनी समितियों के समर्थन से, कई जटिल मुद्दों पर विचार किया है और वह कई ऐसी सिफारिशें लेकर आगे आई है, जिससे कानून के प्रशासन में एकरूपता और दरों की संरचना में स्थिरता आई है। यह सहकारी संघवाद की भावना का एक प्रमाण है कि केवल एक को छोड़कर13, जीएसटी परिषद के सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। इसके अलावा, अनुपालनों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सभी त्रुटियों को दूर करने या छूट को तर्कसंगत बनाने के परिषद के सभी निर्णयों से केन्द्र और राज्यों को समान रूप से लाभ पहुंचा है। उपरोक्त चर्चा से, तीन बिंदु उभर कर सामने आते हैं- सबसे पहले, जीएसटी की संग्रह संबंधी क्षमताएं स्पष्ट, सुसंगत एवं प्रारंभिक हैं और मुख्य रूप से अंतर्जात कारकों के कारण हैंझ यही बात रिफंड के शुद्ध राजस्व संग्रह को देखने के समय भी लागू होती है। दूसरा, हमारी कर दरों के साथ-साथ हमारी संग्रह संबंधी क्षमताएं बाकी दुनिया के अनुरूप हैं। तीसरा, जीएसटी ने अपेक्षाकृत कम कर दरों और बाहरी झटकों के बावजूद राजस्व में लगातार वृद्धि की है। जैसे-जैसे जीएसटी अपने प्रगति के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है, ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी। उदाहरण के लिए दर संरचना का सरलीकरण, जीएसटी के दायरे से बाहर रह गई वस्तुओं को शामिल करना और साथ ही एक कुशल अपीलीय तंत्र जैसे प्रशासनिक मुद्दे। हालांकि अब जबकि जीएसटी के सात वर्ष पूरे हो गए हैं, उत्सव मनाने के लिए काफी कुछ है।

**■ देवी प्रसाद मिश्रा**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

प्राकृतिक

# लोक ही नहीं परलोक सुधारने का जतन है 'मां के नाम एक पेड़'



**डॉ. राघवेन्द्र शर्मा**

***मध्य*** प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'मां के नाम एक पेड़' योजना को हाथ में लेकर केवल पर्यावरण को सुधारने का प्रयास ही नहीं किया है, बल्कि इसके माध्यम से प्रकृति को अपने अनुकूल बनाने की कोशिश शुरू कर दी है। यदि इस योजना को साकार करने हेतु सरकार के साथ जनता जनार्दन के कदम मिल जाएं तो आने वाले समय में एक नए भविष्य की संभावना प्रबल होती दिखाई देती है। जनश्रुति और ग्रंथों में दर्ज परंपराओं पर ध्यान दें तो हमें पता चलेगा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार, दोनों इस प्रकृति के प्रादुर्भाव से ही पर्यावरण के हितकारी रहे हैं। उदाहरण के लिए- हमारे देश में आस्था का इतना गहन महत्व है कि यहां अनेक नदियों को मां के समान पूजा जाता है। पत्थरों से मूर्तियां तराशकर हम उनके भीतर अपने देवताओं के दर्शन करते हैं। इसे भी महत्वपूर्ण

> **जनश्रुति और ग्रंथों में दर्ज परंपराओं पर ध्यान दें तो हमें पता चलेगा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार, दोनों इस प्रकृति के प्रादुर्भाव से ही पर्यावरण के हितकारी रहे हैं।**

स्थान हमारे जीवन में पेड़-पौधों और वृक्षों का रहा है। वर्ष भर जितने भी हिंदू त्योहार मनाए जाते हैं उनमें ढेर सारे उत्सव ऐसे हैं, जिनमें केवल और केवल वृक्षों अथवा पेड़-पौधों की ही पूजा की जाती है। विस्तार से स्मरण करें तो हम पाएंगे हमारी माताएं बहने विभिन्न त्योहारों के माध्यम से वट वृक्ष, पीपल, आंवला, आम, केला, तुलसी सहित अनेक वृक्षों अथवा पेड़ पौधों की स्तुति करती रहती हैं। ये परंपराएं केवल इसलिए नहीं बनीं कि वृक्षों अथवा पेड़- पौधों की पूजा करने से हमें इच्छित फल की प्राप्ति हो जाती है अथवा देवी-देवताओं के दर्शन हो जाते हैं। इनका गूढ़ अर्थ यह भी है कि हम जिन्हें पूजते हैं, सदैव ही उनकी सलामती की कामना करते रहते हैं। लिखने का आशय यह कि जब हम वृक्षों अथवा पेड़-पौधों की पूजा करते हैं तो फिर यह चिंता भी स्वाभाविक हो जाती है कि धरती को हरा भरा बनाए रखने वाले ये पेड़ पौधे सदैव सही सलामत बने रहें तथा इनकी उत्पत्ति निरंतर वृद्धि को प्राप्त होती रहे। जाहिर है इस कामना को फलीभूत करने के लिए हमारे पूर्वज बड़े स्तर पर पौधरोपण भी करते रहे हैं। यदि हम अपने पुराने इतिहास को टटोलें तो पाएंगे कि भारत में ऐसे नगरों और ग्रामों की भरमार थी, जहां सड़कों के किनारे, घरों के आंगन में, बस्तियों के केंद्र में फलदार वृक्ष सहज भाव से ही आरोपित किए जाते थे और इनका अस्तित्व जनजीवन के लिए वरदान साबित होता रहता था।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



बोधि वृक्ष

# भगवान हनुमान के 10 खास मंदिर

***बेल्लारी*** के यंत्रोद्धारक हनुमान से महाराष्ट्र के डेल्या हनुमान तक, कई ऐसे मंदिर हैं जहां लोग कई तरह की मन्नतें लेकर आते हैं। भगवान हनुमान को शक्ति का प्रतीक माना जाता है। हनुमान एक ऐसे देवता हैं, जिनका मंदिर हर स्थान पर आसानी से मिल जाता है। कलियुग में सबसे ज्यादा भगवान शंकर के ग्यारहवें रुद्र अवतार श्रीहनुमानजी को ही पूजा जाता है। इसीलिए, हनुमानजी को कलियुग का जीवंत देवता भी माना जाता है। आज हम आपको कुछ विशेष मंदिरों के बारे में बता रहे हैं।



**1. हनुमान मंदिर, इलाहबाद (उत्तर प्रदेश)**


इलाहबाद किले से सटा यह मंदिर लेटे हुए भगवान हनुमान की प्रतिमा वाला प्राचीन मंदिर है। इसमें हनुमान जी मूर्ति लेटी हुई मुद्रा में हैं। मूर्ति 20 फीट लम्बी है। जब बारीश में बाढ़ आती है तो मंदिर जलमग्न हो जाता है, तब मूर्ति को कहीं ओर ले जाकर सुरक्षित रखा जाता है।

**2. हनुमानगढ़ी, अयोध्या**

अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मस्थली है। हनुमानगढ़ी मंदिर प्रसिद्ध है। यह मंदिर राजद्वार के सामने ऊंचे टीले पर बना है। मंदिर के चारों ओर निवास साधु-संत रहते हैं।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# संविधान हत्या दिवस की आवश्यकता क्यों?



मृत्युंजय दीक्षित

***लोकसभा*** चुनाव के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन ने एक झूठा नैरेटिव व्यापक स्तर पर चलाया था कि अगर केंद्र में नरेन्द्र मोदी इस बार 400 सीटों के साथ सरकार बनाने में सफल हो जाते हैं तो संविधान बदल दिया जाएगा तथा भविष्य में फिर कोई चुनाव नहीं होगा। इस झूठ ने चुनाव को प्रभावित किया और भाजपा अकेले पूर्ण बहुमत नहीं ला पाई। चुनाव के बाद संसद के प्रथम सत्र में इंडी गठबंधन के नेता संविधान के पॉकेट साइज संस्करण को लहराते दिखाई दिए। संविधान की सुरक्षा को लेकर देश में तीखी राजनीतिक बहस चल रही है। राहुल गांधी, अखिलेश यादव और शशि थरूर आदि ने संविधान के इसी पॉकेट साइज संस्करण को हाथ में लेकर शपथ ली। विपक्ष का इरादा आगामी विधानसभा चुनाव में भी संविधान की रक्षा करने का नैरेटिव चलाने का है, क्योंकि अब उसे लग रहा है कि संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र की रक्षा के झूठे नैरेटिव के सहारे ही भाजपा का विजय रथ रोका जा सकता है। संविधान की रक्षा के नाम पर दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों आदि को भाजपा से दूर किया जा सकता है। इस वर्ष देश को कांग्रेस द्वारा आपातकाल के अंधेरे में झोंकने के भी पचास वर्ष हो रहे हैं। संविधान के पॉकेट साइज संस्करण को लहराते लोगों को वास्तविकता का स्मरण कराते हुए संसद के प्रथम संक्षिप्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को याद करते हुए कांग्रेस सहित संपूर्ण विपक्ष को आईना दिखा दिया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में आपातकाल को सबसे बड़ा काला अध्याय बताया था। आपातकाल कांग्रेस व उसके सहयोगियों की एक दुखती रग है। लोकसभा अध्यक्ष आपातकाल की भर्त्सना का प्रस्ताव लाए और सदन में दो मिनट का मौन रखा। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश की राजनीति के सबसे काले अध्याय आपातकाल से वर्तमान और भारी पीढ़ियों को अवगत कराने के लिए अब केंद्र सरकार ने प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेते हुए इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय है, क्योंकि जन सामान्य जिसने आपातकाल का दौर नहीं देखा उसे पता होना चाहिए कि संविधान बदलना और उससे खिलवाड़ करना वास्तव में क्या होता है, जो कांग्रेस ने आज से पचास साल पहले किया था। संविधान हत्या दिवस की अधिसूचना आने के बाद अब हर वर्ष 25 जून को कांग्रेस के काले कारनामे जनता को याद दिलाए जायेंगे स्वाभाविक है इससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन असहज है और अनापशनाप बयानबाजी कर रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे गुट के संजय राऊत तक सभी बहुत ही विकृत बयान दे रहे हैं। इनका कहना है कि जिस घटना को 50 वर्ष हो चुके हैं भाजपा उसे क्यों याद रखना चाहती है? इनका तर्क माने तो फिर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस भी नहीं मनाना चाहिए क्योंकि उसके तो पचहत्तर वर्ष बीत गए हैं? कुतर्क कांग्रेस का चरित्र बन गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## टेक वर्ल्ड

# Truecaller के जबरदस्त फीचर बदल देंगे आपके कालिंग का एक्सपीरियंस

***ट्रूकॉलर*** ने माइक्रोसॉफ़्ट के साथ साझेदारी की है ताकि एज्यूर अकस्पीक के नए पर्सनल वाइस फीचर का लाभ अपने यूजर्स को वह दे सके। यह फीचर यूजर्स को AI असिस्टेंट में यूज करने के लिए अपनी आवाज का डिजिटल वर्जन रिकॉर्ड करने की अनुमति देता है। AI यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का धड़ले से इस्तेमाल हो रहा है। बहुत मुमकिन है कि आने वाले समय में शायद ही ऐसा कोई कार्य बचे जिसे यह टेक्नोलॉजी ना कर सके। वास्तव में जब भी हम अककी बात करते हैं तो हमारे दिमाग में ऐसी इमेज बन जाती है कि कुछ कार्यों को मशीन कर सकती है, लेकिन अब यह दिन पर दिन एप्लीकेशंस के रूप में कन्वर्ट होता जा रहा है। अब वास्तव में हर वह कार्य अककरने लगा है जिससे आप या हम कर सकते हैं। इसी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल अब ट्रूकॉलर कर रहा है, इस एप्लीकेशन द्वारा पर्सनलाइज्ड अक असिस्टेंट पेश किया गया है, जो आपकी आवाज में लोगों को रिप्लाई कर सकेगा।



**ट्रूकॉलर आइडेंटिफिकेशन सॉफ्टवेयर**

ट्रूकॉलर ने माइक्रोसॉफ़्ट के साथ साझेदारी की है ताकि एज्यूर अकस्पीक के नए पर्सनल वाइस फीचर का लाभ अपने यूजर्स को वह दे सके। यह फीचर यूजर्स को अक असिस्टेंट में यूज करने के लिए अपनी आवाज का डिजिटल वर्जन रिकॉर्ड करने की अनुमति देता है।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.-0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# देश के 19 राज्यों में चार दिन तक भारी बारिश का अलर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस समय उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर, महाराष्ट्र, केरल और कर्नाटक में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से नदी-नाले उफान पर हैं। उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार और असम तक कई राज्यों में बाढ़ का रौद्र रूप डरावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज से चार दिन तक 19 राज्यों में जोरदार बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है कि आज केरल, गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ में भारी बारिश होगी। विभाग ने इसके लिए रेड अलर्ट जारी किया है। पूर्वानुमान में कहा है कि उत्तराखंड में 17-18, पूर्वी राजस्थान में 18, ओडिशा में 19 और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 18-19 जुलाई को भारी बारिश होगी। मौसम विभाग ने इन राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पूर्वोत्तर और दक्षिण के राज्यों में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। सनद रहे पिछले 24 घंटे में कई राज्यों में भारी बारिश हुई। केरल के सात जिलों और कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में भारी बारिश के चलते सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद रहे।

### बढ़ रहा गंगा का जलस्तर

## बदला जा सकता है गंगा आरती का स्थान

**वाराणसी।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा नदी उफान पर है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर 24 घंटे में 86 सेंटीमीटर बढ़ गया है। हालांकि जलस्तर बढ़ने की रफ्तार फिलहाल धीमी है। वर्तमान में दो सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे की सीढ़ियां और मंदिर जलमग्न हो गए हैं। सिंधिया घाट स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर का गर्भगृह जलमग्न हो गया है। इसी तरह अगर गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी रही तो रोजाना होने वाली गंगा आरती का स्थान भी बदला जा सकता है। जलस्तर की बढ़ोतरी को लेकर घाट पर स्थित



पुरोहित भरत पांडेय ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जलस्तर बढ़ने से दिन में घाट की चार सीढ़ी तो वहीं रात में 6 सीढ़ी डूब रही है। बाढ़ की स्थिति गंभीर लग रही है। पानी लगातार इसी तरह बढ़ता रहा तो सड़क पर पानी आने की संभावना है। उन्होंने आगे कहा कि जलस्तर बढ़ने से सीढ़ियों पर आना-जाना बाधित हो रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने पीएम मोदी से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वहीं राज्यपाल के आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट किया गया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर और तमिलनाडु के लोगों की सेवा में उनकी चिंता, दूरदर्शिता और मार्गदर्शन का लाभ पाकर अत्यंत प्रसन्न हूं।

### हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पीएम से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री ने भी एक्स पर पोस्ट किया, आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से शिष्टाचार भेंट की।

### ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव और पूर्व विधायक के घर ईडी की छापेमारी



**पटना।** ईडी की टीम ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी और पूर्व विधायक के आवास पर एक साथ छापेमारी की। हालांकि, अभी तक प्रवर्तन निदेशालय ने इसकी पुष्टि नहीं की है। जानकारी के मुताबिक, पूर्व विधायक और बसपा उम्मीदवार गुलाब यादव के झंझारपुर, पुणे जबकि आईएएस और प्रदेश के उर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस के पटना स्थित आवास और कार्यालय पर ईडी की टीम ने एक साथ धावा बोला। आईएएस संजीव हंस से सम्पर्क साधने की कोशिश की गई लेकिन उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, हंस और गुलाब यादव पर ईडी की यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट मामले में की गई है। ईडी की टीम मंगलवार की सुबह ईडी की टीम ने गुलाब यादव के लखनौर प्रखंड के गंगापुर स्थित आवास पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। हालांकि, इस दौरान आवास पर घर का कोई सदस्य मौजूद नहीं था।

### संदेशखाली मामला: ईडी ने शेख शाहजहां के रिश्तेदारों को नया समन जारी किया



**कोलकाता।** ईडी ने संदेशखाली मामले में टीएमसी के पूर्व नेता शेख शाहजहां से जुड़े तीन व्यक्तियों को अवैध भूमि कब्जे के मामले में नया समन जारी किया है। इन्हें शुक्रवार तक साल्ट लेक स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। इन तीन लोगों में शाहजहां के छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन, उनके दामाद राणा बाबू लश्कर और ड्राइवर-सह-सहायक मारुफ मीर शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, यह चौथी बार है जब सिराजुद्दीन को पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। पिछली तीन नोटिसों को नजरअंदाज करने के बाद अब ईडी ने चेतावनी दी है कि इस बार भी समन को अनदेखा करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शेख शाहजहां और उसके अन्य भाई शेख आलमगीर पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें पहले सीबीआई ने गिरफ्तार किया था, बाद में ईडी ने अपनी हिरासत में ले लिया। ईडी ने शेख के करोड़ों रुपये के मछली निर्यात व्यवसाय से जुड़े दो कॉर्पोरेट फर्मों का पता लगाया है, जिनमें से एक उनकी बेटी शेख सबीना के नाम पर और दूसरी सिराजुद्दीन के नाम पर पंजीकृत है। ईडी के अनुसार, इस व्यापार से होने वाली आय का एक छोटा हिस्सा ही बही-खातों में दिखाया गया था, जबकि एक बड़ा हिस्सा हवाला मार्ग से बांग्लादेश के माध्यम से शेख और उनके सहयोगियों तक पहुंचा। शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों पर संदेशखाली क्षेत्र में जबरन भूमि कब्जा करने और स्थानीय निवासियों के साथ यौन हिंसा के आरोप भी लगे हैं।

### शिक्षकों के पक्ष में बसपा प्रमुख बहन मायावाती ने भी आवाज बुलंद की



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने का विरोध कर रहे शिक्षकों के पक्ष में सपा के बाद अब बसपा सुप्रीमो मायावती भी मैदान में कूद गई हैं। उन्होंने इसे जल्दबाजी में बिना पूरी तैयारी के थोपा गया कदम बताया है। मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में जरूरी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव होने के कारण वहां बदहाली की शिकायतें आम रही हैं, जिस पर समुचित बजटीय प्रावधान करके उन गंभीर समस्याओं का उचित हल करने की बजाय सरकार उस पर से ध्यान बांटने के लिए केवल दिखावटी कार्य कर रही है, यह क्या उचित है? उन्होंने आगे लिखा कि शिक्षकों की डिजिटल हाजिरी भी सरकार का ऐसा ही नया कदम लगता है जो जल्दबाजी में बिना पूरी तैयारी के ही थोप दिया गया है। इससे कहीं ज्यादा जरूरी है शिक्षकों की सही और समुचित संख्या में भर्ती के साथ ही बुनियादी सुविधाओं का विकास ताकि अच्छी गुणवत्ता वाली पढ़ाई सुनिश्चित हो सके। राज्य के प्राइमरी स्कूलों में डिजिटल हाजिरी का मामला हल होता नहीं दिख रहा है। पूरे प्रदेश के शिक्षक इस बात पर अड़ गए हैं कि वह मांगे माने जाने तक ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाएंगे। इसे लेकर सभी जिलों में आंदोलन हो रहे हैं। उधर इस मामले को हल करने के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सभी जिलाधिकारी बीएसए और एबीएसए के साथ मिलकर स्थानीय शिक्षक प्रतिनिधियों से संवाद करें, उनकी समस्याओं, जिज्ञासाओं का यथोचित समाधान करें।

## एक नजर

### संघ प्रमुख 'अथातो बिंब जिज्ञासा' पुस्तक का 20 को करेंगे विमोचन



**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मंदिर वास्तु रचना तथा मूर्ति शास्त्र के शोधकर्ता डॉ. गो. बं. देगलूरकर की पुस्तक 'अथातो बिंब जिज्ञासा' का 20 जुलाई को सुबह दस बजे विमोचन करेंगे। यह जानकारी स्नेहल प्रकाशन के निदेशक रवींद्र घाटपांडे ने दी। उन्होंने बताया कि अथातो बिंब जिज्ञासा नामक अनुवादित पुस्तक में महाराष्ट्र की अद्वितीय मूर्तियों की जानकारी है। मूल पुस्तक डॉ. देगलूरकर ने अंग्रेजी में लिखी है जबकि आशुतोष बापट ने उसका मराठी अनुवाद किया है। इस मराठी पुस्तक का विमोचन समारोह 20 जुलाई को पुणे के कोथरूड स्थित बाल शिक्षण मंदिर प्रशाला एम.ई.एस. ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे शुरू होगा।

### नवी मुंबई में सड़क हादसा, टक्कर के बाद बस खाई में गिरी

# पांच की मौत, 42 लोग घायल

*डोंबिवली से करीब 54 लोग आषाढ़ी एकादशी पर बस से पंढरपुर जा रहे थे*

एजेंसी

**मुंबई।** नवी मुंबई में मुंबई-पुणे हाइवे पर सोमवार को रात करीब एक बजे एक निजी बस सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकराकर खाई में करीब 40 फीट नीचे गिर गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 42 लोग घायल हो गए। घायलों का एमजीएम और पनवेल के उपजिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। नवी मुंबई पुलिस के अनुसार, मृतक व्यक्तियों में से तीन की पहचान हौसाबाई पाटिल, गुरुनाथ महाराज पाटिल, रामदास नारायण मुकादम के रूप में हुई। क्रेन की मदद से बस को खाई से ऊपर लाया गया। नवी मुंबई के डीसीपी विवेक पानसरे ने बताया कि डोंबिवली से करीब 54 लोग आषाढ़ी एकादशी पर बस से पंढरपुर जा रहे थे। रात करीब एक बजे बस सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। इससे बस चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और बस खाई में जा गिरी।



### बिहार के पटना में स्कॉर्पियो-हाइवा की बीच टक्कर में छह की मौत

**नवादा।** बिहार के पटना जिले के बाढ़ मुंडन कराने स्कार्पियो से जा रहे नवादा जिले के हमीदपुर बारा निवासी की हाइवा से टक्कर में मरनेवालों की संख्या 6 हो गई है। नवादा के नरहट से मंगलवार को सुबह 3:00 बजे अहले सुबह रामचंद्र यादव अपने परिवार के साथ अपने परिवार के साथ स्कार्पियो से बाढ़ उमानाथ मंदिर में मुंडन करवाने परिवार के साथ निकले थे। बाढ़ बख्तियारपुर फोरलेन के समीप ड्राइवर ड्राइवर को नींद लग गई। गाड़ी संतुलन खोकर खड़ी हाइवा से टकरा गई।



### मजदूरों से भरी पिकअप दुर्घटनाग्रस्त तीन लोगों की मौके पर ही मौत

**रायगढ़ /रायपुर।** मजदूरी के लिए मंगलवार को मजदूरों से भरी सारंगढ़ के बरमकेला क्षेत्र की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप जंगल में बेकाबू होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है,जबकि 22 लोग घायल है। सभी मजदूर जिला रायगढ़ के ग्राम खैरझीटी के बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। सारंगढ़ पुलिस ने जानकारी दी है कि खैरझीटी गांव के मजदूर पिकअप वाहन में सारंगढ़ जा रहे थे।



### सुकमा में 4 हार्डकोर इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बीस लाख के चार हार्डकोर इनामी नक्सलियों ने जिला पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के सामने मंगलवार को समर्पण किया है। इन नक्सलियों में 2 महिलाएं और 2 पुरुष हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि समर्पण करने वाले नक्सलियों में एक कंपनी नंबर 10 में डिप्टी कमांडर कैलाश उर्फ कवासी देवा पर 8 लाख का इनाम घोषित है। इनके साथ ही 5-5 लाख के दो नक्सली व एक दो लाख के इनामी नक्सलियों ने समर्पण किया है। उन्होंने बताया कि यह नक्सली कई बड़ी वारदातों में शामिल रहे हैं।

### 30 को कोर्ट में पेश होंगे बिभव कुमार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री के करीबी सहयोगी बिभव कुमार के खिलाफ तीस हजारी कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। दिल्ली पुलिस ने स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में दिल्ली के सीएम के करीबी सहयोगी बिभव कुमार के खिलाफ तीस हजारी कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। इस दौरान बिभव कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश हुए।

## आज का राशिफल

**मेष:** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय समान्य रहेगा।

**वृषभ:** बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें।

**मिथुन:** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क:** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या:** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला:** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक:** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। कार्य सफल होगें।

**धनु:** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**मकर:** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुम्भ:** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। स्त्री का सहयोग मिलेगा।

**मीन:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

### सिसोदिया की जमानत याचिका पर सीबीआई और ईडी को एससी का नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शराब घोटाले में वरिष्ठ आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी करते हुए 29 जुलाई तक मामले में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने कहा, नोटिस का जवाब 29 जुलाई तक दें। हम दो सप्ताह बाद इस पर फिर विचार करेंगे। सिसोदिया के वकील ने तर्क दिया कि वरिष्ठ आप नेता 16 महीने से जेल में हैं और केस आगे नहीं बढ़ रहा है। पिछले साल 30 अक्टूबर को अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन कहा था कि अगर अगले तीन महीने में मुकदमा धीमी गति से आगे बढ़ता है, तो वह नए सिरे से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। उधर, राउज एवेन्यू कोर्ट ने 30 अप्रैल को सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था, जो दूसरी बार रेगुलर बेल मांग रहे थे। जमानत देने से इनकार करते हुए ट्रायल कोर्ट के आदेश में कहा गया था कि मामले की कार्यवाही में देरी काफी हद तक सिसोदिया के कारण ही हुई है।

### जीतन सहनी हत्या मामले में दो संदिग्ध हिरासत में लिए गए

# घटना का जल्द होगा उद्भेदन



#### हत्या की जांच के लिए एसआईटी गठित

**दरभंगा।** विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या की जांच और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया गया है। दरभंगा की ग्रामीण पुलिस अधीक्षक काम्या मिश्रा के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया है। पुलिस आसपास के लोगों और उनके घर आने-जाने वालों से पूछताछ कर घटना के सुराग खोजने की कोशिश कर रही है।

एजेंसी

**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या मामले में पुलिस दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस मुख्यालय का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। अपर पुलिस महानिदेशक जितेंद्र गंगवार ने कहा कि पुलिस वैज्ञानिक तरीके से मामले का अनुसंधान कर रही है। विशेष जांच दल का गठन किया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पहुंच रही है। इस मामले में किसी प्रकार की सूचना देने के लिए दरभंगा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नंबर भी जारी किए गए हैं।

#### सीएम ने सहनी से की बात, कहा-कड़ी कार्रवाई करेंगे

वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के बाद प्रदेश की सियासत गर्म है। इसी बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से फोन पर बात कर उनके पिता की हत्या पर गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार सरकार मुकेश सहनी के परिवार के साथ खड़ी है।

#### विपक्ष का हमला



*बिहार में लगातार अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं। मुकेश सहनी के पिता की हत्या की घटना दुखद है। बिहार में शासन-प्रशासन सिर्फ लूटने में लगा हुआ है। बिहार सरकार को कानून-व्यवस्था से कोई मतलब नहीं है। यहां सत्ता के संरक्षण में अपराधियों को पनाह दी जा रही है। अपराधियों के साथ संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।*

**राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव- सांसद, पूर्णिया**



*जब नेता के परिवार के लोग सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों का क्या हाल होगा। बिहार में डबल इंजन की सरकार में अपराध का राज कायम हो गया है।*

**मृत्युंजय तिवारी- राजद प्रवक्ता**



*विपक्ष के नेता के पिता भी बिहार में सुरक्षित नहीं हैं। बिहार में भाजपा सरकार के राज में गुंडाराज चल रहा है।*

**अनुराग भदौरिय-सपा प्रवक्ता**

### निर्णय — आभूषण अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किए जाएंगे

# कल फिर खोला जाएगा पुरी का रत्न भंडार

एजेंसी

**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि रत्न भंडार का आंतरिक कक्ष गुरुवार की सुबह 9.51 बजे से दोपहर 12.15 बजे के बीच फिर से खोला जाएगा। इस दौरान आभूषणों को मंदिर में स्थित अस्थायी कोषागार में स्थानांतरित किया जाएगा। यह फैसला मंगलवार को एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, रत्न भंडार को खोलने के दौरान देखरेख के लिए राज्य सरकार की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ, पुरी के जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में हुई बैठक में लिया गया। इससे पहले रत्न भंडार को 46 साल बाद रविवार को बहुमूल्य वस्तुओं की सूची बनाने और इसकी संरचना की मरम्मत के लिए खोला गया था।




#### रत्न भंडार खोलने के बाद क्या-क्या होगा

मंदिर में प्रवेश करने से पहले पाधी ने कहा था कि रत्न भंडार फिर से खोल दिया गया है, लेकिन मूल्यवान वस्तुओं की सूची तत्काल नहीं बनाई जाएगी। रत्न भंडार के आंतरिक और बाहरी कक्षों में रखे गए आभूषण और अन्य मूल्यवान वस्तुओं को लकड़ी के संदूकों में बंद कर अस्थायी सुरक्षित कमरे में रखा जाएगा। सूची तैयार करने का काम मूल्यांकनकर्ताओं, सुनारों और अन्य विशेषज्ञों को नियुक्त किए जाने पर सरकार की मंजूरी मिलने के बाद किया जाएगा।

## स्वतंत्र भारत में पहला व्यक्तिगत पदक जीतने वाले केडी जाधव की संघर्षगाथा

# हट्टे-कट्टे पहलवानों को भी धूल चटा देने वाले छोटे कद के महारथी

**महाराष्ट्र,** कोल्हापुर के केडी जाधव स्वतंत्र भारत के पहले इंडिविजुअल ओलंपिक मेडल विजेता हैं। खाशाबा दादासाहेब जाधव की कद काठी साधारण थी, पहलवानों वाली कोई बात उनमें नहीं दिखती थी। वह दुबले और महज 5 फुट 5 इंच के थे, लेकिन इस भारतीय पहलवान ने अपने हुनर से बड़े-बड़े पहलवानों को भी धूल चटाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। 1952 हेलसिंकी ओलंपिक में खाशाबा दादासाहेब जाधव ने कांस्य पदक जीत लिया। उनकी इस उपलब्धि ने उस समय की युवा पीढ़ी को काफी प्रेरित किया। लेकिन ओलंपिक पोडियम तक पहुंचने का उनका यह सफर इतना आसान नहीं था। कुश्ती में उन्होंने अपना सफर कोल्हापुर में राजा राम कॉलेज से की। उनके परिवार में पहले से ही पहलवानी का क्रेज था। इस युवा पहलवान ने अपने पिता के संरक्षण में ही प्रशिक्षण शुरू किया और उसके बाद बाबूराव बलावडे और बेलापुरी गुरुजी ने भी उन्हें सलाह दी। वह अपने विरोधियों पर सिर्फ ताकत का इस्तेमाल करके उन्हें नहीं हरा सकते थे और इसलिए उन्होंने अपनी तकनीक को बेहतर करने में बहुत अधिक समय दिया। केडी जाधव ने इसके बाद कई राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर के खिताब जीते। उनके प्रदर्शन के आधार पर 1948 लंदन ओलंपिक के लिए उन्हें चुन लिया गया। जहां वह छठे स्थान पर रहे। उनकी यह उपलब्धि काफी बड़ी और प्रभावशाली रही, क्योंकि जिसने अपने पूरे जीवन में मिट्टी के अखाड़े में अभ्यास किया था वह अचानक कुश्ती की मैट पर उतरकर थोड़ा घबरा गया




था। केडी जाधव को उनके पहले अनुभव के बावजूद 1952 हेलसिंकी ओलंपिक के लिए नहीं चुना गया। उन्होंने छह फिट लम्बे और बेहतरीन कद काठी के नेशनल फ्लाईवेट चैंपियन निरंजन दास को लखनऊ में एक मिनट में दो बार पटखनी दी। जब अधिकारियों ने फिर भी उन्हें ओलंपिक भेजने का अपना फैसला नहीं बदला तो उन्होंने पटियाला के महाराजा को खत लिखा। जिन्होंने दोनों के बीच तीसरा मुकाबला कराने की व्यवस्था की। केडी जाधव ने दास को फिर से चित करने में कोई समय बर्बाद नहीं किया और आखिरकार उन्हें फिर से अपने सपने को पूरा करने का मौका मिला। हालांकि, इस बार उन्हें फंड देने वाला कोई भी नहीं था। उन्होंने गांव वालों से कुछ पैसा इकट्ठा किया और उनके इस फंड जुटाने के मिशन में सबसे बड़ा योगदान उनके कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल ने दिया। जिन्होंने खुद का घर गिरवी रखकर उन्हें 7000 रुपए उधार दिए। इस तरह वह हेलसिंकी पहुंचे। इतनी मुश्किलों से गुजरने के बाद केडी जाधव के दृढ़ संकल्प ने कई अंतरराष्ट्रीय पहलवानों को मात दी। कनाडा के एड्रियन पोलिकिन और मेक्सिको के पीएल बसुर्टो को हराते हुए वह बेंटमवेट श्रेणी में आगे बढ़े। अगले राउंड में उनका सामना राशिद मम्मादेयोव से हुआ। इससे पहले कि उन्हें आराम करने का समय मिलता उनका अगला मुकाबला स्वर्ण पदक विजेता शोहाची इशी के खिलाफ था, जहां ये मुकाबला वह थकान की वजह से हार गए। लेकिन तब तक जाधव ने अपने और भारत के लिए कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया। उनके इसी जुनून की बदौलत जीते गए इस पदक ने भारत का पहला व्यक्तिगत ओलंपिक पदक बना दिया। ओलंपिक से लौटने के बाद उनका स्वागत बहुत धूमधाम से किया गया। 100 से अधिक बैलगाड़ियों के जुलूस निकला, जिसने रेलवे स्टेशन से उनके घर तक के 15 मिनट के सफर को तय करने में सात घंटे लगा दिए। लोगों की भीड़ उनकी उपलब्धि की ऊंचाई को बयां कर रही थी।

---

**वर्ष 2024 : टी20 क्रिकेट**

# इन भारतीय कप्तानों ने बनाए सर्वाधिक रन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ सफल टी20 सीरीज के बाद श्रीलंका के दौरे पर जाएगी, जहां उनको 3 मैचों की टी20 सीरीज के साथ आगाज करना है। रोहित शर्मा टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। टी20 क्रिकेट में भारत के कई युवा खिलाड़ी कप्तानी में अपने जलवे बिखेर चुके हैं। इसका कारण आईपीएल है जहां भारतीय कप्तानों ने कई फ्रेंचाइजी टीम की कमान संभाली हुई है। साल 2024 में बतौर टी20 कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों पर एक नजर डालते हैं। शुभमन गिल इस मामले में नंबर एक पर हैं, जिन्होंने 141 के स्ट्राइक रेट के साथ 596 रन बनाए हैं। उन्होंने आईपीएल में गुजरात टाइटंस की कप्तानी करने के अलावा, हाल ही में सम्पन्न हुई सीरीज में भारत की कमान भी संभाली थी। चेन्नई सुपर किंग्स के युवा ऋतुराज गायकवाड़ दूसरे नंबर पर आते हैं, जिन्होंने 142 के स्ट्राइक रेट के साथ 583 रन बनाए हैं। संजू सैमसन तीसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 153 के तेज स्ट्राइक रेट से बैटिंग करते हुए 531 रन बनाए हैं। सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी की है। भारत के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं, जिन्होंने 505 रन बनाए हैं। हालांकि उनका स्ट्राइक 136 का ही रहा है। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने एक्सीडेंट के बाद शानदार वापसी की है। उन्होंने कप्तान के तौर पर टी20 में 446 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 155 का रहा है। इस लिस्ट में टीम इंडिया के अगले संभावित टी20 कप्तान हार्दिक पांड्या का नाम टॉप-5 में शामिल नहीं है। उन्होंने आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कप्तानी की थी। हालांकि भारतीय टीम की कप्तानी के उनके पिछले अनुभव और ऑलराउंड क्षमता के साथ, वह एक बार फिर टीम इंडिया की कप्तानी के दावेदार हैं।

# सारा ग्लेन ने हासिल की महिला टी20 रैंकिंग में नई उच्चतम रेटिंग




**एजेंसी। दुबई**

इंग्लैंड की स्पिनर सारा ग्लेन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी महिला टी20 गेंदबाज रैंकिंग में करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। ग्लेन ने घरेलू श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैचों में आठ विकेट हासिल किए और अपने करियर में 768 रेटिंग अंकों की नई ऊंचाई हासिल की और अपना नंबर 2 स्थान बरकरार रखा। वह तालिका में शीर्ष पर अपनी साथी साथी सोफी एक्लेस्टोन से अंतर कम कर रही हैं। एक्लेस्टोन ने पांच मैचों की श्रृंखला के चार मैचों में आठ विकेट भी हासिल किए। 25 वर्षीय खिलाड़ी का इस प्रारूप में पहला स्थान बना हुआ है। भारत की स्पिनर दीप्ति शर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने हालिया प्रदर्शन के बाद टी 20 गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि राधा यादव आठ पायदान ऊपर 15वें स्थान पर, पूजा वस्त्रकर (छह पायदान ऊपर 23वें) और श्रेयंका पाटिल (नौ पायदान ऊपर 60वें) सभी ने अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी बेथ मूनी और ताहलिया मैक्ग्रा टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में आगे बनी हुई हैं, जबकि भारत की जोड़ी हरमनप्रीत कौर (तीन स्थान ऊपर 12वें स्थान पर) और शैफाली वर्मा (दो स्थान ऊपर 15वें स्थान पर) दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी शानदार श्रृंखला के बाद सबसे बड़ी मूवर्स हैं। ऐलिस कैप्सी के लिए भी एक बड़ी छलांग है, इंग्लैंड की युवा खिलाड़ी न्यूजीलैंड के साथ चल रही श्रृंखला के पहले चार मैचों में अपने श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ 104 रनों की बदौलत सात पायदान ऊपर चढ़कर 25वें स्थान पर पहुंच गई है। टी-20 ऑलराउंडरों की सूची में वेस्टइंडीज की स्टार हेली मैथ्यूज काफी आगे हैं, खिलाड़ियों में दीप्ति (एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर), एक्लेस्टोन (एक स्थान ऊपर 11वें) और ग्लेन (एक पायदान ऊपर 16वें) शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता ने मॉरिस रिचर्डसन का समर्थन किया

**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने तेज गेंदबाज लांस मॉरिस और झाई रिचर्डसन के लिए कई योजनाएं बनाई हैं, जो ब्रिटेन के सफेद -बॉल दौरे से चूक गए थे। इस साल की शुरूआत में दोनों को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया था। मॉरिस अपनी पीठ की चोट के कारण मैदान से दूर थे और वर्तमान में वे पुनर्वास से गुजर रहे हैं। यह 2022-2023 सीजन में एशेज यात्रा से बाहर होने के बाद हुई घटना की पुनरावृत्ति है। इस तेज गेंदबाज को अपने दूसरे वनडे मैच में साइड स्ट्रेन हुआ था, जिससे वो आगे नहीं खेल पाए थे। उन्हें मौजूदा मेजर लीग क्रिकेट में सिएटल ओर्कास के लिए खेलना था, लेकिन चोटिल होने के कारण उन्हें इस टूनामेंट के साथ-साथ स्कॉटलैंड और इंग्लैंड दौरे से भी बाहर होना पड़ा। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली के हवाले से कहा, लांस अभी भी खेल में वापसी करना चाहते हैं और चोट से उबर रहे हैं।

## कोपा फाइनल में मारपीट के आरोप में कोलंबियाई फुटबॉल प्रमुख गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मियामी में रविवार को हुए कोपा अमेरिका फाइनल में विवाद के बाद कोलंबियाई फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष रेमन जेसुरुन फ्रेंको और उनके बेटे रेमन जमील को मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मियामी न्यू टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार 71 वर्षीय जेसुरुन, जो महाद्वीपीय टूनामेंट का आयोजन करने वाली दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल संस्था कॉनमेबोल के उपाध्यक्ष भी हैं, और उनके 43




वर्षीय बेटे जमील को सोमवार सुबह 4.20 बजे (अमेरिकी समय) के आसपास टर्नर गिलफोर्ड नाइट सुधार केंद्र में बुक किया गया था। जहां वे सोमवार दोपहर 3 बजे तक रहे। पिता-पुत्र की जोड़ी कथित तौर पर कई सुरक्षा गार्डों के साथ हिंसक विवाद में शामिल थी, जो हार्ड रॉक स्टेडियम में कोलंबिया और अर्जेंटीना के बीच मैच खत्म होने के बाद लोगों को मीडिया-सभा क्षेत्र से दूर रखने का प्रयास कर रहे थे।

---

**09 दिन काउंट डाउन**

## पेरिस ओलंपिक




1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक में दिखा मेजर ध्यानचंद का जादू

## भारतीय हॉकी टीम ने लगातार जीते छह स्वर्ण पदक

भारतीय राष्ट्रीय पुरुष हॉकी टीम का इतिहास शानदार रहा है, टीम इंडिया ने साल 1928 से लेकर 1956 तक लगातार 6 गोल्ड मेडल जीते, इसके बाद टीम ने 2 और स्वर्ण पदक अपने नाम किए। स्वतंत्रता के पहले ही भारत ने लगातार 1928 एम्सटर्डम, 1932 लॉस एंजिल्स और 1936 बर्लिन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत हैट्रिक पूरी की। भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक इतिहास में अपना पहला गोल्ड मेडल साल 1928 में एम्सटर्डम ओलंपिक में जीता था। टीम के कप्तान झारखंड के जयपाल सिंह मुंडा थे। इस ओलंपिक ने दुनिया के सबसे महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद को देखा। भारत के इस महान खिलाड़ी ने टूनामेंट में सबसे ज्यादा 14 गोल किए। इस दौरान भारतीय हॉकी टीम ने 5 मैचों में कुल 29 गोल किए थे। नीदरलैंड के खिलाफ ध्यानचंद की हैट्रिक की बदौलत टीम ने 3-0 से जीत हासिल की और भारतीय हॉकी टीम ने पहली बार गोल्ड मेडल अपने नाम किया। साल 1932 में लॉस एंजिल्स में हुए खेलों में भारतीय हॉकी टीम में कई भड़के हुए लोग दिखे, जैसे कि 'भारतीय' और 'एंग्लो-इंडियन' एक दूसरे के खिलाफ थे, यहां तक कि टीम के एक सदस्य ने भी पगड़ी पहनने से मना कर दिया था।

### ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी को पदक

**स्वर्ण पदक**

| वर्ष | स्थल | कप्तान |
|---|---|---|
| 1928 | एम्स्टर्डम | जयपाल सिंह |
| 1932 | लॉस एंजिल्स | लाल बुखारी |
| 1936 | बर्लिन | ध्यानचंद |
| 1948 | लंडन | किशन लाल |
| 1952 | हेलसिंकी | के.डी. सिंह |
| 1956 | मेलबोर्न | बलबीर सिंह सीनियर |
| 1964 | टोक्यो | चरणजीत सिंह |
| 1980 | मास्को | वासुदेवन भास्करन |

**रजत पदक**

| | | |
|---|---|---|
| 1960 | रोम | लेस्ली क्लोडिअस |

**कांस्य पदक**

| | | |
|---|---|---|
| 1968 | मेक्सिको सिटी | गुर्बक्स सिंह |
| 1972 | म्यूनिख | हर्मीक सिंह |
| 2020 | टोक्यो | मानप्रीत सिंह |

---

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# बॉर्डर की सुरक्षा पर बजट में रहेगा फोकस आधारभूत ढांचे की मजबूती पर होगा जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की सीमाओं की सुरक्षा को लेकर आम बजट में आवंटन बढ़ाया जाएगा। खुफिया तंत्र की मजबूती के अलावा नई बटालियन, फ्रंटियर और सीमा पर आधारभूत ढांचे को लेकर बजटीय आवंटन में बढ़ोत्तरी की उम्मीद है। गृह मंत्रालय को आवंटन में सीमा सुरक्षा, निगरानी, साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने से जुड़े प्रस्ताव पर गौर किया जा रहा है। बीएसएफ एयर विंग के लिए भी आवंटन बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता

सीमा सुरक्षा के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी बजट में देखने को मिल सकती है। साइबर चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई 4 सी) के बजट में काफी वृद्धि की संभावना है। पिछले बजट में भी इस क्षेत्र के लिए बजट आवंटन करीब 70 फीसदी तक बढ़ा था।



### पिछले बजट में क्या मिला था

पिछले बजट में बीएसएफ एयर विंग, एयरक्राफ्ट, रिवर बोट और हेलीबेस योजना के लिए आवंटन 78.19 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 263 करोड़ रुपये कर दिया गया था, बजट में यह रुझान बना रहेगा। इसी तरह, आई 4 सी का बजट 94.40 करोड़ रुपये से बढ़कर 150.95 करोड़ रुपये कर दिया गया था। इस मद में फिर बढ़ोत्तरी का संकेत है। निर्भया फंड के आवंटन में पिछली बार कमी देखने को मिली थी।

**साइबर सुरक्षा पर संजीदा मोदी सरकार**

अधिकारियों ने कहा, साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व के बारे में केंद्र सरकार संजीदा है। इस क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की मुहिम जारी है। भारत पाकिस्तान सीमा और चीन सीमा पर इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के अलावा नेपाल सीमा पर निगरानी कर रही एसएसबी के लंबित प्रस्तावों पर भी बजट में मुहर लग सकती है।

## ओएनजीसी के शेयर में आई तेजी हरदीप सिंह पुरी ने दी बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दस साल बाद ओएनजीसी के शेयर में आई तेजी पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए ओएनजीसी को बधाई। शेयर कीमतों में उछाल - ओएनजीसी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक - तेल और गैस पीएसयू में प्रदर्शन शानदार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, नेतृत्व और समय पर लिए गए निर्णयों ने हमारे सार्वजनिक उपक्रमों को आत्मविश्वासी और पेशेवर वैश्विक एनर्जी लीडर्स में बदल दिया है। ओएनजीसी के शेयर्स में आई तेजी ने शेयरधारकों को उत्साहित कर दिया है। बाजार विशेषज्ञों का दावा है कि अगर तेजी का सिलसिला यूं ही जारी रहा, तो निवेशक अपने निवेश के दायरे को विस्तारित कर सकते हैं। लंबे समय बाद शेयर्स में तेजी ने कंपनी को भी उत्साहित कर दिया है। वहीं, बात अगर शेयर्स की कीमत में आई तेजी की बात करें, तो कारोबारी सत्र के दौरान सोमवार को 5.4 फीसद से उछलकर 323.60 के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले, शेयर ने 9 जून, 2014 की पिछली ऊंचाई 314.67 रुपये (बोनस शेयर से समायोजित) को पार किया था। शेयर में आई तेजी की वजह से ओएनजीसी का बाजार पूंजीकरण 4 लाख करोड़ के पार चला गया है।

## सेबी की चेतावनी के बाद गिरे पेटीएम के शेयर, पहुंचा सबसे निचले स्तर पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सेबी से चेतावनी का लेटर मिलने के बाद आज पेटीएम के शेयर में करीब पौने दो प्रतिशत की गिरावट आई है। एनएसई पर शुरूआती कारोबार में पेटीएम के शेयर 1.77% गिरकर 461 पर आ गए। आज सुबह पेटीएम के शेयर 466 रुपये पर खुले और 471.40 रुपये पर पहुंचकर दिन के निचले स्तर 461.20 रुपये पर आ गए। एक खबर के मुताबिक फिनटेक प्रमुख पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस को सेबी से कंपनी या उसकी सहायक कंपनियों द्वारा वित्त वर्ष 2022 के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक के साथ किए गए रिलेटेड पार्टी ट्रांजेक्शन के संबंध में एक एडमिनिस्ट्रेटिव वार्निंग लेटर मिला है। सेबी ने जांच के दौरान कई नॉन-कंप्लायंस पाए और कहा कि वन 97 कम्युनिकेशंस ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के साथ 360 करोड़




की एप्रूव्ड समाधान सीमा से अधिक ट्रांजैक्शन किया। सेबी ने पेटीएम को भेजे अपने चेतावनी पत्र में कहा, इसलिए, आपको भविष्य में सावधान रहने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचने के लिए अपने अनुपालन मानकों में सुधार करने की चेतावनी दी जाती है। ऐसा न करने पर कानून के अनुसार एनफोर्समेंट कार्रवाई शुरू की जाएगी। सेबी की प्रशासनिक चेतावनी के जवाब में पेटीएम ने कहा कि उसने समय-समय पर सभी लिस्टिंग रेग्यूलेशन का लगातार पालन किया है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में पेटीएम ने कहा कि वह हाइएस्ट कंप्लायंस स्टैंडर्ड को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स बढ़कर 7 हजार रुपये प्रति टन, नई दरें लागू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में फिर इजाफा किया है। सरकार ने विंडफॉल टैक्स को 6 हजार रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 7 हजार रुपये प्रति टन कर दिया है। नई दरें मंगलवार से लागू हो गई हैं। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर मौजूदा विंडफॉल टैक्स 6 हजार रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 7 हजार रुपये प्रति टन कर दिया गया है। हालांकि, पेट्रोल, डीजल और विमानन ईंधन (ईटीएफ) के निर्यात पर लगने वाला अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को शून्य पर स्थिर रखा गया है। इससे पहले सरकार ने जुलाई महीने की शुरूआत में भी घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को बढ़ाया था। सरकार ने उस समय कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को बढ़ाकर 6 हजार रुपये प्रति टन कर दिया गया था।

# रियलमी 13 प्रो सीरीज में कैमरा बेहद दमदार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्मार्टफोन कैमरे अब कहां से कहां तक पहुंच गए हैं। सेंसर टेक्नोलॉजी में इनोवेशन से प्रेरित होकर कैमरे अब एक नई ताकत बन गए हैं। सॉफिस्टिकेटेड इमेज प्रोसेसिंग एल्गोरिदम के साथ हाई रिजॉल्यूशन सेंसर ने इमेज क्वालिटी को डीएसएलआर कैमरों के बराबर के लेवल पर पहुंचा दिया है।

डुअल-कैमरा सेटअप की शुरूआत ने और भी ज्यादा क्रिएटिविटी को बढ़ावा दिया, जिसमें शानदार पोर्ट्रेट मोड इफेक्ट्स और ट्रू ऑप्टिकल जूम कैपेबिलिटीज के लिए डेप्थ सेंसिंग जैसे फीचर्स सक्षम हैं। आज, फ्लैगशिप स्मार्टफोन प्रभावशाली मल्टी-कैमरा का दावा करते हैं, जिसमें अक्सर वाइड-एंगल, टेलीफोटो और अल्ट्रा-वाइड लेंस भी शामिल होते हैं। यह यूजर्स को फ्लेक्सिबिलिटी और क्वालिटी के साथ कई सीन्स को कैप्चर करने में सक्षम बनाता है। रियलमी इन सभी का बेहतरीन उदाहरण है, जो अपने यूजर्स को अत्याधुनिक कैमरा टेक्नोलॉजी प्रदान करने का निरंतर प्रयास करता है। हर नए डिवाइस के साथ, रियलमी मोबाइल यूजर्स की सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए इनोवेटिव फीचर्स पेश करता है। अपने शुरूआती स्मार्टफोन में से एक के रूप में रियलमी 5 प्रो ने अपने सेगमेंट में पहले क्वाड-कैमरा पेश किया। रियलमी 8 प्रो में पहला 108 मेगापिक्सल कैमरा पेश किया। वहीं रियलमी 9 प्रो प्लस ने प्रो-लाइट टेक्नोलॉजी के साथ सोनी आईएमएक्स766 सेंसर को ऑप्टिमाइज कर इस सेगमेंट को और मजबूत किया। रियलमी के स्मार्टफोन कैमरा टेक्नोलॉजी का कोई जोड़ नहीं है। रियलमी एक्सटी ने दुनिया का पहला 64 मेगापिक्सल कैमरा वाला स्मार्टफोन लॉन्च किया, जो उस समय किसी भी स्मार्टफोन में सबसे ज्यादा मेगापिक्सल का कैमरा था।

# सूबे के भाजपा कार्यकर्ताओं ने चमत्कार करके दिखाया : हिमंता

**झारखंड से नौ सीटें दिलाकर कार्यकर्ताओं ने मोदी को पीएम बनाया**

**राहुल कहते हैं हम 240 लेकर हार गये और वह 99 लेकर जीत गये**

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
तोरपा में भाजपा कार्यकर्ता सम्मान सह विजय संकल्प सभा में मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चमत्कार दिखा दिया है। नौ सीटें दिलाकर मोदी को पीएम बनाया। देश में माहौल ऐसा है कि 240 सीटें भाजपा को मिली और कांग्रेस को मात्र 99 सीटों पर जीत मिली लेकिन कांग्रेस ऐसी खुशी मना रही है जैसे 100 सीटों में कांग्रेस ने 99 सीटें जीत ली हो। सरमा ने कहा, अरे राहुल बाबा 542 में आपको 99 सीटें मिली हैं, सौ में नहीं। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा का ज्ञान शुरूआत से कम था, आगे भी कम रहेगा। राहुल बाबा कहते है 240 लेकर हार गये और 99 लेकर जीत गये। सरमा ने कहा कि जवाहर लाल नेहरू के बाद नरेन्द्र मोदी ही लगाार तीसरी बार पीएम बने हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का जोश बरकरार रहना चाहिए।

## खटाखट वाली मशीन लगा दीजिए राहुल बाबा



हिमंता ने कहा कि राहुल बाबा ने बोला था कि खटाखट पैसा आयेगा। ये खटाखट की मशीन कहां गायब हो गई। कृपाकर खटाखट की मशीन जल्दी लगा दीजिए। सरमा ने कहा कि राहुल भी झूठ बोलते हैं। हेमंत सोरेन भी झूठ बोलते हैं। इसलिए दोनों में दोस्ती है। उन्होंने कहा कि झामुमो का घोषणा पत्र पढ़ने से तो ऐसा लगता है कि झामुमो की सरकार आ जायेगी तो कोई तकलीफ में नहीं रहेगा लेकिन पांच साल में ऐसा नहीं हुआ। हिमंता सरमा ने कहा कि झारखंड से घुसपैठियों को भगाने और राज्य के सुनहरे भविष्य के लिए हेमंत सोरेन की सरकार को बदलकर भाजपा की सरकार को लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के बाद झारखंड में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। कार्यक्रम को विधायक कोचे मुंडा और राज्यसभा सदस्य आदित्य कुमार साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिग्गा ने किया। इस मौके पर संतोष जायसवाल, बिनोद भगत, शशांक राय, सत्यनारायण सिंह, केएस बेहरा, रेड़ा मुंडा, दुलार मुंडा, कामेश्वर सिंह, रामध्यान सिंह, ओमीन सिंह, निखिल कंडुलना, गंदौरी गुड़िया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### झामुमो-कांग्रेस का गणित उलटा

**हिमंता ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस का गणित उल्टा है। लोकसभा चुनाव में हमने 14 में नौ सीटों पर जीत हासिल की और कांग्रेस-झामुमो को पांच सीटें मिली, फिर भी वो जीते और भाजपा हार गई। लगता है झारखंड में नौ से बड़ा पांच होता है।**



# राज्यपाल से कुलपति, पूर्व विधायक सहित कई लोगों ने की मुलाकात

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को रांची के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य सहित अन्य कई लोगों ने राजभवन में मुलाकात की। कुलपति ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। इसी प्रकार राज्यपाल से पूर्व झारखंड विधानसभा सदस्य गंगोत्री कुजूर के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट कर रांची विश्वविद्यालय, रांची के अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट में विद्यार्थियों का नामांकन प्रारंभ करने के लिए निदेशित करने का आग्रह किया। इसके अलावा राज्यपाल से भारतीय जनता युवा मोर्चा (झारखंड प्रदेश) का एक शिष्टमंडल प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के नेतृत्व में भेंट कर राज्य में आयोजित जेएसएससी-पीजीटी परीक्षा में अनियमितता की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसकी जांच कराने की मांग की।

# डीजीपी कल करेंगे नक्सल अभियान की समीक्षा

**रांची।** झारखंड के 15 जिलों में चल रहे नक्सल अभियान और नक्सली गतिविधियों की 18 जुलाई को समीक्षा की जाएगी। राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, चाईबासा, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, सरायकेला, पलामू और दुमका जिले की समीक्षा करेंगे।
केंद्रीय गृहमंत्रालय की समीक्षा के बाद देश के नौ राज्यों के 38 जिले केवल माओवाद से प्रभावित हैं। इनमें झारखंडके पांच जिले शामिल हैं, जिसमें पश्चिम सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा है। केंद्र सरकार ने वामपंथी व चरमपंथी जिलों को मारवाड़ प्रभाव के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा है। पहली श्रेणी में नक्सल प्रभावित जिलों को रखा गया है। वहीं तीसरी श्रेणी में उन जिलों को रखा गया है जहां माओवाद का प्रभाव कम हुआ है। लेकिन अभी भी वहां पर नजर रखने की जरूरत है। झारखंड में सक्रिय नक्सली संगठनों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से मिले डॉ तपन



**रांची। राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने राज भवन में भेंट की। कुलपति ने कुलाधिपति को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।**

### कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति ने की राज्यपाल से मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम कुमार सिंह ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। राज्यपाल ने कुलपति को विश्वविद्यालय के कार्यकलापों में सुधार लाने के लिए निदेशित किया और एकेडमिक कैलेंडर का पालन करने के लिए कहा।

### रक्षा राज्य मंत्री ने बीईएल का दौरा किया, आत्मनिर्भर भारत के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की



**रांची ।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सांसद लहर सिंह सिरोया के साथ मंगलवार को नवरत्न रक्षा पीएसयू, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के बेंगलुरु कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। मौके पर संस्थान के निदेशक (विपणन), और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। संजय सेइ ने एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स नेवी (एडीएसएन) स्ट्रैटेजिक बिजनेस यूनिट (एसबीयू), मिलिट्री रडार एसबीयू और अत्याधुनिक ईएमआई/ईएमसी लैब में प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का दौरा किया। मंत्री को तटीय निगरानी प्रणाली और परिधि सुरक्षा प्रणाली का डेमो दिया गया। उन्होंने स्मार्ट सिटी एक्सपीरियंस सेंटर का भी दौरा किया। आरआरएम ने उत्पाद विकास और नवाचार केंद्र (पीडीआईसी) का दौरा किया, जो अत्याधुनिक रक्षा और सुरक्षा समाधानों के नवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देता है। उन्होंने अगली पीढ़ी की परियोजनाओं पर काम कर रहे इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और शोधकताओं से बातचीत की।
मंत्री ने कहा, मैं बीईएल की अत्याधुनिक सुविधा से प्रभावित हूं और राष्ट्र की रक्षा के लिए बीईएल द्वारा किए जा रहे योगदान की सराहना करता हूं। मैं बीईएल की निरंतर सफलता और उपलब्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

### यशवंत सिन्हा से मिले सरयू राय



**हजारीबाग।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय मंगलवार को हजारीबाग पहुंचे। उन्होंने अपराह्न तीन बजे डेमोटांड़ स्थित ऋषभ वाटिका में पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच राष्ट्रीय व झारखंड की राजनीति पर विचार-विमर्श हुआ। विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। मुलाकात के बाद सरयू राय ने कहा कि यशवंत सिन्हा से हमारा पुराना संबंध है। उन्होंने कहा कि झारखंड का विकास कैसे हो, विकास के नाम पर जो भी गलत कार्य किये गये हैं उसकी रोकथाम के लिए क्या रणनीति हो, इन सभी मुद्दों पर दोनों नेताओं ने विचार-विमर्श किया। यशवंत सिन्हा ने कहा कि सरयू राय से हमने कई बार अनुरोध किया था कि जब वह हजारीबाग पहुंचे तो हमसे आवास पर जरूर मुलाकात करें। दोनों नेताओं के बीच हुए विचार-विमर्श को झारखंड की राजनीति के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### राज्य में 'स्कूल रुआर-बैक टू स्कूल' अभियान शुरू

# ढिलाई बरतने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी : आदित्य

**रांची में राज्यस्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'स्कूल रुआर 2024-बैक टू स्कूल' अभियान के तहत मंगलवार को राज्य शिक्षा परियोजना परिषद में राज्यस्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी जिलों के डीईओ, डीएसई, एडीपीओ, एपीओ शामिल हुए।
कार्यशाला के दौरान झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने पदाधिकारियों को आज से शुरू हो रहे विद्यालय स्तरीय 'स्कूल रुआर 2024-बैक टू स्कूल' कैंपेन के दौरान विभिन्न तिथियों में निर्धारित कार्यक्रमों के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन के निरंतर अनुश्रवण का निर्देश दिया। साथ ही, विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले 16 दिवसीय रुआर-बैक टू स्कूल अभियान के दौरान विद्यालयों में संचालित बाल संसद, माता समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति, जल सेना व ईको क्लब की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। आदित्य रंजन ने कहा कि इस अभियान की मॉनीटरिंग गूगल लिंक, पोर्टल के माध्यम से होगी। राज्य द्वारा स्कूल रुआर-बैक टू स्कूल अभियान का लगातार अनुश्रवण होगा। पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके जिले में अभियान का सफलतापूर्वक ना केवल संचालन हो, बल्कि इसका अद्यतन आंकड़ा भी राज्य को प्राप्त हो सके। आदित्य रंजन ने कहा कि दाखिला पंजी और रिपोर्टिंग गूगल शीट दोनों को सामानांतर भरना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जो बच्चा स्कूल में अनामांकित है, उसे विद्यालय लाने और जो नामांकित बच्चे हैं, उनकी शत-प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखना विद्यालय के साथ-साथ पदाधिकारियों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने इस अभियान में लापरवाही बरतने या ढिलाई बरतने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अनामांकित बच्चों को विद्यालय लाने एवं बच्चों की विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज से राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में 16 दिवसीय विद्यालय स्तरीय 'स्कूल रुआर-बैक टू स्कूल' अभियान की शुरुआत हुई। इस अभियान के तहत 31 जुलाई तक राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में नव नामांकित बच्चों का स्वागत, अनामांकित बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास और नामांकित बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत पहले दिन सर्वप्रथम विद्यालय आने वाले बच्चों का तिलक लगाकर विद्यालय में स्वागत करना एवं शत-प्रतिशत उपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावकों और बच्चों को प्रेरित व प्रोत्साहित करना शामिल है।
अभियान के दूसरे दिन बच्चों की अगली कक्षा में प्रोन्नति एवं बच्चों के विद्यालय में ठहराव की स्थिति की समीक्षा करने के साथ पोषक क्षेत्रों का भ्रमण कर अनामांकित या ड्रॉपआउट बच्चों के अभिभावकों से मिलकर बच्चे के नामांकन के लिए उन्हें प्रेरित करने का कार्यक्रम शामिल है। तीसरे दिन स्कूल टैगिंग, नामांकित व अनामांकित बच्चों की सूची तैयार करना, अनामांकित बच्चों के अभिभावकों से मिलने का कार्यक्रम है। चौथे दिन यह दायित्व हाउस कप्तान निभाएंगे। पांचवें दिन 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' के तहत विद्यालय प्रबंधन समिति के सहयोग से नो कॉस्ट एवं लो कॉस्ट गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। छठे व सांतवें दिन विद्यालय में संचालित विभिन्न समितियों के माध्यम से विद्यालय की स्वच्छता के लिए कई प्रयास किये जाएंगे। साथ ही, विद्यालय प्रबंधन समितियों के माध्यम से आदर्श किचन गार्डन बनाने और पौधरोपण का कार्य संपन्न किया जाएगा। आठवें दिन विद्यालय में नव नामांकन की समीक्षा करना एवं विद्यालय कैंपस को ड्रग फ्री कैंपस बनाने के लिए उपायों एवं क्रियान्वयन पर चर्चा करना आदि कार्यक्रम शामिल हैं। अभियान के नौवें दिन कक्षा छह से 12 के बीच की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्राओं के बीच माहवारी स्वछता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके साथ बाल विवाह निषेध जैसे विषयों पर भी उन्हें जागरूक किया जाएगा।

# झारखंड में भ्रष्टाचार व्याप्त, विकास की कोई इच्छा नहीं : अनुराग ठाकुर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने सत्ता में आने से पहले कई वादे किये, जिसमें से एक भी पूरा नहीं हुआ और जिस तरह से झारखंड का विकास हो सकता था, वह नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार व्याप्त है। विकास अवरुद्ध है। इस राज्य से यही खबरें आती हैं कि कभी 350 करोड़ तो कभी 25 करोड़ जब्त हुए। अनुराग ठाकुर मंगलवार को रांची में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वादा किया था कि पांच लाख रोजगार मिलेगा। वो दूर की बात रही, यहां की सरकार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता तक नहीं दे पायी। ऐसा लगता है कि सरकार पूरी तरह से विफल हो गयी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार के लिए अनुकूल परिस्थितियां है। इस सरकार में निवेश और डेवलपमेंट के लिए कोई इच्छाशक्ति नहीं है। उन्होंने असम का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां डबल इंजन की सरकार ने कई नयी ऊंचाईयों को छुआ है। वहां सेमी कंडक्टर के फील्ड में एक हजार करोड़ रुपये का निवेश आया है।
ठाकुर ने कहा कि झारखंड में निवेश क्यों नहीं आता इसका कारण यह है कि यहां भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं और विकास या निवेश की कोई इच्छाशक्ति नहीं है। सांसद ने कहा कि झारखंड के गठन को दो दशक हो चुके हैं लेकिन यह विकास की नई ऊंचाइयों को नहीं छू पाया है, जैसी उम्मीद थी। उन्होंने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोगों को अक्सर राज्य से जब्ती की खबरें मिलती रहती हैं, जो इस बात की ओर इशारा करती हैं कि झारखंड में भ्रष्टाचार व्याप्त है और विकास में कोई रुचि नहीं है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 से पहले यूपीए के समय भी अखिलेश यादव की सरकार ने काम रोक दिया था लेकिन जब योगी और भाजपा की सरकार बनी तो डबल इंजन की सरकार ने राज्य की आपराधिक व्यवस्था में सुधार किया। रिकॉर्ड निवेश किया और विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

# सरकार जनहित की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
क्रेडाई- झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल नगर विकास एवं आवास मंत्री हफीजुल हसन से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से अनाधिकृत निर्माण को नियमितीकरण करने की मांग की। वहीं नागर विकास एवं आवास विभाग द्वारा तैयार की गयी योजना को जल्द लागू करने को कहा। इस दौरान आमजनों के अलावा विभिन्न संगठनों के सुझाव से विभाग द्वारा तैयार की गयी योजना पर चर्चा की गयी।
प्रतिनिधिमंडल की मांग पर मंत्री ने सकारात्मक रूख दिखाते हुए कहा कि हमारी सरकार जनहित से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। हम सहमत हैं कि पूर्व की योजनाएं जटिल थी, जिस कारण योजना के लाभ से राज्यवासी वंचित थे। विभागीय सचिव अरवा राजकमल ने भी प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जनकल्याणकारी योजना का लाभ अधिक से अधिक राज्यवासियों को मिले। इसका हर संभव प्रयास किया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में क्रेडाई झारखंड की चेयरमेन कुमुद झा, फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य अर्से आलम, क्रेडाई झारखंड के सचिव अलोक सरावगी, सह सचिव रोहित अग्रवाल और जावेद अहमद शामिल थे।

## पृष्ठ एक का शेष

**झारखंड को मुस्लिमों का जमाई...**
और झामुमो को झारखंड से विदा करने का समय आ गया है। भाजपा के नेतृत्व में नया झारखंड बनाना है। हेमंत सोरेन पर कटाक्ष करते हुए कहा, वह जेल अपने भ्रष्टाचार के कारण गये, कोई स्वतंत्रता आंदोलन करके जेल नहीं गये। चंपाई सरकार ने भ्रष्टाचार नहीं किया तो हेमंत को लगा कि चंपाई सीएम रहेंगे, तो दलाली नहीं चलेगी। इसलिए उन्हें कुर्सी से हटा कर खुद सीएम बन गये। लगता है कि यह सरकार सिर्फ बालू की तस्करी के लिए बनी है। सरकार के इसी मानसिकता के कारण कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के यहां से 300 करोड़ रुपये बरामद होते हैं, यह पैसा आम जनता का है। पूरे राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति काफी खराब है। यह बात अब हाई कोर्ट भी कहा रहा है।

**सेना के कैप्टन सहित पांच...**
पहचान अभी नहीं बताई गई है। बताया गया कि राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने सोमवार देर शाम डोडा शहर से करीब 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरबागी में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। सेना की 16 वीं व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा के उत्तर में सामान्य क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान जारी था। सोमवार रात करीब 9 बजे आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हुआ, जिसके बाद भारी गोलीबारी शुरू हुई। सेना के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार देर रात तक गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन कैप्टन के नेतृत्व में जवानों ने चुनौतीपूर्ण इलाके और घने जंगल के बावजूद उनका पीछा किया। इसके बाद सोमवार रात करीब 9 बजे फिर से गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर मंगलवार को उपचार के दौरान पांचों ने दम तोड़ दिया। मंगलवार सुबह अधिक सैनिकों के साथ इलाके की तलाशी शुरू की गई है। मंगलवार को आतंकवादियों से कोई नया संपर्क नहीं हुआ है। माना जाता है कि वे सीमा पार से घुसपैठ कर आए हैं और पिछले कुछ महीनों से जंगल क्षेत्र में छिपे हुए हैं। इससे पहले 9 जुलाई को किश्तवाड़ जिले की सीमा से लगे घडी भगवा जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भागने में सफल रहे। 26 जून को जिले के गंदोह इलाके में एक दिन के ऑपरेशन में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गए। 12 जून को चत्तरगल्ला दर्रे में भीषण गोलीबारी के बाद डोडा में आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया गया था, जिसमें पांच सैन्यकर्मी और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे। जम्मू क्षेत्र में दशकों पुराने आतंकवाद का सफाया करने के बाद 2005 से 2021 के बीच अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहा, पिछले महीने में आतंकी हमलों में वृद्धि देखी गई। इसमें एक तीर्थयात्री बस पर हमला भी शामिल था, जिसमें नौ लोग मारे गए और 40 घायल हो गए। अक्टूबर, 2021 में पुंछ और राजौरी के जुड़वां सीमावर्ती जिलों से आतंकी गतिविधियां फिर से सामने आईं।

**राजनाथ सिंह ने सेना...**
प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से बात कर वहां की जमीनी हालात का जायजा लिया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि राजनाथ सिंह ने आज सुबह सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से बात की। सेना प्रमुख ने रक्षा मंत्री को जमीनी हालात और डोडा में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान से अवगत कराया है। राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के जवानों ने सोमवार शाम करीब 7.45 बजे उरारबागी में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई जो अब भी जारी है। आतंकवादियों की तलाश में सेना के हेलीकॉप्टर को भी लगाया गया है।

### लाल प्ले स्कूल ने मनाया 'रेड कलर डे'

**रांची।** लाल प्ले स्कूल, कांके रोड,गोंदा टाउन, रांची में मंगलवार को 'रेड कलर डे' धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्री नर्सरी, नर्सरी एवं एल केजी के बच्चे एवं इनके साथ उनके क्लास के क्लास टीचर भी लाल रंग के ड्रेस में विद्यालय पहुंचे। इस समारोह में भाग लेने के लिए बच्चों के माता-पिता भी लाल रंग के ही ड्रेस मे विद्यालय पहुंचे। 'रेड कलर डे' के अवसर पर कक्षाओं को भी लाल रंग की वस्तुओं एवं खिलौने से सजाया गया था। बच्चों को रंगों के मंत्रमुग्ध कर देने वाले दायरे से परिचित करवाने के लिए 'रेड कलर डे' मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर आलोक कुमार, जो केंद्रीय विद्यालय हिनू से सेवा निवृत्त हुए हैं, ने बच्चों को लाल रंग के विषय में बताया। बच्चों एवं बच्चों के माता-पिता से लाल रंग से संबंधित प्रश्न भी पूछे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लोहरदगा**
**(पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा)**

**सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में सुरक्षा संबंधी व्यय मद में लोहरदगा जिला अंतर्गत सुरक्षा प्रक्षेत्र में सी0पी0एम0एफ0, जैप, आई0आर0बी0, सैप एवं अन्य बलों के आवासन स्थल पर प्रकाश की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के जेनरेटरों को भाड़े पर लेने हेतु निविदा संख्या–PR 322701 Lohardaga(23-24)-D में आमंत्रित निविदा को निर्धारित तिथि 22.07.2024 समय 11.00 पूर्वा0 अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त निविदा को खोली जायेगी।

ह0/–
पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा।

PR.NO.329844 Lohardaga(24-25):D

**जिला दण्डाधिकरी-सह-उपायुक्त, चतरा का कार्यालय।**
**(जिला ग्रामीण विकास शाखा)**

–: अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–

माननीय विधायक, श्री किशुन कुमार दास, सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के विधायक निधि के तहत चतरा जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र/छात्राओं के ज्ञानोपार्जन एवं बौद्धिक विकास एवं पुस्तकालय विकास हेतु माननीय विधायक द्वारा अनुशंसित बहुपयोगी पुस्तकों के क्रय/आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों/आपूर्तिकर्त्ताओं/पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक–26.07.2024 के पूर्वाह्न 12:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता द्वारा संबंधित पुस्तकों की सूची एवं 08 (आठ) विद्यालयों की सूची जहाँ अनुशंसित पुस्तकें आपूर्ति की जानी है, किसी भी कार्य दिवस को (कार्यालय अवधि में) उप विकास आयुक्त, चतरा के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय पर प्राप्त मुहरबन्द निविदाएं दिनांक–26.07.2024 को अपराह्न 3:00 बजे गठित जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। जिसमें निविदा दाता अथवा इनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि रह सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदाएँ स्वीकृत नहीं की जायेगी। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशन/पुस्तक विक्रेता संबंधित पुस्तकों की सूची एवं शर्तें जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.329752 Rural Development(24-25):D
उप विकास आयुक्त, चतरा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रीफ न्यूज

### अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में अचानक आई बाढ़ में 35 लोगों की मौत



**जलालाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में बारिश और अचानक आई बाढ़ में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और 250 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने नंगरहार के सूचना और संस्कृति के प्रांतीय निदेशक कुरैशी बडलोन के हवाले से बताया कि सोमवार दोपहर को आई आपदा में जलालाबाद की प्रांतीय राजधानी, सुख रोड जिले और पाकिस्तान की सीमा से लगे प्रांत के इलाके प्रभावित हुए।

### उद्धव ने हिंदुत्व को धोखा दिया वरना सीएम बनते फडणवीस : नारायणगिरि

**मुंबई ।** श्री पंचनाम जुना अखाडा के प्रवक्ता महंत नारायणगिरि ने मंगलवार को कहा कि उद्धव ठाकरे ने ही हिंदुत्व को धोखा दिया, वर्ना देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री बनते। महंत नारायण गिरी ने यह भी कहा कि उद्धव ठाकरे ने बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा को खारिज कर दिया और विपरीत विचारधारा के साथ चले गए। नारायण गिरी ने कहा कि शंकराचार्यजी उद्धव ठाकरे के पास गये। शंकराचार्य कभी भी आम लोगों के पास नहीं जाते, लेकिन उद्योगपतियों की बड़ी शादियां में जाते हैं।

### अनंत-राधिका की शादी में बम की धमकी देने वाला गुजरात से गिरफ्तार

**मुंबई।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में बम की धमकी देने वाले एक 32 वर्षीय इंजीनियर को मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस ने मंगलवार को गुजरात के वडोदरा से गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस की टीम विरल शाह को मुंबई ला रही है। पिछले सप्ताह बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स में स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी राधिका मर्चेंट के साथ हुई। इस मौके पर देश विदेश की जानी मानी हस्तियां उपस्थित थीं।

# बलिदानी बृजेश थापा के पिता बोले, ताबूत को सलाम करूंगा

एजेंसी

**कोलकाता।** आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में बलिदान हुए कैप्टन बृजेश थापा के पिता सेवानिवृत्त कर्नल भुवनेश थापा ने कहा कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है। उन्होंने कहा कि जब उनके बेटे का पार्थिव शरीर पश्चिम बंगाल के उनके गृहनगर दार्जिलिंग पहुंचेगा तो वे उसे एक सैनिक की तरह सलाम करेंगे। कर्नल (से. नि.) थापा ने कहा, जब मुझे बताया गया कि वह अब नहीं रहा, तो मुझे यकीन नहीं हुआ।



- थापा ने कहा, जब मुझे बताया गया कि वह अब नहीं रहा, तो मुझे यकीन नहीं हुआ। वह मार्च में घर आया था और केवल 15 दिन रुका था।

वह मार्च में घर आया था और केवल 15 दिन रुका था। हालांकि मैं दुखी हूं, लेकिन मुझे गर्व है कि उसने मां भारती के लिए अपनी जान दे दी। मुझे उस पर गर्व है। मैं उसे इसी तरह याद करूंगा। कल जब उसका शरीर आएगा तो मैं उसे एक सैनिक की तरह सलाम करूंगा। कैप्टन बृजेश एक सैन्य परिवार से थे। उनके पिता सेना में थे। कर्नल (से.नि.) भुवनेश ने आगे कहा कि उनका बेटा हमेशा भारतीय सेना में शामिल होना चाहता था- वह बचपन में मेरी सेना की वर्दी पहन कर घूमता था। इंजीनियरिंग पूरी करने के बाद भी वह सेना में जाना चाहता था। केवल दुःख की बात यह है कि हम उससे फिर कभी नहीं मिल पाएंगे, वरना, मुझे खुशी है कि उसने अपने देश के लिए बलिदान दिया।


उनकी मां नीलीमा थापा ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके बेटे ने देश के लिए अपनी जान दी। कैप्टन ने रविवार को अपनी मां से कहा था कि उन्हें ऑपरेशन के लिए पहाड़ियों पर जाना है और फिर उनकी मां ने उन्हें खुद का ध्यान रखने को कहा था। यह कैप्टन और उनके परिवार के बीच आखिरी बातचीत थी। मां ने कहा कि वह हमारे पास वापस नहीं आएगा। रात 11 बजे हमें यह खबर मिली। वह बहुत ही शालीन व्यक्ति था। वह हमेशा सेना में शामिल होना चाहता था। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा, यह जानकर दुख हुआ कि दार्जिलिंग के एक युवा सेना अधिकारी बृजेश थापा ने जम्मू-कश्मीर में कर्तव्य की लाइन में अपनी जान दी। मेरी गहरी संवेदनाएं।

# डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार घोषित किये गए

## जेडी वैंन्स को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार भी घोषित किया गया

एजेंसी

**न्यूयार्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रिपब्लिकन पार्टी ने एक बार फिर से राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया है। मिल्बाउकी में हुए रिपब्लिकन पार्टी के अधिवेशन में एक के बाद एक राज्य ने ट्रंप के नाम का समर्थन किया। अधिकांश डेलीगेट्स ट्रंप के नाम की तख्ती लेकर उनके नाम का समर्थन कर रहे थे और पूरा सभागार ट्रंप-ट्रंप से गूंज रहा था। इसके साथ ही पार्टी में ट्रंप के प्रतिद्वंदी ओहियो के सीनेटर और राष्ट्रपति पद के लिए कोशिश कर रहे जेडी वैंन्स को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार भी घोषित किया गया है। डोनाल्ड ट्रंप 2016 में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत दर्ज की थी। वह 20 जनवरी 2017 से 20 जनवरी 2021 तक अमेरिका के राष्ट्रपति रहे थे। अगले चुनाव में वे डेमोक्रेट पार्टी के जो बाइडेन के मुकाबले हार गए थे। हांलाकि तब भी उन्होंने हार स्वीकार नहीं की थी और व्हाइट हाउस खाली करने से पहले वहां जुटे ट्रंप समर्थकों ने हिंसक उपद्रव भी कर दिया था।



**2016** में डोनाल्ड ट्रंप हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत दर्ज की थी। वह 20 जनवरी 2017 से 20 जनवरी 2021 तक अमेरिका के राष्ट्रपति रहे थे।

राष्ट्रपति पद से हटने के बाद पिछले 4 सालों में उनके ऊपर अनेक प्रकार के मुकदमे भी दर्ज हुए, जिसमें सीक्रेट पेपर्स की चोरी से लेकर अवैध संबंधों के चलते एक महिला को पैसे देने का मामला भी चला और सजा भी हुई। इन सबके बावजूद ट्रंप को उम्मीदवारी से रोका न जा सका।

### सेंट्रल फंड के इस्तेमाल में बंगाल का प्रदर्शन सबसे खराब

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ग्रामीण विकास के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत केंद्रीय धन के उपयोग के ताजा आंकड़े राज्य के लिए चिंताजनक हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, धन के उपयोग की समय सीमा समाप्त होने में केवल एक महीना शेष है और अब तक आवंटित धन का केवल 35 प्रतिशत ही उपयोग किया गया है। रिकॉर्ड्स के अनुसार, 15वें वित्त आयोग के तहत पिछली किश्त में लगभग तीन हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जिनमें से अब तक केवल लगभग 1,028 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए हैं। यह धीमी गति धन के उपयोग में अनिश्चितता पैदा कर रही है क्योंकि नियमों के अनुसार, अगली किश्त को तब तक जारी नहीं किया जाता जब तक पिछली किश्त के तहत आवंटित धन का कम से कम 75 प्रतिशत उपयोग नहीं हो जाता।

### अनुसंधान किसानों के खेतों तक पहुंचाएं

## तकनीकी का इस्तेमाल कर कृषि लागत घटाया जाए : शिवराज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अन्न के उत्पादन में तो हमने प्रगति की ही है। साथ ही पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कार्य हुआ है, लेकिन जरूरी है कि अनुसंधान किसानों के खेतों तक पहुंचाए जाएं और तकनीकी का इस्तेमाल कर कृषि लागत को घटाया जाए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को पूसा परिसर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीआर) के 96वें स्थापना एवं प्रौद्योगिकी दिवस समारोह में ये बातें कहीं। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि किसान व खेतों को वैज्ञानिकों से जोड़ देंगे, तो लाभ मिलेगा।

## रक्षा मंत्रालय ने 346 वस्तुओं के आयात पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के मकसद से रक्षा मंत्रालय ने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) के लिए 346 वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) ने मंगलवार को पांचवीं सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) अधिसूचित की है। इससे पहले जारी की गई चार सूचियों में अत्यधिक जटिल प्रणालियां, सेंसर, हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में 12,300 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया गया है।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** फ़ूड इंजीनियरिंग या फ़ूड टेक्नोलॉजी उन इंजीनियरिंग शाखाओं में से हैं, जो भोजन की संरचना, मैन्युफैक्चरिंग, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, टेस्टिंग और मार्केटिंग से संबंधित हैं। भविष्य के लिए यह सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कोर्सेज में से एक है। फ़ूड इंजीनियरिंग कोर्स में प्रोसेसिंग विधियों, प्रिजर्वेशन, फ़ूड प्रिजर्वेशन ऑपरेशन, मशीनरी की किनेमेटिक्स, फ़ूड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, फ़ूडमाइक्रोबायोलॉजी, कटाई और भोजन की कटाई के बाद की हैंडलिंग आदि जैसे विषयों के बारे में पढ़ाया जाता है। इनके अलावा, इसमें फ़ूड एनालिसिस (मसाले, चाय, कॉफी, कोको, नट और फसल) के लिए उपकरण शामिल हैं।

# फ़ूड इंजीनियरिंग देता है रोजगार के अवसर

### फ़ूड इंजीनियरिंग क्यों करें

- फ़ूड टेक्नोलॉजी उन लोगों के लिए एक उभरता हुआ करियर विकल्प है, जो भोजन की तकनीकी में रुचि रखते हैं।
- इस क्षेत्र में सीधे बीटेक कर सकते हैं। डिग्री पूरी करने के बाद उम्मीदवारों को आसानी से नौकरी मिल सकती है।
- बीएससी फ़ूड टेक्नोलॉजी से लेकर डायटेटिक्स और न्यूट्रिशन कोर्स तक, यूजी से पीजी स्तर तक चुनने के लिए ढेर सारे अवसर हैं। यह न केवल डिग्री कोर्स तक सीमित है बल्कि विभिन्न डिप्लोमा और सर्टिफिकेट फ़ूड टेक्नोलॉजी कोर्स भी उपलब्ध हैं।

### कोर्स

- बीटेक फीड टेक्नोलॉजी
- बीएससी इन फूड टेक्नोलॉजी
- बीए इन फूड सिस्टम न्यूट्रीयन एंड हेल्थ
- बीएससी इन ग्लोबल पब्लिक हेल्त
- बीएससी फूड प्रोडक्शन एनवेरोमेंट
- बीएससी इन नियुट्रीशिएन फीट स्टडिज
- बीएससी इन बाइलोजिकल सिस्टमस इंजीनियरिंग
- एमससी फूड टेक्नोसॉजी
- मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ
- एमएस इन फूड साइन सएंड टेक्नोलॉजी



### एमएस इन फूड सेक्यूरिटी

- मास्टर ऑप फूड साइंस
- भारत में टॉप यूनिवर्सिटीज़
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फ़ूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट , दिल्ली
- हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, कानपुर
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फ़ूड टेक्नोलॉजी
- लक्ष्मीनारायण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नागपुर
- जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- गलगोटियास यूनिवर्सिटी, नोएडा
- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़



### विदेश में टॉप यूनिवर्सिटीज़

- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
- कॉर्नेल यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ वॉशिंगटन
- न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी
- द यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग
- यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न
- यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया
- मैकगिल यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनोइस
- ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, डेविस
- बोस्टन यूनिवर्सिटी
- द यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड

## जॉब अलर्ट

**1. राजस्थान हाइ कोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट जज के 95 पदो पर रिक्तियां निकाली है। इच्छुक व योग्य उम्मीदवार आवेदन कर सकते है।**

| पद का नाम | डिस्ट्रिक्ट जज |
|---|---|
| पदों की संख्या | 95 |
| आवेदन मोड | ओनलाईन |
| आवेदन की प्रारंभिक तिथि | 9 जुलाई 2024 |
| आवेदन अंतिम तिथि | 10 जुलाई 2024 |
| योग्यता | डिग्री इन बेचलर ऑफ लॉ |
| आयु सिमा | 21 से 40 वर्ष |
| आवेदन शुल्क | समान्य/ओबीसी 1500, ओबीसी एनसीएल/ एमबीसी/ईडब्ल्यूएस 1250 और एससी व एसटी (केवल राजस्थान के मुल निवासी के लिए) 1000 |
| चुनाव प्रक्रिया | प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू |
| ऑफिसिअल साइट | hcrj.nic.in. |

**नोट : अधिक जानकारी के लिए अधिकारीक वेबसाइट पर जा कर देखे**

**2. बैंक ऑफ महाराष्ट्रा ने मैनेजर पद के लिए आवेदन मांगे है। योग्य उम्मीदवार आवेदन कर सकते है।**

| पद का नाम | मैनेजर |
|---|---|
| पदों की संख्या | 195 |
| आवेदन मोड | ऑनलाइन |
| आवेदन की प्रारंभिक तिथि | 11 जुलाई 2024 |
| आवेदन अंतिम तिथि | 26 जुलाई 2024 |
| योग्यता | मास्टर डिग्री/ बेचलर डिग्री |
| आयु सिमा | 50 वर्ष |
| आवेदन शुल्क | सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी के लिए 1180, एससी एसटी के लिए 118 |
| चुनाव प्रक्रिया | प्रारंभिक परीक्षा, प्रशनल इंटरव्यू और डोक्यूमेंट वेरिफिकेशन। |
| वेबसाइट | bankofmaharastra.in |

पता- जेनरल मेनेजर, बैंक ऑप महाराष्ट्रा, एचआरएम डिपार्टमेंट, हेड ऑफिस लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर पूणे 411005

**नोट : अधिक जानकारी के लिए अधिकारीक वेबसाइट पर जा कर देखे**